हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



धोनी ऐसी बाइक चलाते दिखे जो भारत में ...



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष- 09, अंक- 04, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

## पीएम मोदी की इजराइल यात्रा 25-26 फरवरी को, नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 फरवरी से इजराइल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने इज़राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और इजराइली संसद नेसेट को संबोधित भी करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 12:45 बजे तेल अवीव पहुंचेंगे। आगमन पर दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच संक्षिप्त मुलाकात होगी। पहले दिन प्रधानमंत्री नेसेट को संबोधित करने के अलावा भारतीय मूल के लोगों के साथ एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। रात्रि में वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा आयोजित निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। यात्रा के दूसरे दिन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित याद वाशेम जाकर होलोकॉस्ट स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां नाजी अत्याचारों में मारे गए लाखों यहूदियों की स्मृति संरक्षित है। इसके बाद प्रधानमंत्री इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होगी। वार्ता के बाद नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय और यहूदी समुदाय के सदस्यों के साथ भी संवाद करेंगे। यह यात्रा रणनीतिक, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इज़राइल दौरा होगा और दोनों देशों के बीच 'रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। सरकार के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने 4-6 जुलाई 2017 को इज़रायल की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इज़रायल यात्रा थी, जिसके दौरान द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत किया गया था। इसके बाद इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत का दौरा किया था। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हाल के वर्षों में नियमित संवाद बना रहा है। वर्ष 2023 से 2026 के बीच दोनों नेताओं ने विभिन्न अवसरों पर टेलीफोन वार्ता कर क्षेत्रीय हालात, आतंकवाद, पश्चिम एशिया की स्थिति तथा द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। गत जनवरी में दोनों नेताओं ने नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हुए क्षेत्रीय स्थिति की समीक्षा की। भारत-इजरायल संबंधों में रक्षा और सुरक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। नवंबर 2025 में भारत के रक्षा सचिव की इज़रायल यात्रा के दौरान रक्षा सहयोग पर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे सामरिक सहयोग को नई गति मिली है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सितंबर 2025 में इज़रायल के वित्तमंत्री की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय निवेश समझौता पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसका उद्देश्य निवेश संरक्षण और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत और इज़रायल के बीच स्टार्ट-अप, संयुक्त अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं, भारत-इज़रायल औद्योगिक अनुसंधान एवं नवाचार कोष (आई4एफ), कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है।

## केंद्र ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम्' करने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम्' किए जाने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राज्य का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नए 'सेवा तीर्थ' में मंगलवार को आयोजित मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल जून में राज्य सरकार ने राज्य का नाम 'केरलम्' किए जाने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति इससे जुड़े विधेयक को आगे राज्य विधानसभा को उसका पक्ष जानने के लिए भेजेंगी। विधानसभा से उसका दृष्टिकोण मिलने के बाद इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद संसद में पेश किया जाएगा।

## रांची से दिल्ली जा रही एयर एम्बुलेंस जंगल में क्रैश, आठ की मौत

### जंगल और दुर्गम पहाड़ी के कारण राहत एवं बचाव कार्य में आई भारी कठिनाई

**एजेंसी। चतरा**



झारखंड के चतरा जिले में सोमवार रात रांची से नई दिल्ली जा रही एक एयर एम्बुलेंस जंगली क्षेत्र में क्रैश हो गई। इस हादसे से विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पायलट, को-पायलट, एक मरीज और मेडिकल स्टाफ के सदस्य शामिल हैं। यह विमान रात करीब 10 बजे दिल्ली पहुंचने वाला था, लेकिन उससे पहले ही यह क्रैश हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नागरिक उड्डयन नियामक डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि यह एक मेडिकल इवैक्युएशन यानी एयर एम्बुलेंस फ्लाइट थी, जिसे दिल्ली की निजी कंपनी रेडबर्ड एयरवेज संचालित कर रही थी। डीजीसीए के मुताबिक बीचक्राफ्ट सी90 श्रेणी का यह विमान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से रवाना हुआ था। यह फ्लाइट रांची से नई दिल्ली जा रही थी और अनुमानित लैंडिंग समय रात 10 बजे थी। रिपोर्ट के मुताबिक उड़ान के कुछ समय बाद विमान ने कोलकाता एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क स्थापित किया, लेकिन शाम 7:34 बजे के करीब वाराणसी से करीब 100 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में विमान का संपर्क और रडार सिग्नल टूट गया। इसके बाद विमान से किसी भी तरह का कोई संपर्क नहीं हो सका। बाद में यह विमान झारखंड के चतरा जिले के करमाटांड़ गांव के पास जंगल में दुर्घटनाग्रस्त पाया गया। स्थानीय लोगों ने तेज धमाके जैसी आवाज सुनने और धुएं का गुबार उठते देखा, जिसके बाद प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंची। हालांकि, घने जंगल और दुर्गम पहाड़ी इलाके के कारण राहत एवं बचाव कार्य में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस हादसे की सूचना रात करीब 10 बजे मिली। इसके कुछ ही देर बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक, दो अटेंडेंट, एक पायलट और एक को-पायलट शामिल थे। चतरा पुलिस अधीक्षक ने बता किया यह इलाका बेहद दुर्गम है, इसलिए मौके तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण रहा। दिल्ली से जांच टीम आएगी और ब्लैक बॉक्स को बरामद करने की कोशिश की जाएगी। इस हादसे में कुल सात लोगों की मौत हुई है। हादसे के बाद डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने औपचारिक जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की एक टीम भी दुर्घटनास्थल पर पहुंची। डीजीसीए ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। तकनीकी खराबी, मौसम की स्थिति, मानवीय चूक या किसी अन्य कारण की जांच की जा रही है। ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद जांच में तेजी आने की उम्मीद है। विमान का संपर्क टूटने के बाद रडार डेटा और उसकी अंतिम ज्ञात लोकेशन के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग ने 27 साल बाद आयोजित किया राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन, सीईसी बोले- मतदाता हमारे केंद्र में



**नई दिल्ली**। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन में 27 वर्ष बाद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें चुनाव आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयुक्त एक साथ आ रहे हैं। ज्ञानेश कुमार ने यहां भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राष्ट्रीय हित और संवैधानिक समन्वय को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मिलकर काम करना चाहिए और हर निर्णय में मतदाता को केंद्र में रखना चाहिए। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त डॉ. एसएस संधु और डॉ. विवेक जोशी ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और विचार-विमर्श की रूपरेखा प्रस्तुत की। आयोग ने "लोकतंत्रों का संगम" नामक पुस्तक का लोकार्पण भी किया। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुति दी जाएंगी। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारी मतदाता सूची प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और संस्थागत समन्वय को बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। इन चर्चाओं का मुख्य केंद्र "एक मतदाता सूची" की अवधारणा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न संवैधानिक आदेशों द्वारा शासित अधिकार क्षेत्रों में मतदाता आंकड़ों की एकरूपता सुनिश्चित करना है।

### उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की 78वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि जयललिता एक करिश्माई नेता थीं, जिन्होंने तमिलनाडु के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी। उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और प्रशासनिक दक्षता के साथ उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण, गरीबों के उत्थान और समावेशी विकास के उद्देश्य से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का नेतृत्व किया। तमिलनाडु की प्रगति और समृद्धि में उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि गरीबों के कल्याण और महिला सशक्तीकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने तमिलनाडु के विकास को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि जयललिता ने यह सुनिश्चित किया कि शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि जयललिता (24 फरवरी 1948 से 05 दिसंबर 2016) जिन्हें अम्मा के नाम से भी जाना जाता था, एक भारतीय अभिनेत्री, राजनीतिज्ञ और समाजसेवी थीं। उन्होंने 1991 से 2016 के बीच करीब 14 वर्षों तक छह बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।



## जनसांख्यिकीय परिवर्तन, घुसपैठ और अवैध धार्मिक निर्माण जैसे मुद्दों पर हाईलेवल बैठक करने जा रहे शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 से 27 फरवरी तक बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे है। जिसमें वे विशेष रूप से जनसांख्यिकीय परिवर्तन, घुसपैठ और अवैध धार्मिक निर्माण जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाले है। यह बिहार में इस तरह की पहली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक होगी, जिसमें बिहार के सीमांचल के सात जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा और सुपौल के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक होगी। दरअसल बिहार के ये सभी जिले भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश सीमाओं के निकट स्थित होने के कारण लंबे समय से सुरक्षा और आवाजाही की दृष्टि से संवेदनशील रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शाह की इस हाईलेंवल बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की प्रस्तुतियों के साथ खुफिया आकलन पर चर्चा होगी। मुख्य विषयों में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों, अवैध घुसपैठ की घटनाओं और कथित अनधिकृत धार्मिक निर्माणों की समीक्षा शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने और सुरक्षा कमियों को दूर करने के उपायों पर विशेष जोर देने वाले है। यह पहल सीमांचल क्षेत्र पर केंद्र के बढ़ते ध्यान को दर्शाती है, जहां अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की निकटता और जटिल सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण सुरक्षा और राजनीतिक चर्चाएँ लगातार रहती हैं। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री शाह बिहार में व्यापक सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए भी कई बैठकें करने वाले है।

## दिल्ली में एआई समिट के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़ने की थी साजिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के भारत मंडपम में 16-21 फरवरी तक आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भंग करने की कथित साजिश का खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य अतिथियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों के बीच कुछ आक्रामक तत्वों ने पूर्वनियोजित तरीके से सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें काबू किया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (क्राइम) देवेश श्रीस्तााव ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य अतिथियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों के बीच कुछ आक्रामक तत्वों ने पूर्वनियोजित तरीके से सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें काबू किया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी को चोटें भी आईं। मामले में थाना तिलक मार्ग में एफआईआर संख्या 19/2026 भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 61(2), 121(1), 132, 190, 195(1), 221, 223(A), 196, 197 और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में कई लोगों की संलिप्तता सामने आई। कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर कुछ संदिग्धों की पहचान की गई। जांच एजेंसियों को ऐसे अन्य व्यक्तियों की भी जानकारी मिली है, जिन्होंने कथित तौर पर इन आक्रामक तत्वों को लॉजिस्टिक और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की। पुलिस के अनुसार अब तक कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार व्यक्तियों में भारतीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल हैं। सभी आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई है। इसी क्रम में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को भी मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 191(1) और 192 भी जोड़ी हैं। पुलिस का दावा है कि अब तक की जांच में यह मामला गहन षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया प्रतीत होता है, जिसके पुख्ता साक्ष्य जुटाए गए हैं। स्पेशल सीपी के मुताबिक, मामले की बहु-राज्यीय पृष्ठभूमि, आरोपितों के बीच संभावित वित्तीय एवं लॉजिस्टिक नेटवर्क और व्यापक साजिश के पहलुओं को देखते हुए आगे की जांच अब दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल को सौंप दी गई है। पुलिस अन्य चिन्हित आरोपितों और संदिग्धों की तलाश में दिल्ली समेत अन्य राज्यों में छापेमारी कर रही है।

## उमा भारती की बहू एवं भतीजे को बम से उड़ाने की धमकी

**टीकमगढ़**। भाजपा की फायरब्रांड नेत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री की बहू एवं भतीजे को बम से उड़ाने की खबर सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है। इतना ही नहीं फेसबुक पर मिली इस धमकी के बाद दो अज्ञात लोग उनके बंगले पर पहुंचे और धमकी दी। हालांकि जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की बहू श्रीमती उमिता-राहुल लोधी टीकमगढ़ जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। उन्होंने शिकायत में बताया है कि बीती 21 तारीख को उन्होंने फेसबुक पर कोई पोस्ट की थी। इस पोस्ट पर 22 फरवरी की रात किसी जीडब्ल्यू बृजेंद्र कुशवाहा की आईडी से धमकाने वाला कमेंट आया। इस कमेंट में उन्हें और उनके पति पूर्व मंत्री राहुल लोधी को जान से मारने एवं बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती अमिता-राहुल सिंह ने इस कमेंट के स्क्रीनशॉट को सुरक्षित किया। फिर इसी रात 11 बजे के लगभग देहात थाना अंतर्गत स्थित उनके बंगले पर दो अज्ञात युवक चेहरा ढक्कर पहुंचे। उन्होंने छज्जे से इन दोनों को देखा।

## एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के समुचित एकीकरण से पर्यटन अनुभव बेहतर होगाः उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का समुचित एकीकरण पर्यटन अनुभव को अधिक सुगम, स्मार्ट और आकर्षक बना सकता है। उपराष्ट्रपति मंगलवार को यहां आयोजित पर्यटन नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन यूएस-इंडिया पार्टनरशिप फोरम ने सांकला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र तेजी से डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में एआई, डेटा एनालिटिक्स, वर्चुअल रियलिटी तथा स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी तकनीकों को अपनाना आवश्यक है।

इन तकनीकों के माध्यम से पर्यटकों को व्यक्तिगत सेवाएं, बेहतर मार्गदर्शन, सुरक्षित यात्रा और समृद्ध अनुभव प्रदान किए जा सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घोषित 'टूरिज्म विजन 2029' के तहत प्रत्येक राज्य में कम-से-कम एक विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## 'सेवा तीर्थ' गतिशीलता, निष्ठा और समाधान को बढ़ावा देगा, नये कार्यालय में मंत्रिमंडल की पहली बैठक



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री के नये कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में केंद्रीय मंत्रिमंडल की ऐतिहासिक प्रथम बैठक हुई। पहली बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर 'सेवा तीर्थ' की नई ऊर्जा और 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की तीव्र गति से भारत को निकट भविष्य में विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। इसमें कहा गया, " 'सेवा तीर्थ' उस गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता का उत्तर है, जो जड़ता की जगह गतिशीलता को, उदासीनता की जगह निष्ठा को और संदेह की जगह समाधान को बढ़ावा देता है। पहली बैठक में पारित प्रस्ताव को केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पढ़ा। इसमें कहा गया कि आज़ादी के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक में आधुनिक और सामर्थ्य भारत का सपना देखा गया। अब 'सेवातीर्थ' में संकल्पना को साकार किया जाएगा। प्रस्ताव में स्थान का इतिहास बताते हुए कहा गया है कि 'सेवा तीर्थ' उन अस्थायी बैरकों के स्थान पर बना है, जो ब्रिटिश काल के थे। उस स्थान पर राष्ट्र संचालन के सक्रिय संस्थान का निर्माण नए भारत के कायाकल्प का भी प्रतीक है। इसमें कहा गया कि 'गुलामी के कालखंड से पहले भारत अपनी भौतिक भव्यता और मानवीय मूल्यों के लिए जाना जाता था। सेवातीर्थ की संकल्पना इन दोनों ही आदर्शों से मिलकर बनी है। मूल भावना है कि कर्तव्य, सेवा और समर्पण की त्रिवेणी से यह कार्यस्थल एक तीर्थ की भांति पवित्र हो। इसमें इस संकल्प को दोहराया गया कि 'सेवा तीर्थ' में हो रही इस पहली बैठक के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल का हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवाभाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा।

## कैबिनेट ने गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक अहमदाबाद मेट्रो विस्तार को दी मंजूरी, 1,067 करोड़ रुपये की परियोजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीएमआरसी) के मौजूदा उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर को गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक 3.33 किलोमीटर विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1,067.35 करोड़ रुपये है और इसे लगभग चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि यह पूरा खंड एलिवेटेड (ऊपर से गुजरने वाला) होगा तथा इसमें तीन नए एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। यह विस्तार अहमदाबाद शहर और गिफ्ट सिटी क्षेत्र के बीच सार्वजनिक परिवहन संपर्क को और मजबूत करेगा। प्रस्तावित रूट के आसपास स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवासीय क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन से वर्ष 2029 तक प्रतिदिन लगभग 23,702 यात्रियों के इस कॉरिडोर के उपयोग का अनुमान है, जो वर्ष 2041 तक बढ़कर लगभग 58,059 प्रतिदिन हो सकता है। इससे अहमदाबाद और गिफ्ट क्षेत्र के बीच व्यवसाय, रोजगार तथा शिक्षा से जुड़े आवागमन की आवश्यकता को सुगम और तेज बनाया जा सकेगा। विस्तार से नेटवर्क एकीकरण बेहतर होगा और उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर की समग्र उपयोगिता बढ़ेगी। इससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी, यातायात दबाव घटेगा और पर्यावरणीय लाभ भी प्राप्त होंगे। परियोजना के निर्माण चरण में लगभग 1,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है, जबकि संचालन एवं अनुरक्षण (ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस) चरण में लगभग 250 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, निर्माण, आपूर्ति, सेवाओं तथा सहायक गतिविधियों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी बड़ी संख्या में उत्पन्न होंगे।

## तीन मंजिला मकान में भीषण आग, पांच मासूमों समेत महिला जिंदा जली


**मेरठ**। यूपी के मेरठ जिले से सोमवार रात किदवईनगर इलाके में एक कपड़ा व्यापारी के तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में परिवार की एक महिला और पांच मासूम बच्चों की जलकर मौत हो गई। किदवईनगर निवासी कपड़ा व्यापारी इकबाल अंसारी का तीन मंजिला मकान है। घर के ग्राउंड फ्लोर पर रेडीमेड कपड़ों का बड़ा गोदाम है, जबकि ऊपर की मंजिलों पर परिवार रहता था। सोमवार रात करीब 9 बजे, अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग कपड़ों के गोदाम तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कपड़ों का स्टॉक होने की वजह से लपटें इतनी तेज थीं कि उन्होंने चंद मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ऊपर रह रहे परिवार को नीचे उतरने का मौका तक नहीं मिला और घर धुएं के गुबार में तब्दील हो गया।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन जब टीम अंदर दाखिल हुई, तो वहां का मंजर देखकर दिल भर आया। इस अग्निकांड ने इन 6 लोगों की जान ले ली। जिसमें रुखसार (30) आसिम की पत्नी, अद्दस (3), नबिया (6 माह), इनायत (6 माह) रुखसार के बच्चे, महविश (12) और हम्माद (4) फारूक के बच्चे थे।

## राहुल गांधी भारत को शर्मिंदा करने की साजिश में बेनकाब : गौरव भाटिया

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एआई शिखर सम्मेलन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत को शर्मिंदा करने की साजिश रची, जो अब परत-दर-परत सामने आ रही है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाटिया ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में विरोध-प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई समिट के दौरान, जब पूरी दुनिया की नजर भारत पर थी, उस समय युवा कांग्रेस ने टी-शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत को शर्मिंदा और बदनाम करने के लिए साजिश रची। आज हालात ऐसे हो गए हैं कि वह स्वयं राजनीतिक रूप से बेनकाब हो चुके हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की प्रति दिखाते हैं, लेकिन उन्होंने कभी संविधान पढ़ा नहीं है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 19(2) का उल्लेख करते हुए कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता और नैतिकता के हित में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर युक्तिसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## रौशन सिंह समेत तीन बने कांग्रेस प्रोटोकॉल कमिटी के सदस्य



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश स्तर पर तीन सदस्यीय प्रोटोकॉल कमिटी का गठन किया है। इस कमिटी में वरीष्ठ कांग्रेस नेता रौशन कुमार सिंह, डॉ. शशि रंजन और कुमार दिवाकर सिंह को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि नई प्रोटोकॉल कमिटी पार्टी कार्यक्रमों, बैठकों और वरिष्ठ नेताओं के आगमन-प्रस्थान से जुड़े व्यवस्थाओं को बेहतर और व्यवस्थित तरीके से संचालित करेगी। नव नियुक्त सदस्यों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।

## अगले 3 वर्षों में देश के हर शहर में होगी भारत टैक्सी



**पटना।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की परिकल्पना में भारत टैक्सी किसी निजी कंपनी की तरह अधिकतम लाभ कमाने की दौड़ में शामिल नहीं है। इसके केंद्र में वह व्यक्ति है जो रोज सड़कों पर पसीना बहाता है। भारत टैक्सी की संरचना इस तरह गढ़ी गई है कि 500 रुपये का शेयर लेकर कोई भी सारथी मालिकाना हक का भागीदार बन सके। आने वाले तीन वर्षों में इसे देश के हर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन तक पहुंचाने की रूपरेखा इस बात का संकेत है कि यह केवल एक सेवा नहीं, बल्कि सहकारिता के राष्ट्रीय आंदोलन का विस्तार है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त हुआ है। देश के हर अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने वाले अमित शाह की सोच इस मॉडल के राजस्व ढांचे में भी दिखाई देती है। कमाई का 80 प्रतिशत सीधे सारथियों के खाते में - जितना चले, उतना कमाए। शेष 20 प्रतिशत भविष्य की पूँजी, ताकि व्यवस्था टिकाऊ बने। सहकारिता आंदोलन के रणनीतिक शिल्पी अमित शाह ने संरचना को इस प्रकार गढ़ा है कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में सारथियों के लिए आरक्षित स्थान हों।

## ग्रामीण भारत को विकसित करने में एआई का साथ

» पंचायत बैठक, कृषि, भाषा, शिक्षा समेत सभी प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ रहा एआई का इस्तेमाल

**पटना।** भारत में ग्रामीण विकास और शासन को मजबूत करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से उपयोग हो रहा है। सरकार की #AIforAll रणनीति और हालिया दिशा-निर्देशों के तहत एआई को समावेशी विकास का प्रमुख माध्यम बनाया जा रहा है, खासकर ग्रामीण भारत में। नीति आयोग द्वारा जून 2018 में जारी राष्ट्रीय रणनीति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) को परिवर्तनकारी टूल के रूप में पहचाना गया। बिहार भी एआई के क्षेत्र में अपने कदम मजबूत कर रहा है। हाल के दिनों में दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में राज्य की ओर से कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। यह रणनीति कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के माध्यम से दूरदराज की आबादी तक सेवाएं पहुंचाने पर जोर देगी।ग्रामीण ई-गवर्नेंस में एआई के व्यावहारिक जीवन में इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार कई नए प्लेटफॉर्म और मिशन लॉन्च कर रही है, जो ग्रामीण इलाकों में पारदर्शिता, रोजगार, कृषि, शिक्षा और भाषाई समावेशन को मजबूत कर रहे हैं।

## शिक्षा, रोजगार और निवेश, नीतीश सरकार में समावेशी विकास की नई इबारत लिख रहा बिहार : जदयू

**पटना।** जदयु प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एक स्टील कंपनी ने राज्य में 6,000 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक स्टील प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव बिहार के औद्योगिक भविष्य के लिए अत्यंत सकारात्मक और दूरगामी परिणाम देने वाला कदम है।इस प्रस्ताव को लेकर आयोजित बैठक के दौरान उद्योग मंत्री ने कंपनी को राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीतियों, मजबूत आधारभूत संरचना तथा निवेश-अनुकूल वातावरण की विस्तार से जानकारी दी और आश्वस्त किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को हर स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार राज्य को विनिर्माण हब के रूप में विकसित करने और बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रस्तावित स्टील प्लांट से राज्य में व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर रोजगार मिल सकेगा। साथ ही औद्योगिक उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। इस परियोजना के माध्यम से सहायक एवं लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र और अधिक सशक्त होगा।

## जदयू के प्रखंड,नगर परिषद,सेक्टर अध्यक्षों का संगठनात्मक चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न

**पटना।** जदयू के संगठन को और अधिक मजबूत एवं बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से बिहार प्रदेश में प्रखंड/नगर परिषद/सेक्टर अध्यक्षों के संगठनात्मक चुनाव दिनांक 20 फरवरी से 23 फरवरी के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे बिहार में संगठन चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत से अधिक पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होना कार्यकतार्ओं की एकजुटता एवं संगठन के प्रति समर्पण को दशार्ता है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रखंड/नगर परिषद,सेक्टर अध्यक्षों को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को और मजबूती प्रदान करने का कार्य करेगी। जनता दल यू का यह संगठनात्मक चुनाव पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को नई दिशा और गति मिलेगी।अंत में निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग देने वाले सभी कार्यकतार्ओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## एसटीईटी में ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर 10% प्रावधान लागू, हाईकोर्ट आदेश का करेंगे अवलोकन : मंत्री

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र बीच सदन में बिहार में एसटीईटी परीक्षा में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 5% आरक्षण देने के सवाल पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने स्पष्ट किया कि राज्य में एहर के लिए 10% आरक्षण का प्रावधान पहले से लागू है। मंत्री ने कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में 10% एहर आरक्षण प्रभावी रूप से लागू किया जा चुका है। एसटीईटी के संदर्भ में उठाए गए मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश का अवलोकन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर आरक्षण के प्रावधान में कमी पाई जाती है या अनुपालन में कोई त्रुटि सामने आती है, तो सरकार आवश्यक कार्रवाई करेगी।गौरतलब है कि रएसटीईटीऔर टीईटी में आरक्षण व्यवस्था को लेकर अभ्यर्थियों के बीच लगातार सवाल उठते रहे हैं, जिस पर सरकार ने स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया है।

# केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में व्याप्त रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

नई सोच एक्सप्रेस

» भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी
» कुल 9,072 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से ये परियोजनाएं 2030-31 तक पूरी होंगी

**पटना।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी। इनमें

पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन
गोंडिया – जबलपुर लाइन दोहरीकरण
गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में व्याप्त इन तीन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 5,407 गांवों में संपर्क में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है। बढ़ी हुई रेल लाइन क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार आएगा और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी। रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव से परिचालन सुव्यवस्थित बनाने और यात्री तथा माल भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के भविष्य दृष्टि अनुरूप इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र के व्यापक विकास द्वारा रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ाकर वहां के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत तैयार इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श द्वारा बहु-मार्गीय संपर्क और परिवहन दक्षता बढ़ाना है। इन परियोजनाओं से लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के



कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें जबलपुर के कचनार शिव मंदिर, बालाघाट में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, गंगुलपारा बांध और जलप्रपात, पेंच राष्ट्रीय उद्यान, धुआंधार जलप्रपात, बरगी बांध, गोमजी-सोमजी मंदिर, चंदिल बांध, दलमा हिल टॉप, हेसाकोचा जलप्रपात, रायजामा घाटी, दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य आदि शामिल हैं। ये परियोजनाएं कोयला, इस्पात, लौह अयस्क, सीमेंट, गिट्टी और पत्थर के टुकड़े, फ्लाई ऐश, उर्वरक, चूना पत्थर, मैंगनीज, डोलोमाइट, खाद्यान्न, सार्वजनिक तेल और उत्पाद- पीओएल जैसी वस्तुओं की ढुलाई के लिए आवश्यक मार्ग हैं। इन रेल मार्गों के क्षमता वर्धन से प्रति वर्ष 52 मिलियन टन (एमटीपीए) की अतिरिक्त माल ढुलाई हो सकेगी। पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन माध्यम होने से रेलवे जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की प्रचालन लागत कम करने में सहायक होगा। साथ ही इससे तेल आयात में 6 करोड़ लीटर की कमी आएगी और कार्बन उत्सर्जन लगभग 30 करोड़ किलोग्राम घटेगा, जो एक करोड़ वृक्षारोपण के बराबर है।

# केंद्र-राज्य समन्वय से कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई), कृषोन्नति योजना (केवाई) और मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (एनएमएनएफ) की समीक्षा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में बिहार की ओर से कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव, कृषि निदेशक श्री सौरभ सुमन यादव, उद्यान निदेशक श्री अभिषेक कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान बिहार के कृषि मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के प्रथम मदर सैंक्शन के अंतर्गत विभिन्न घटकों में राशि के इंटरचेंज की अनुमति के लिए 18 फरवरी को केंद्र सरकार को अनुरोध भेजा गया है। अनुमति मिलते ही लगभग 75 प्रतिशत राशि का व्यय सुनिश्चित हो सकेगा, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। उन्होंने कृषोन्नति योजना के तहत नेशनल ऑयलसीड एंड पल्सेस मिशन (एनओएसपीएम), ऑयलसीड कार्यक्रम और कृषि प्रसार कार्यक्रम (आत्मा) के लिए दूसरी किस्त शीघ्र जारी करने का भी अनुरोध किया, ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके। एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत अब तक 77 प्रतिशत राशि खर्च की जा चुकी है तथा दूसरी किस्त के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। वहीं, कृषोन्नति योजना में भी कुल आवंटन का 76 प्रतिशत व्यय हो चुका है, जिसे संतोषजनक बताया गया। श्री यादव ने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से किसानों के हित में चल रही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा और कृषि क्षेत्र में उत्पादन, उत्पादकता तथा किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी केंद्रीय योजनाओं में उपलब्ध राशि का प्राथमिकता के आधार पर व्यय सुनिश्चित करें तथा शेष राशि की विमुक्ति के लिए एक सप्ताह के भीतर केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजें।

# घर वापसी: जन सुराज छोड़ शंकर स्वरूप राम ने थामा कांग्रेस का हाथ, सदाकत आश्रम में सदस्यता ग्रहण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय ,सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के समक्ष जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता शंकर स्वरूप राम अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए इसे कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास की घर वापसी बताया। ज्ञातव्य है कि शंकर स्वरूप राम, कांग्रेस के पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप राम के पुत्र हैं और पिछले विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी से मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार रहे थे। वे गया जिले से आते हैं और लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि शंकर स्वरूप राम के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा तथा उनके अनुभव का लाभ संगठन और जनता को मिलेगा। वहीं कांग्रेस में शामिल होते हुए शंकर स्वरूप राम ने कहा मैं हमेशा से कांग्रेसी रहा हूं। हमारी सोच और विचारधारा कांग्रेस पार्टी जैसी है और आगे भी भविष्य में कांग्रेस पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, पूर्व विधायक ऋषि मिश्रा, असित नाथ तिवारी, मिन्नत रहमानी, विवेक भटनागर सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कैशलैस मेडिकल व्यवस्था को लागू करने के लिए विभाग गंभीरता से काम कर रहा : मंगल

नई सोच एक्सप्रेस

» कैशलैस मेडिकल सुविधा पर सदन में घिर गई सरकार, सत्ता-विपक्ष हुआ एकजुट

**पटना।** बिहार विधान परिषद में मंगलवार को विधायकों, एमएलसी और राज्यकर्मियों को कैशलैस मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पर जोरदार बहस देखने को मिली। सत्ता पक्ष और विपक्ष—दोनों ने एक सुर में सरकार से सवाल पूछे और योजना में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। एमएलसी सैय्यद फैसल अली ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्यकर्मियों और जनप्रतिनिधियों के लिए कैशलैस इलाज की घोषणा पहले भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी नवल किशोर यादव ने कहा कि पिछले साल भी कैशलैस व्यवस्था लागू करने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कौन है जो मंत्री की बात भी नहीं मानता, और एक साल बीतने के बाद भी योजना जमीन पर क्यों नहीं उतरी। उन्होंने वित्त विभाग पर भी अड़चन खड़ी करने का आरोप लगाया।जनता दल (यूनाइटेड) के एमएलसी खालिद अनवर ने सदन में व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मां का इलाज कराया था, जिसमें करीब 3 लाख रुपये का बिल आया, लेकिन उन्हें सिर्फ 2 लाख रुपये की ही प्रतिपूर्ति मिली। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में आम लोगों और जनप्रतिनिधियों—दोनों को परेशानी हो रही है।एक अन्य सदस्य राज्यवर्धन सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री से सीधा सवाल करते हुए कहा कि आखिर मंत्री जी को क्या दिक्कत है, और योजना लागू करने में कहां परेशानी आ रही है, यह सदन को साफ-साफ बताया जाना चाहिए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जवाब देते हुए कहा कि यह पूरा मामला वित्त विभाग से जुड़ा हुआ है। बिना बजट और फंड की व्यवस्था किए किसी भी योजना को शुरू करना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया के कारण भी इसमें देरी हुई है। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि कैशलैस मेडिकल व्यवस्था को लागू करने के लिए विभाग गंभीरता से काम कर रहा है।बहस के दौरान सभापति अवधेश नारायण सिंह ने महत्वपूर्ण सवाल उठाते हुए कहा कि अगर इलाज में खर्च की गई राशि का भुगतान देर से होता है, तो क्या सरकार उस पर ब्याज देगी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि फिलहाल ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। चर्चा में एमएलसी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में कैशलैस मेडिकल सुविधा पहले से लागू है, ऐसे में बिहार में इसे लागू करने में देरी समझ से परे है।

# पटना में चौकीदार-दफादारों पर लाठीचार्ज निंदनीय : चिराग पासवान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पटना में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे चौकीदार-दफादार कर्मियों पर हुए लाठीचार्ज की घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि गांवों की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले इन कर्मियों की आवाज़ को बल प्रयोग से दबाना किसी भी संवेदनशील व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। चिराग पासवान ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जारी बयान में कहा कि यह घटना गंभीर और चिंताजनक है। चौकीदार-दफादार साथियों की समस्याओं और उनके साथ हुए व्यवहार को लेकर पार्टी ने निर्णय लिया है कि सांसद अरुण भारती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल एक विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें उनकी उचित मांगों के समाधान, सेवा संबंधी समस्याओं के स्थायी निराकरण तथा दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग शामिल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर चौकीदार-दफादार कर्मियों की आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करेंगे तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे। पासवान ने कहा कि सुधार के नाम पर वर्षों से सेवा दे रहे परिवारों की आजीविका और गरिमा से समझौता स्वीकार्य नहीं है। गांवों की सुरक्षा करने वालों का सम्मान और उनका भविष्य सुरक्षित रखना समाज और सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# जनगणना 2027: राज्य के तीन लाख कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे 140 मास्टर ट्रेनर

नई सोच एक्सप्रेस




» पटना में पहले बैच का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ
» पहले चरण में मकान सूचीकरण, 33 बिंदुओं पर होगा सर्वे
» पूरी प्रक्रिया डिजिटल और सेन्सस मैनेजमेंट मॉनिटरिंग सिस्टम से होगी मॉनिटरिंग

**पटना।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और घर-घर सर्वेक्षण के लिए मास्टर ट्रेनरों के पहले बैच का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मंगलवार को शस्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभ हो गया। जनगणना कार्य निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 48 मास्टर ट्रेनर भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के निदेशक एम रामचंद्रुडू ने कहा कि जनगणना 2027 देश का एक विशाल राष्ट्रीय अभियान है, जिसमें पूरे देश में 32 लाख से अधिक लोग कार्य करेंगे। बिहार में यह संख्या तीन लाख से ऊपर होगी। इन सभी कर्मियों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी राज्य के 140 मास्टर ट्रेनरों पर है। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर इस प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यदि वे विषयवस्तु को सही ढंग से नहीं समझेंगे तो इसका प्रभाव पूरे जिले पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर तैयार मॉड्यूल के आधार पर संचालित किया जा रहा है, ताकि पहले चरण के मकान सूचीकरण से जुड़ी हर विधा में प्रतिभागियों को दक्ष बनाया जा सके। दूसरा चरण, जो फरवरी 2027 में प्रस्तावित है, के लिए अलग से प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। निदेशक ने बताया कि मकान सूचीकरण और घर घर सर्वेक्षण के दौरान 33 बिंदुओं पर जानकारी संकलित की जाएगी। आमजन को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकें। इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग CMMS के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने इसे देशहित का कार्य बताते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से प्रशिक्षण लेने और आगे जिलों में प्रभावी प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव श्री आजीव वत्सराज के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत गंभीर और महत्वपूर्ण है तथा सभी मास्टर ट्रेनरों को इसे छात्र की तरह ग्रहण करना चाहिए। किसी भी प्रकार की शंका को तत्काल पूछकर स्पष्ट कर लेना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल मोड में होगी और कंपाइल शीट बनाने की आवश्यकता नहीं होगी। सभी जानकारियां ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएंगी, जो फिलहाल डेवलपिंग स्टेज में है और समय-समय पर इसकी जानकारी साझा की जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्य की सफलता के लिए आत्मविश्वास और सरल संवाद शैली आवश्यक है। आमलोगों तक पहुंच बनाने के लिए भाषा सहज और स्पष्ट होनी चाहिए। सभी जिलाधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है, लेकिन जिले में जनगणना से जुड़े सभी कर्मियों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी मास्टर ट्रेनरों की ही होगी। समयबद्ध रिपोर्टिंग को भी उन्होंने कार्य का अहम हिस्सा बताया। इसके उपरांत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। जनगणना कार्य निदेशालय के उप निदेशक श्री संजीव कुमार साव, अरुण मुंडा, निरंजन कुमार तथा सहायक निदेशक अंगद सिंह ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सहायक निदेशक सुधांशु शेखर, अमरेंद्र कुमार, सुमित कुमार आनंद, सुधीर कुमार ओंकारा, सुजाता प्रत्यूष सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ है। यह देश की विकास नीतियों, संसाधनों के न्यायसंगत वितरण और भविष्य की योजनाओं के वैज्ञानिक निर्धारण का मूल आधार बनती है। बिहार में लगभग तीन लाख कर्मियों की भागीदारी और 140 मास्टर ट्रेनरों की जिम्मेदारी इस अभियान के व्यापक स्वरूप को दर्शाती है। डिजिटल मोड में मकान सूचीकरण और 33 बिंदुओं पर विस्तृत सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता सुनिश्चित करेगी। सेन्सस मैनेजमेंट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएमएस) के माध्यम से निगरानी व्यवस्था इसे और अधिक प्रभावी बनाएगी। मैं सभी मास्टर ट्रेनरों और जनगणना से जुड़े कर्मियों से आह्वान करता हूं कि वे इसे राष्ट्रीय कर्तव्य और जनसेवा का अवसर मानते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बिहार इस राष्ट्रीय अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के सामने एक आदर्श स्थापित करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निकायों में कॉमर्शियल टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव जन विरोधी : भाकपा

**पटना।**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पटना नगर निगम सहित राज्य के सभी नगर निकायों में प्रस्तावित कॉमर्शियल टैक्स में वृद्धि को जन विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी नगर निकायों को दो से चार गुणा कॉमर्शियल टैक्स में वृद्धि का फरमान जारी किया है। इस बढ़ोतरी से पटना नगर निगम सहित राज्य के सभी नगर निकायों में रहने वाले सभी लोगों के लिए आर्थिक मार होगा। सत्ता में वापसी के बाद लगातार राज्य सरकार जन विरोधी फैसला ले रही है। पहले जहां बुल्डोजर चलाकर गरीबों को उजाड़ा गया तो अब टैक्स बढ़ाकर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। बिहार सरकार का प्रस्ताव नगर निगम की स्वायता पर हमला है। आमजन पर हो रहे इस आर्थिक हमले को भाकपा बर्दाश्त नहीं करेगी। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार सरकार का खजाना खाली है। सरकार अपना खजाना भरने के लिए जनता पर तरह तरह का टैक्स लगा रही है। बिहार की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। शहरी निकायों में नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है। इसके वाबजूद सरकार गरीब जनता पर टैक्स लगा रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रस्तावित टैक्स बढ़ोतरी का विरोध करती है और इस जन वोरोधी प्रस्ताव के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान करती है।

### होली के पहले मिलेगा बड़ा तोहफा : बिजेन्द्र

**पटना।** बिहार का खजाना खाली खोने के राजद केआरोपों के बीच मंगलवार को बिहार विधान परिषद में वित्त मंत्री विजेंद्र यादव ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने बजट पर आयोजित वाद-विवाद का जवाब देते हुए राजद के सदस्यों को आड़े हाथों लिया। राज्य में वित्तीय स्थिति पूरी तरह से सही होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि राजद के लोगों द्वारा भ्रामक बातें की जा रही हैं। इस दौरान विजेंद्र यादव के वक्तव्य के बीच में टोकाटोकी करने वाले विपक्षी सदस्यों को भी उन्होंने खूब लताड़ा। यहां तक कि विजेंद्र यादव और राजद के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी के बीच विनोदपूर्ण माहौल में नोकझोंक भी देखने को मिली। जब वीरेंद्र यादव अपनी बात रख रहे थे तब सिद्दीकी ने उन्हें टोका कि आप भी तो राजद से जुड़े रहे हैं। इस पर विजेंद्र यादव ने कहा कि वे कभी भी राजद से जुड़े नहीं रहे हैं। यहां तक कि 1990 के विधान सभा चुनाव में वे जनता दल के टिकट पर जीते थे। विजेंद्र यादव ने यह भी कहा कि आप (सिद्दीकी) तब चुनाव हार गए थे। समझदारी को लेकर उठाये गए सिद्दीकी के सवाल पर तंज कसते हुए विजेंद्र ने कहा कि आप में अगर होती तो आप आज राजद में नहीं रहते। इसी बीच राज्य के सरकारी कर्मचरियों के लिए एक बड़ी घोषणा भी वित्त मंत्री ने की। उन्होंने कहा कि राजद के लोग कहते हैं कि बिहार का खजाना खाली है। लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है। हमारी माली हालात पूरी तरह स्थिर है। किसी को भ्रम फैलाने की जरूरत नहीं है। विजेंद्र यादव ने ऐलान किया कि इस बार राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को होली के पहले ही फरवरी महीने का वेतन मिल जाएगा। साथ ही उन्होंने तंज कसा कि हम कोशिश करेंगे कि होली के पहले विपक्ष के सदस्यों का वेतन नहीं मिले। इस पर सदन में विनोदपूर्ण माहौल देखने को मिला।

### बिहार विधान परिषद में गरमाई कार्यवाही, पेंशन, अपराध और स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

**पटना।** बिहार विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होते ही मंगलवार को विभिन्न मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने सरकार को घेरा। पेंशन, कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सवालों पर सदन में तीखी बहस देखने को मिली। कार्यवाही के आरंभ में भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी नवल किशोर खड़े हुए और सूचना के तहत डिग्री कॉलेज के कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि सभी पेंशनधारियों को होली से पहले पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।इसके बाद राष्ट्रीय जनता दल के एमएलसी सुनील सिंह ने सुपौल में हुए गैंगरेप के मामले को सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से इस मामले में तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं अब्दुल बारी सिद्दीकी ने टीवी (क्षय रोग) मरीजों को पौष्टिक आहार नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में डेढ़ लाख से अधिक टीवी मरीज हैं, लेकिन केवल 4440 मरीजों को ही फूड बास्केट दिया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि 2025 में 2,14,858 टीवी मरीज पंजीकृत हुए थे। उन्होंने कहा कि सभी टीवी मरीजों को उपचार अवधि के दौरान 6 माह तक फूड बास्केट दिया जाता है। साथ ही 2024 से सभी टीवी मरीजों को ?1000 प्रति माह की सहायता राशि सीधे खाते में जमा की जा रही है।इसी क्रम में एमएलसी अशोक कुमार ने नवादा जिले के रजौली में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध नहीं होने का मामला उठाया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि सूचना मिलते ही वहां अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कर दी गई है।

### लालू-राबड़ी शासनकाल में अराजकता, नीतीश सरकार में कानून का राज : राजीव

**पटना।**जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार एवं भ्रम फैलाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी शासनकाल में राज्य की पहचान अपराध, अपहरण और अराजकता के कारण राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक रूप में होती थी, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज का बिहार कानून के राज और सुशासन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान फिरौती के लिए अपहरण, डकैती और संगठित अपराध आम बात थी। व्यवसायी, चिकित्सक और आम नागरिक भय के वातावरण में जीवन यापन करते थे। प्रशासनिक तंत्र कमजोर था और अपराधियों के मन में कानून का डर नहीं था। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सख्त नीतियों, त्वरित अनुसंधान, वैज्ञानिक जांच प्रणाली और पुलिस-प्रशासन के बेहतर समन्वय के कारण अपराध के ग्राफ में निरंतर गिरावट दर्ज की गई है। अपराधियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को भी तथ्यहीन बताया कि घटनाओं के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त शिकायतों की विधिवत जांच के बाद 96.16 प्रतिशत मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है, जो सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही को दशार्ता है। विभिन्न अपराध श्रेणियों में आज बिहार की स्थिति देश के कई राज्यों से बेहतर है। फिरौती के लिए अपहरण, डकैती, यौन उत्पीड़न, बलात्कार, पॉक्सो और अन्य गंभीर अपराधों में राज्य की रैंकिंग यह साबित करती है कि कानून-व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। हत्या के मामलों में भी राज्य की स्थिति पहले की तुलना में अधिक नियंत्रित है।

### टी.पी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ का गठन

**पटना।**टी.पी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ की आम सभा हुई जिसमें सर्वसम्मति से संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें डॉ. विजय कुमार सिन्हा-अध्यक्ष, डॉ.दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, डॉ. विनय भूषण कुमार-सचिव और डॉ. सुशोभन पलाधि को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस आम सभा की अध्यक्षता वरीय शिक्षिका प्रो. रूपम ने की । धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज्योत्सना कुमारी ने किया । महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. मुकुन्द कुमार ने दी।

# विश्व युवक केंद्र के आह्वान में जुटे देश भर के एनजीओ प्रतिनिधि

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**विश्व युवक केंद्र दिल्ली की ओर से आह्वान तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया । दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के लगभग तीन सौ अधिक एनजीओ के प्रतिनिधियों एवं साथ प्रमुख कम्पनियों के सीएसआर हेड उपस्थित रहे । कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ भास्कर चटर्जी अवकाश प्राप्त आईएस एवं डॉ राजेश टण्डन ने दीप प्रज्वलित कर किया । सवगत भाषण विश्व युवक केंद्र के प्रोग्राम ऑफिसर मंजू नाथ ने किया । विषय प्रवेश मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयशंकर सिंह ने किया । डॉ भाष्कर ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत देश के कम्पनियों ने सामाजिक सरोकारों के मुद्दे पर स्थानीय एनजीओ के साथ काम करने को तैयार है ।आह्वान तृतीय



संस्करण का ऊर्जावान शुभारंभः एनजीओ–सीएसआर साझेदारी को नई दिशा नई दिल्ली। अटूट ऊर्जा और दूरदर्शी सोच के साथ आह्वान तृतीय संस्करण का सफल शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में देश के प्रतिष्ठित नीति-निर्माताओं, कॉरपोरेट जगत के प्रतिनिधियों और सिविल सोसायटी संगठनों ने सहभागिता कर भारत में एनजीओ सीएसआर सहयोग के भविष्य पर सार्थक विमर्श किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश टंडन, संस्थापक अध्यक्ष प्रिया एवं यूनेस्को के सह-अध्यक्ष ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, "हमें असंभव को संभव बनाना होगा।" उन्होंने वित्तीय पूंजी और सामाजिक पूंजी के प्रभावी समन्वय, जमीनी स्तर पर प्रभाव मूल्यांकन की सुदृढ़ व्यवस्था तथा क्षेत्रीय संवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।मुख्य वक्ता डॉ. भास्कर चटर्जी, पूर्व महानिदेशक एवं सीईओ, आई आई सीए ,आईएएस सेवानिवृत्त ने कहा कि एनजीओ–सीएसआर सहयोग, जिसे कभी "ऑयल एंड वाटर" के रूप में देखा जाता था, आज 36,000 करोड़ के सशक्त क्षेत्र में परिवर्तित हो चुका है और शीघ्र ही 1,00,000 करोड़ वार्षिक स्तर की ओर अग्रसर है। उन्होंने सीएसआर के अगले चरण में गहरी जवाबदेही और मापनीय परिणामों पर बल दिया। उदय शंकर सिंह, सीईओ विश्व युवक केंद्र ने कहा, "आह्वान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने जमीनी वास्तविकताओं और कॉरपोरेट बोर्डरूम के बीच सेतु निर्माण तथा विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की दिशा में प्रतिबद्ध साझेदारी का आह्वान किया। नीरज कुमार लाल) ने किया। अमोड के. कंठ ने स्वयंसेवी क्षेत्र की भूमिका पर बल दिया। डॉ. बिनीता वर्दिया ने स्वास्थ्य क्षेत्र में साझेदारी के प्रभाव को साझा किया। जयदीप बिस्वास ने डेटा-आधारित मूल्यांकन और समावेशन पर जोर दिया। डॉ. सुजीत रंजन ने मजबूत गवर्नेंस और परिणाम-आधारित प्रभाव मापन को आवश्यक बताया। डॉ. के.के. उपाध्याय) ने की। अशोक कुमार गुप्ता ने जीवन-कौशल और उद्योग-संरेखित प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई। चेतन कपूर ने युवाओं में लचीलापन और संवाद-कौशल पर बल दिया। अरुण उपाध्याय ने पोस्ट-स्किलिंग समर्थन की आवश्यकता रेखांकित की।संदीप कुमार कटना ने रोजगार परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही।मैथ्यू जोसेफ ने दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को सफलता की कुंजी बताया। मैथ्यू चेरियन ने एसडीजी और कॉरपोरे प्राथमिकताओं के साथ संरेखण की आवश्यकता बताई। ममता सैकिया ने स्केलेबिलिटी पर बल दिया। डॉ. नयन चक्रवर्ती ने रणनीतिक साझेदारी की जरूरत बताई। चंदन वर्मा ने जमीनी क्रियान्वयन में सेतु की भूमिका स्पष्ट की। जगदानंद ने संतुलित और उत्तरदायी साझेदारी को सतत प्रभाव की कुंजी बताया। प्रवीण कर्ण ने आजीविका को गरिमा और स्थिरता से जोड़ा। हर्ष जेटली ने हरित तकनीकों की भूमिका बताई। के.पी. राजेन्द्रन ने ग्रामीण आय विविधीकरण पर जोर दिया। सारिका दीक्षित ने राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क की जानकारी दी। राजेश सिंह ने ग्रामीण स्वास्थ्य आजीविका की संभावनाओं को रेखांकित किया।कार्यक्रम का समापन इस सहमति के साथ हुआ कि सतत और समावेशी विकास के लिए सरकार, कॉरपोरेट, सिविल सोसायटी और समुदायों के बीच पारदर्शी, मजबूत और उत्तरदायी साझेदारी अनिवार्य है।आह्वान तृतीय संस्करण केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि मापनीय सामाजिक परिवर्तन और विकसित भारत 2047 की दिशा में एक सशक्त पहल है। दूसरे दिन की कार्यवाही में एनजीओ–सीएसआर साझेदारी को और सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा जारी रहेगी। बिहार के प्रतिष्ठित युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि आह्वान कार्यक्रम वहुत ही उपयोगी है ।

## पटना वीमेंस कॉलेज महिला सशक्तिकरण का आकाशदीप : राज्यपाल

नई सोच एक्सप्रेस





**पटना।**देश के प्राचीन प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक पटना वीमेंस कॉलेज ने अपना 86वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। नवनिर्मित भव्य ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि पटना वीमेंस कॉलेज महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक "आकाशदीप" है और उच्च शिक्षा में्ड। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शोध, कौशल विकास और तकनीक आधारित शिक्षण अपनाने के लिए कॉलेज की सराहना की। साथ ही छात्राओं को स्वाध्याय, निरंतर ज्ञानार्जन और विवेकपूर्ण निर्णय क्षमता विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पटना विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नमिता सिंह तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्राओं ने ईश वंदना और स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सिस्टर एम. रश्मि ए.सी. ने स्वागत भाषण में कहा कि संस्थान 86 वर्षों से कौशल आधारित शिक्षा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ उच्च शिक्षा में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। उन्होंने कॉलेज की उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने कहा कि कॉलेज महिला सशक्तिकरण, शोध और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी है तथा नैक से 'A++' ग्रेड प्राप्त कर चुका है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी महिला शिक्षा में संस्थान के योगदान की सराहना करते हुए बिहार की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रबंधन को बधाई दी। समारोह में संबलपुरी लोकनृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। मंच संचालन छात्राओं द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अब बच्चों के हाथ में नहीं दिखेगा मोबाइल, बिहार सरकार लाने जा रही है सख्त कानून

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार में बच्चों और किशोरों के बीच बढ़ती मोबाइल की लत को लेकर नीतीश सरकार अब 'एक्शन मोड' में है। विधानसभा में उठी गंभीर चर्चा के बीच सरकार ने इसे एक 'अदृश्य महामारी' माना है और अब बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने के लिए एक सख्त पॉलिसी तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत न केवल स्कूलों में मोबाइल पर पाबंदी की चर्चा है, बल्कि घरों में भी बच्चों को डिजिटल लत से बचाने के लिए बेंगलुरु के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह के अनुसार, सरकार जल्द ही ऐसी गाइडलाइंस जारी करेगी जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को मोबाइल के चंगुल से बचाने में मील का पत्थर साबित होंगी। पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा से जदयू विधायक समृद्ध वर्मा ने सदन में यह मामला उठाया। उन्होंने सरकार से तय आयु वर्ग के लिए स्क्रीन टाइम की सीमा निर्धारित करने की मांग



की। राज्य की आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बच्चों में बढ़ता स्क्रीन टाइम बेहद गंभीर चिंता का विषय है। भारत सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बिहार भी बहुविभागीय दृष्टिकोण अपनाएगा। सरकार ने बताया कि बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान से विशेषज्ञ सलाह मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद सभी संबंधित विभाग मिलकर मानक और गाइडलाइन तैयार करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस विषय पर व्यापक और ठोस नीति बनाने की दिशा में काम कर रही है। समृद्ध वर्मा ने बच्चों में स्क्रीन एडिक्शन को "अदृश्य महामारी" बताते हुए कहा कि मोबाइल पर रील्स देखने

» राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान से मांगी गई विशेषज्ञ सलाह

से डोपामाइन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे बच्चों की एकाग्रता कमजोर होती है और वास्तविक जीवन नीरस लगने लगता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार करोड़ों बच्चों को एआई जैसी नई तकनीक सिखाने की योजना बना रही है, तो डिजिटल लत से बचाव के लिए सुरक्षा तंत्र भी जरूरी है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट घोषित करने की मांग भी की। विधायक ने सुझाव दिया कि स्कूल पाठ्यक्रम में 'डिजिटल हाइजीन' को शामिल किया जाए। साथ ही जिला स्तर पर एडिक्शन क्लीनिक खोले जाएं और जीविका दीदियों के माध्यम से गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अभिभावकों और बच्चों दोनों को डिजिटल संतुलन के प्रति जागरूक किया जा सके।

## फुट ओवर ब्रिज, फुटपाथ, जेब्रा क्रॉसिंग सहित अन्य सड़क सुरक्षा बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में फुट ओवर ब्रिज, फुटपाथ, जेब्रा क्रॉसिंग सहित अन्य सड़क सुरक्षा बिन्दुओं से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव ने फुटपाथ के निर्माण, जेब्रा क्रॉसिंग का पेंटिंग कार्य, फुट ओवर ब्रिज का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कई बिन्दुओं पर चर्चा की एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया। बैठक में विभाग के वरीय पदाधिकारी, अभियंतागण उपस्थित रहे एवं क्षेत्र से कार्यपालक अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से शामिल हुए। राज्य के विभिन्न जिलों में जेब्रा क्रॉसिंग हेतु 3040 निर्मित स्थल है। इसके अलावा



जेब्रा क्रॉसिंग हेतु 342 प्रस्तावित स्थल है। सचिव श्री पंकज कुमार पाल ने अभियंताओं को निदेशित किया कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में निर्मित जेब्रा क्रॉसिंग का पेंटिंग कार्य की संख्या एवं नये प्रस्तावित स्थलों पर जेब्रा क्रॉसिंग का अधिष्ठापन की संख्या से जिला पदाधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि शहरों एवं कस्बों से गुजरने वाली सड़कों पर फुटपाथ के निर्माण हेतु स्थल का चयन कर रिपोर्ट दें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। सचिव ने कहा कि नये प्रस्तावित स्थलों पर जेब्रा क्रॉसिंग का कार्य जल्द प्रारंभ करें। 37 चयनित स्थलों पर प्रस्तावित फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए भी आवश्यक निदेश दिया गया। उन्होंने निदेशित किया कि 37 प्रस्तावित फुट ओवर ब्रिज का चयनित स्थल पर संबंधित जिला पदाधिकारी से सहमति जल्द प्राप्त किया जाय। यह बैठक बिहार में पैदल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन मिले। पथ निर्माण विभाग इन निर्देशों को लागू करने के लिए तेजी से काम कर रहा है, जो राज्य की सड़क सुरक्षा नीति का हिस्सा है।

## दानापुर व्यवहार न्यायालय में नए चेंबर का विधिवत उद्घाटन



नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।**व्यवहार न्यायालय में वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव का नए चेंबर का विधिवत उद्घाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा एवं महासचिव अनिल कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इसके पूर्व विधिवत पूजा पाठ एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान शिवकुमार यादव ने बताया कि यह नया चेंबर कानूनी कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने और बेहतर कानूनी सेवाएं प्रदान करने में सहायता करेगा। उद्घाटन समारोह में वकीलों ने इसे कार्यक्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव बताया है। इस मौके पर नबाब लाल यादव, प्रफुल्ल रंजन, योगेश्वर नारायण, सहकर्मी अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य की सभी चीनी मिलों में टिशू कल्चर प्रयोगशाला और मिट्टी जांच केंद्र की होगी स्थापना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**राज्य में कार्यरत सभी चीनी मिलों में टिशू कल्चर प्रयोगशाला, मिट्टी जांच केंद्र और बॉयो कंट्रोल प्रयोगशाला की स्थापना कराई जाएगी। इसको लेकर गन्ना उद्योग विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। इसके लिए विभाग ने सभी कार्यरत चीनी मिलों से शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग के अनुसार बिहार में गन्ना के नाभिकीय बीज, प्रजनन बीज और आधार बीज का विस्तार करने के साथ ही गन्ना का उत्पादन बेहतर करने के उद्देश्य से सभी कार्यरत चीनी मिलों में टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना कराने का निर्णय लिया गया है ताकि इस लैब से उन्नत किस्म के पौधों का उत्पादन हो सके। इसी प्रकार खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए मिट्टी जांच केंद्र की स्थापना की जाएगी। ताकि गन्ना किसानों को खेत में उर्वरक का उपयोग करने के साथ ही फसल चक्र योजना बनाने



में मदद मिल सके। बताया जाता है कि ईख आयुक्त ने बगहा, बेतिया, मोतिहारी, गोपालगंज, समस्तीपुर, सीतामढ़ी और सीवान जिले के सहायक निदेशकों को निर्देश दिया है कि कार्यरत चीनी मिलों के महाप्रबंधकों से संपर्क कर टिशू कल्चर प्रयोगशाला, मिट्टी जांच केंद्र और बॉयो कंट्रोल प्रयोगशाला की स्थापना के लिए शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। इसके लिए विभाग ने तिथि भी निर्धारित किया है। ताकि

» गन्ना उद्योग विभाग ने शुरू की कार्रवाई
» कार्यरत चीनी मिलों से विभाग ने प्रस्ताव भेजने का दिया निर्देश

इस योजना को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके।

## पीएमसीएच में बच्चा चोरी की कोशिश करते हुए महिला पकड़ी गई

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**शहर के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच में बच्चा चुराने की कोशिश करते हुए एक महिला को पकड़े जाने की घटना सामने आई है। सूत्रों के अनुसार पीएमसीएच के गायनी विभाग आरोपी महिला संदिग्ध अवस्था में घूम रही थी। मौका देखकर उसने एक नवजात बच्चे को उठाने का प्रयास किया। बच्चे के परिजनों को महिला की हरकतों पर शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। वहां मौजूद अन्य तीमारदारों और सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और महिला को घेरे में ले लिया और पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही पीरबहोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस अब महिला से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया



जा सके कि वह किसी संगठित बच्चा चोर गिरोह की सदस्य है या नहीं। अस्पताल प्रशासन और पुलिस अब उस समय के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है ताकि महिला की पिछली गतिविधियों और उसके साथ आए संभावित सहयोगियों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद पीएमसीएच की सुरक्षा व्यवस्था

» पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर जांच शुरू की

पर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि वार्डों के बाहर सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद बाहरी लोग आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 को होलिका दहन, 3 को चन्द्र ग्रहण, 4 को होली :- आचार्य अभिषेक

**मोतिहारी।** सनातन धर्म में होली जितनी विशेष है, उतना ही विशेष होलिका दहन का पर्व भी माना जाता है । यह पर्व भक्त प्रह्लाद की रक्षा और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है । उक्त बातें चकिया प्रखंड स्थित महर्षि गौतम ज्योतिष परामर्श एवं अनुसंधान केन्द्र चम्पारण काशी द्वारा सञ्चालित वैदिक गुरुकुलम के संस्थापक आचार्य अभिषेक कुमार दूबे, आचार्य आशुतोष कुमार द्विवेदी, आचार्य रोहन पाण्डेय, आचार्य रितिक भारद्वाज ने संयुक्त रूप से बताया । श्री दूबे ने कहां वाराणसी , ह्रषिकेश, महावीर आदि पंचांग के अनुसार, इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंगों वाली होली मनाई जाएगी । इस वर्ष होलिका दहन का दिन ज्योतिष के नजरिए से भी खास रहने वाला है । जिसका असर कुछ राशियों पर सकारात्मक रूप से देखने को मिल सकता है । होलिका दहन का समय जैसा की पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को सायंकाल 5:18 बजे से है जो कि 3 मार्च को दिवा काल 4:33 बजे तक है । तो इस वर्ष भद्रा मुख का त्याग कर 2 मार्च को रात्रि काल में 12:50 बजे के पूर्व भद्रा पुच्छ में ॐ होलिकायै नमः ऐसा कहते हुए होलिका दहन किया जाएगा । 3 मार्च को ग्रस्तोदित खण्डाग्रास चन्द्र ग्रहण भी लगेगा। जिसका मान्य भारत में होगा क्योंकि यह ग्रहण भारत के पूर्वी भाग में चन्द्रोदय के समय दृश्य होगा परन्तु मोक्ष समय प्रायः भारत वर्ष में होगा जिसका समय सायंकाल 6 बजे से मोक्ष सायंकाल 6:48 तक है । इसका सूतक 9 घंटा पूर्व लग जाता है इसमें बालक , वृद्ध , रोगी के लिए सब क्षम्य होता है । होलिकोत्सव प्रतिपदा तिथि में 4 मार्च को सम्पूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाएगा ।

### छपवा चैम्बर ऑफ कॉमर्स का गठन, व्यापारियों में उत्साह


**सुगौली।**चैम्बर ऑफ कॉमर्स सुगौली (रजि०) की अंगीभूत इकाई के रूप में छपवा चैम्बर ऑफ कॉमर्स का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चैम्बर के अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता ने नई कार्यकारिणी के गठन और उसके उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा व्यापारिक गतिविधियों को सशक्त बनाना है। गठित नई कार्यकारिणी में दिवाकर गुप्ता को अध्यक्ष,मुकेश कुमार गुप्ता को सचिव एवं विकास कुमार मोदनवाल को उप सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मयंक कुमार बरनवाल को कोषाध्यक्ष तथा अरुण दास को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर सुकन साह, बुनीलाल साह,राम कुमार,विकास कुमार जायसवाल,पंकज कुमार जायसवाल,नवीन कुमार और महेश कुमार मिश्रा को मनोनीत किया गया। रंजीत कुमार गुप्ता को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई। संरक्षक मंडल में राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव और अनिल कुमार गुप्ता को शामिल किया गया। सदस्य के रूप में मुन्ना दास,अर्जुन कुमार,सतन सराफ,संतोष दास, राजू कुमार,सतेंद्र कुमार गुप्ता, दीपरंजन कुमार, सुरेश साह,राज गुप्ता,बिनोद भगत,ईश्वर दास सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नई टीम के गठन से छपवा क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पुलिस सप्ताह पर जीआरपी द्वारा पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**सुगौली।**पुलिस सप्ताह के अवसर पर रेलवे पुलिस (जीआरपी) सुगौली द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना परिसर में फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जीआरपी थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस सप्ताह केवल पुलिसकर्मियों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी सकारात्मक भूमिका को प्रदर्शित करने का भी माध्यम है। इसी उद्देश्य से थाना परिसर में फलदायक पौधा लगाया गया है, जिससे वातावरण शुद्ध रहेगा और हरियाली को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पौधा आने वाले वर्षों में विकसित होकर न केवल छाया और फल देगा, बल्कि पुलिस सप्ताह की याद को भी जीवंत बनाए रखेगा। पौधारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जीआरपी के सभी पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे भी ऐसे कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

### साँप के काटने की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**जहानाबाद।**जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में सिविल सर्जन के निर्देशानुसार साँप के काटने की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से नामित चिकित्सा पदाधिकारी ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सर्पदंश से होने वाली मृत्यु दर में कमी लाना तथा समयबद्ध एवं वैज्ञानिक उपचार सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण के दौरान सर्पदंश की पहचान, प्राथमिक प्रबंधन, रेफरल प्रणाली, आपातकालीन उपचार, एंटी स्नेक वेनम सीरम (ASVS) के समुचित उपयोग, डोज, सावधानियाँ एवं संभावित जटिलताओं के प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा यह भी बताया गया कि अधिकांश मृत्यु झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों में समय गंवाने तथा विलंबित चिकित्सा के कारण होती है। सिविल सर्जन ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आशा एवं एएनएम की मासिक बैठकों में सर्पदंश के प्राथमिक उपचार एवं त्वरित रेफरल संबंधी जानकारी अवश्य साझा करें ताकि क्षेत्रीय स्तर पर आमजन को सही समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही अपने अपने संस्थानों में कार्यरत सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का भी उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में डॉ० विवेक नंदन, शिशु रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल एवं डॉ० रणधीर कुमार, विशेषज्ञ चिकित्सक, सदर अस्पताल, जहानाबाद द्वारा तकनीकी विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। लॉजिस्टिक प्रबंधन, एएसवीएस की उपलब्धता, भंडारण, वितरण, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं निगरानी संबंधी बिंदुओं पर जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिला डाटा प्रबंधक एवं अन्य संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग आमजन से अपील करता है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़ फूंक अथवा पारंपरिक उपचार में समय बरबाद न करें तथा तुरंत निकटतम सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क कर वैज्ञानिक एवं निःशुल्क उपचार प्राप्त करें।

# मझौलिया में तीन अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



» विभिन्न बैंकों के 09 एटीएम, एक पासबुक और 07 मोबाइल फ़ोन जब्त
» गिरफ्तार अपराधियों में जवकटिया के दो और बैठनिया का एक साइबर अपराधी शामिल
» गिरफ्तार अपराधियों के पाकिस्तानी कनेक्शन का भंडाफोड़

**मझौलिया।**पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमबार को जवकटिया और बैठनिया में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद जेल भेजा।इनके पास से विभिन्न बैंकों के 09 एटीएम कार्ड एक पासबुक और 07 मोबाइल फ़ोन जब्त किया गया है।जानकारीइंस्पेक्टर सह एसएचओ अमर कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवकों में जवकटिया के मिथलेश कुमार पिता सुरेश यादव, मुकेश कुमार राय पिता रमेश यादव दोनो साकिम जवकटिया वार्ड 02 तथा मठियाब्रीत बैठनिया से मोहित कुमारउर्फ आलोक कुमार पिता मनोज राय को गिरफ्तार किया ।मेडिकल जांचोपरांत तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।बताया गया है कि गिरफ़्तार साइबर अपराधियों का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन पाकिस्तान से है।ये अपने दोस्तों और परिचितों के खाता में रुपये मंगाते थे और बतौर कमीशन उन्हें मोटी रकम देते थे।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए यह कार्रवाई की।बताते चले कि थाना क्षेत्र का मुस्लिम बहुल क्षेत्र जवकटिया साइबर अपराधियों से भरा हुआ है।एसएचओ अमर कुमार के मुताबिक तीनो अपने मोबाइल के व्हाट्सप्प से अंतरराष्ट्रीय देश पाकिस्तान से व्हाट्स एप्प कॉल करके रुपये मंगाते थे।व्हाट्सप्प एकाउंट के चैट में पाकिस्तानी कोड (+92)को मोबाइल न.+92 से बात करते पाया गया है।एसएचओ श्री कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में कांड संख्या 193/26 दर्ज किया गया है।इसका खुलासा अनुसंधान में हुआ है।इन साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सनसनी है।इन साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष अमर कुमार, पुअनि संजय चौधरी, अनुज कुमार ओझा, पुरषोतम पांडेय, मुकेश कुमार पासवान आदि के नाम उल्लेखनिय है।

## रिहायशी इलाके घुसा हिरण, नहर में डूबने से हुई मौत



नई सोच एक्सप्रेस

**रक्सौल।**मंगलवार की सुबह रक्सौल के रिहायशी इलाके में अचानक एक हिरण आ गया।उक्त जंगली हिरण को देखने के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।यह लोगों की भीड़ को देखकर घोड़ासाहन नहर में कूद गया और उसमे भारी मात्रा में पसरे जलकुम्भी में फस गया।जल कुम्भी में फसकर वह छटपटाने लगा। जिससे स्थानीय लोग नहर में जाकर उक्त हिरण को जल कुम्भी से निकालने का प्रयास करने लगे।लेकिन तबतक देर हो चुकी थी और उक्त हिरण की मौत हो गई । स्थानीय लोगों नें इसकी सूचना पुलिस को दी और सूचना पर हरैया थाना की पुलिस वहां पंहुची और इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया । वन विभाग के अधिकारी वहां आकर उक्त हिरण को अपने साथ ले गए हैं। वन विभाग के कर्मियों नें बताया कि हिरण संभवतः नेपाल से भाग कर आया हुआ था। रिहायशी इलाके में लोगों को देखकर डर गया होगा और वह वह नहर में कूद गया।वन विभाग के कर्मी उक्त हिरण के रक्सौल में आने के कारणों की जांच में लगे हैं और यह पता किया जा रहा है कि वह नेपाल से आया था अथवा भारतीय क्षेत्र के जंगल इलाके सहोदरा से आया हुआ था।

## लंबे इंतजार के बाद शिक्षकों की प्रोन्नति की राह साफ, समरेंद्र बहादुर सिंह ने जताया आभार

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।**पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्थान अंतर्गत नियोजित शिक्षकों की कालबद्ध प्रोन्नति को लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सारण द्वारा जारी पत्र के बाद शिक्षकों में खुशी की लहर है। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने इस पहल के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को लंबे समय से कालबद्ध प्रोन्नति का इंतजार था। विभागीय निर्देश के अनुसार प्रशिक्षित के रूप में मूल कोटि (बेसिक ग्रेड) के पद पर 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय के साथ-साथ वर्तमान में कार्यरत वैसे विद्यालय अध्यापक/ विशिष्ट शिक्षक/प्रधान शिक्षक जो पूर्व में स्थानीय निकाय शिक्षक के रूप में मूल कोटि में कार्यरत रहे हैं, उनकी सेवा अवधि की गणना कर प्रोन्नति प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। शिक्षक नेता ने उम्मीद जताई कि विभाग शीघ्र आवश्यक सूचियाँ संकलित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेगा ताकि पात्र शिक्षकों को समय पर प्रोन्नति का लाभ मिल सके। उन्होंने इसे शिक्षकों के हित में सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों का मनोबल दोनों मजबूत होंगे। इस अवसर पर शिक्षक नेता संजय यादव,सत्यनारायण साह, इंद्रजीत महतो, हवलदार मांझी, निजाम अहमद, विनोद राय, रणजीत सिंह,अनुज यादव,पीयूष तिवारी, राहुल रंजन, जितेंद्र सिंह, सूर्यदेव सिंह, विनायक यादव, मंटू मिश्रा, सुमन कुशवाहा,मंटू मिश्रा,शौकत अली, रविन्द्र ठाकुर, संजय पांडेय, मिथलेश सिंह, अनिल दास,एहसान अंसारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## केवाईसी एवं साइबर अपराध जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का सफल मंचन

नई सोच एक्सप्रेस




**अररिया।**रेणु सांस्कृतिक मंच के कलाकारों द्वारा कोशी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अररिया के तत्वावधान में केवाईसी एवं साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम अररिया जिला स्थित ग्रामीण बैंक की विभिन्न शाखाओं में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सैकड़ों बैंक ग्राहकों एवं स्थानीय लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, केवाईसी प्रक्रिया की अनिवार्यता तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने सरल और रोचक शैली में डिजिटल ठगी, ओटीपी साझा करने के खतरे, फर्जी कॉल एवं लिंक से सावधान रहने जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोग जागरूक हुए। इस नाटक का निर्देशन ओम प्रकाश द्वारा किया गया। दलनायक की भूमिका में विकास कुमार झा उपस्थित रहे। नाटक में उत्तम मिश्रा, रंजन यादव, मनोरंजन यादव, निशा कुमारी, शुभम दुबे, राकेश कुमार एवं सजल कुमार ने प्रभावशाली अभिनय किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण बैंक के पदाधिकारी राजेश कुमार मुर्मू अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे और पूरे आयोजन का मार्गदर्शन किया। इस संबंध में मंच के निदेशक ओम प्रकाश सोनू ने बताया कि जनजागरूकता को ध्यान में रखते हुए यह अभियान पूरे अररिया जिला में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग बैंकिंग सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव के प्रति सजग हो सकें।

## विधायक नें रक्सौल में राजकीय पोलटेक्निक कालेज की स्थापना की मांग की विधान सभा में

नई सोच एक्सप्रेस



**रक्सौल।**रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के छात्रों को स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग अब विधानसभा तक पहुंच गई है। विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बिहार विधानसभा सत्र के दौरान रक्सौल अनुमंडल में एक नए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र होने के बावजूद रक्सौल में तकनीकी शिक्षा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यहां के मेधावी छात्रों को पढ़ाई के लिए जिला मुख्यालय, नेपाल या अन्य दूरदराज के शहरों का रुख करना पड़ता है। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि रक्सौल की भौगोलिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए यहां तकनीकी संस्थान की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि 'सात निश्चय-2' योजना के तहत स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से जोड़ने के उद्देश्य से रक्सौल में स्वतंत्र राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित किया जाए या फिर राजकीय पॉलिटेक्निक मोतिहारी का विस्तार केंद्र खोला जाए। इस महत्वपूर्ण मांग पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि रक्सौल में पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना के प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। मंत्री के इस बयान से क्षेत्र के छात्रों और अभिभावकों में उम्मीद जगी है। विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रक्सौल को शिक्षा और रोजगार का मजबूत केंद्र बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना होती है तो सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा।

## बाल विवाह मुक्ति रथ को हरि झंडी दिखा किया रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**रामगढ़वा।**प्रखंड क्षेत्र में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के रोकथाम को लेकर मंगलवार को प्रखंड परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना किया गया। जिस रथ को बीपीआरओ इंद्रजीत पासवान ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए बीपीआरओ ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए एक गंभीर समस्या है , जो बच्चों के शारीरिक , मानसिक और शैक्षणिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है । उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल सामाजिक अपराध है , बल्कि यह कानूनन दंडनीय भी है।इसके बावजूद आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण ऐसी घटनाएं सामने आती हैं , जिसे रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक पन्ना ने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ प्रखंड के सभी पंचायतों में जाकर भ्रमण करेगा ।आम लोगों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को यह जानकारी दी जाएगी कि बाल विवाह रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कानून बनाए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्रशासन को कैसे दी जा सकती है। मौके पर जिला परिषद कमरुद्दीन अंसारी ज़ सामाजिक कार्यकर्ता आरती कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## 15 कन्याओं की सामूहिक विवाह हुआ सम्पन्न ,मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के द्वारा हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**मझौलिया।**माधोपुर पंचायत चौक के समीप एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में 15 जोड़े वर वधु परिणय सूत्र में बंध गए ।आचार्यों ने सामूहिक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह सामूहिक विवाह कराई ।उक्त आशय की जानकारी मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के संस्थाक सह अध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी ने दी।उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि राहुल कुमार ,अनिकेत रंजन व विकास शर्मा सुगौली उपचेयर मैंन अमित चौबे सांसद प्रतिनिधि शामिल हुए ।आए मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।15 जोड़े वर वधुओं में धीरज कुमार राजाभार संग ज्योति कुमारी रुलही,नीरज कुशवाहा बरवत संग मुनी कुमारी छपरा बहास ,दिलकेश कुमार शीतलपुर संग सलोनी कुमारी रुलही,रामचंद्र दास संग निक्की कुमारी,नीरज ठाकुर संग नेहा कुमारी ,कुंदन पाठक संग आशा कुमारी,एकबाल पसवान संग संध्या कुमारी,टुनटुन राम संग रवीना कुमारी,विजय कुमार संग अँचला कुमारी ,चंदन राम संग चांदनी कुमारी ,दीपक कुमार संग लीलावती कुमारी ,जवाहिर चौधरी संग आरती कुमारी,अनिल महतो संग आरती कुमारी,विकास कुमार संग आरती कुमारी,अनिल कुमार संग मंजू कुमारी सभी वर वधुओं एक दूजे को वर माला पहनाकर एक दूजे के परिणय सूत्र में बंध गए।इस सामूहिक विवाह समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।बतादे की इस सामूहिक शादी समारोह में दहेज पर आधारित माधोपुर मध्य विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा दहेज प्रथा पर आधारित एक नाटक की प्रस्तुति की गई जो आकर्षण का केंद्र बना रहा ।इस मौके पर मुखिया पम्मी सिंह पति मनील सिंह ,रमेश तिवारी उपाध्यक्ष, राकेश कुमार शर्मा सचिव, राजेश कुमार संरक्षक, अजय कुमार पाण्डेय कार्यकारी उपाध्यक्ष, आलोक कुमार, प्रीति कुमारी कार्यकारी सचिव, संजय कुमार सा कोषाध्यक्ष, दीपू सिंह, अरविंद कुमार दास, फौजी राजीव कुमार, मुन्ना सिंह, सौरभ चौबे, विकास शर्मा पंचायत समिति सदस्य, शेष शर्मा, करण पाण्डेय आदि सदस्य शामिल रहे ।

## गर्म कुंड से विश्व शांति स्तूप तक, राजगीर यात्रा ने बच्चों को सिखाया इतिहास

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।**मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत नगरा अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहा छपरा के वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर राजगीर ले जाया गया। इस यात्रा में कुल 35 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 25 लड़कियां और 10 लड़के थे। प्रधानाध्यापक विजयेन्द्र कुमार विजय ने बताया कि मुख्यमंत्री की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बिहार के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक स्थलों से परिचित कराने के उद्देश्य से संचालित है।ऐतिहासिक स्थलों के प्रत्यक्ष दर्शन से विद्यार्थियों को इतिहास, दर्शन और संस्कृति की वास्तविक जानकारी मिलती है तथा उनकी समझ विकसित होती है। यात्रा का शुभारंभ छपरा संग्रहालय परिसर से प्राथमिक शिक्षक संघ के अंचल सचिव सुनील कुमार सिंह और बलवंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राजगीर के प्रसिद्ध गर्म कुंड, विश्व शांति स्तूप, नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष, संग्रहालय, वेन्यू पार्क तथा नौलखा मंदिर सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने म्यांमार से आए यात्रियों से बातचीत की और उनके साथ सेल्फी ली, जिससे उनमें वैश्विक संस्कृति के प्रति उत्सुकता बढ़ी। नोडल शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों से भ्रमण संबंधी नोट भी तैयार कराए गए, जिनका तीन दिन बाद मूल्यांकन होगा और चेतना सत्र में वे अपने अनुभव साझा करेंगे। विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष मंजू देवी सहित अभिभावकों ने इस पहल पर खुशी जताई। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह, स्नेहा प्रिया, सागर सिंह चौहान, रामेश्वर कुमार, गायत्री कुमारी और मुकेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंपल एनर्जी ने पटना में अपना पहला स्टोर खोलकर पूर्वी भारत में प्रवेश किया

**पटना।** भारतीय ऑटोमोटिव कंपनी सिंपल एनर्जी ने पटना में अपना पहला स्टोर खोलकर पूर्वी भारत में अपने खुदरा कारोबार का विस्तार किया है। शैडो एंटरप्राइजेज के साथ साझेदारी में शुरू किया गया। यह कंपनी की विस्तार रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सुविधाजनक बिक्री पश्चात सहायता सुनिश्चित करना और ग्राहकों को बेहतर स्वामित्व अनुभव प्रदान करना है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, सिम्पल एनर्जी के संस्थापक और सीईओ, सुहास राजकुमार ने कहा, ह्पटना सिंपल एनर्जी के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है क्योंकि हम बिहार में विस्तार कर रहे हैं और पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहे हैं। पटना में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी चलन तेजी से रुझान बढ़ रहा है और लंबी दूरी तय करने वाले हमारे दमदार स्कूटर उन राइडर्स के लिए बने हैं जो अपने रोजमर्रा के सफर से और भी बेहतर अनुभव चाहते हैं। यह स्टोर आधुनिक और ग्राहक-केंद्रित डिजाइन के साथ ब्रांड का एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। यहां सिंपल एनर्जी के सभी उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें हाल ही में लॉन्च किया गया।वर्तमान में सिंपल एनर्जी बेंगलुरु, गोवा, विजयवाड़ा, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, कोच्चि और चेन्नई सहित कई शहरों में लगभग 70 आउटलेट संचालित करती है। कंपनी तेजी से पूरे भारत में अपना विस्तार कर रही है। इसके बाद सिंपल एनर्जी नागपुर, रांची, ब्रह्मपुर और भुवनेश्वर जैसे शहरों में भी विस्तार करेगी।

### शिवराम महतो और पूजा कुमारी महाविद्यालय के सबसे तेज धावक और धाविका बनी

**पटना।** बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश और निदेशिका डॉ मृदुला प्रकाश ने बैलून उड़ाकर इस क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अध्यक्ष ने महाविद्यालय के सभी प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए खेल की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल आनंद के साथ शारीरिक और मानसिक गतिविधि को बढ़ावा देता है। निदेशिका ने खेल को प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन दिया और जीत की शुभकामनाएं दी। खेल प्रतियोगिता का संचालन मिताली मित्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री चन्द्रकान्त आर्य, तकनीकी पदाधिकारी मुकेश कुमार, संतोष कुमार और अमरजीत कुमार उपस्थित थे। आज के परिणाम इस प्रकार हैं- लड़कों के 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर शिवराम महतो, द्वितीय स्थान पर विकाश कुमार और तृतीय स्थान पर विशाल कुमार रहे। जबकि लड़कियों में प्रथम स्थान पर पूजा कुमारी, द्वितीय स्थान पर सीमा कुमारी और तृतीय स्थान पर ज्योति कुमारी रही। लड़कियों के थ्री लेग्स रेस में प्रथम स्थान पर अंकिता कुमारी और ज्योति कुमारी, द्वितीय स्थान पर मान्या और अंजलि और तृतीय स्थान पर संध्या और सुधा रही। लड़कों की थ्री लेग्स रेस में प्रथम स्थान पर विकाश और विशाल, द्वितीय स्थान पर अमितेष और शिवराम एवं तृतीय स्थान पर मिथुन और वेद रहे। डिस्कस थ्रो के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर अमितेश, द्वितीय स्थान पर वेद और धनंजय तथा तृतीय स्थान पर मिथुन घोष रहे। जबकि महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर पुष्पांजलि, द्वितीय स्थान पर अंजलि और तृतीय स्थान पर रिंकी रही। गोला फेंक में पुरुष के प्रथम वर्ग में धनंजय, द्वितीय स्थान पर सुनील कुमार और तृतीय स्थान पर मिथुन घोष रहे। जबकि महिला वर्ग के प्रथम स्थान पर निशु और प्रीति, द्वितीय स्थान पर स्मृति रानी और तृतीय स्थान पर रानी कुमारी रही।

### प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए प्लेटफॉर्म का किया शुभारंभ

**पटना।** प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाएं और एल1/आदेश अपडेट, तथा हितधारकों की जानकारी को एक सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है जिससे संगठनों को सही समय पर सही परियोजनाओं से जुड़ने में मदद मिलती है।उन्नत प्लेटफॉर्म व्यावहारिक परिणामों पर केंद्रित एआई-सक्षम विकास प्रस्तुत करता है, जिसमें बीओक्यू खोज, उप-परियोजना ट्रैकिंग, निविदा से आदेश तक की यात्रा की विजिबिलिटी, बोलीदाता और भागीदारी अंतर्दृष्टि, अवसर अनुमान उपकरण, विश्वसनीयता और विश्लेषण डैशबोर्ड तथा हितधारकों के साथ बेहतर संबंध मानचित्रण शामिल हैं। ये क्षमताएं यूजर्स की आवश्यकताओं के आधार पर प्रासंगिक अवसरों की तेजी से खोज को सक्षम बनाती हैं। संगठनों को चरण, दायरे और हितधारकों के बारे में स्पष्ट संदर्भ के साथ "क्या हो रहा है" से "हमें आगे क्या करना चाहिए" की ओर बढ़ने में मदद करती हैं। 25 से अधिक वर्षों के रिसर्च-आधारित कवरेज के साथ प्रोजेक्ट्स टुडे 50,000 से अधिक सक्रिय परियोजनाओं पर नजर रखता है जो वर्तमान में गंभीर विचार-विमर्श, योजना, निविदा प्रक्रिया या कार्यान्वयन के चरण में हैं। यह प्लेटफॉर्म हर महीने 1,500 से अधिक नई परियोजनाओं और 10,000 से अधिक निविदाओं के साथ 1,200 से अधिक मासिक एल1/आदेश अपडेट को कैप्चर करता है जो विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में निर्णय लेने में सहायक होता है।

### पटना वीमेंस कॉलेज में 1089 छात्राओं को मिली डिग्रियां

» 35 छात्राएं गोल्ड मेडल से हुईं सम्मानित, दीक्षांत समारोह में ड्रेस कोड में पहुंची छात्राएं

**पटना।**पटना वीमेंस कॉलेज में मंगलवार को दीक्षांत समारोह हुआ। समारोह में 35 छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला। 2025 में पास होने वालीं स्नातक, बीएड और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों की छात्राओं को डिग्रियां दी गई, जिसमें 1089 छात्राएं शामिल हैं। कॉलेज के वेरोनिका ऑडिटोरियम में कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने बिहार की संस्कृति को दिखाते हुए मिथिला पाग पहना था। सुरक्षा और अनुशासन के मद्देनजर ऑडिटोरियम के अंदर मोबाइल, खाने-पीने की वस्तुएं और पानी की बोतल ले जाना पूरी तरह मना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के प्रो. संजय श्रीवास्तव, पीयू की वीसी प्रो नमिता सिंह, रजिस्ट्रार प्रो शालिनी शामिल थी।इस दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड भी लागू किए गए हैं। छात्राओं ने बताया कि छात्राओं को लाल या सुनहरी बॉर्डर वाली सफेद या ऑफ-व्हाइट साड़ी/सलवार सूट पहनकर आना था। इस दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली सभी छात्राओं को अपनी भुगतान रसीद साथ लाना अनिवार्य था। समारोह वाले दिन ही सुबह 9 से 10 बजे के बीच अंगवस्त्र का वितरण ऑडिटोरियम के बाहर बने काउंटरों से किया गया। हर एक छात्रा के साथ केवल एक अभिभावक को शामिल होने की अनुमति दी गई थी, जिन्हें सुबह 10:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करना था।

## रविनंदन सहाय को श्रद्धांजलि, एकजुटता पर दिया गया जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**लालगंज।**अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. रविनंदन सहाय की स्मृति में चित्रगुप्त मंदिर स्थित सामुदायिक भवन परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनर तले किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया दीपक कुमार श्रीवास्तव ने की तथा संचालन प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिन्हा ने किया। सभा में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रतन सहित कई वक्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्व. सहाय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उन्हें समाज का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रयासों से कायस्थ समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। मुख्य वक्ता रवीन्द्र कुमार रतन ने कहा कि स्व. सहाय सरल, सहज और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे तथा समाज की एकता के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। अध्यक्षीय संबोधन में दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर सभी कायस्थ एक मंच पर एकजुट हों और उनकी जयंती-पुण्यतिथि सामूहिक रूप से मनाई जाए।कार्यक्रम में पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्व आयकर अधिकारी, मंदिर समिति के पदाधिकारी, अधिवक्ता, चिकित्सक तथा समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में डॉ. पूर्णिमा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## केनरा बैंक की एस.के. नगर शाखा में सिक्का एवं नोट विनिमय मेला आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** एस.के. नगर स्थित केनरा बैंक की शाखा में सिक्का एवं नोट वितरण–विनिमय मेला का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को नए नोट उपलब्ध कराना तथा पुराने एवं क्षतिग्रस्त नोटों के विनिमय की सुविधा प्रदान करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लेकर बैंक की पहल की सराहना की। कार्यक्रम में श्रीकृष्णा नगर शाखा के प्रबंधक अमर कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक उमेश चौधरी, उदय कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह एवं केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी संजय प्रसाद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के उप महाप्रबंधक विकास भारती शामिल हुए। प्रबंधक अमर कुमार ने बताया कि यह आयोजन भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप किया गया, ताकि ग्राहकों को छोटे नोटों और सिक्कों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि बाजार में अक्सर छुट्टे नोटों और सिक्कों की कमी से लोगों को परेशानी होती है, जिसे इस मेले के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में अमित राज, अल्का कुमारी, शिवानी शर्मा, निशांत कुमार और कमल नयन किंकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन 2026 संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



» राज्य चुनाव आयुक्तों ने कानूनी ढांचे के तहत मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव संचालन में सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया

**नई दिल्ली।**भारत निर्वाचन आयोग ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया। इस गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने अपने-अपने संवैधानिक जनादेश के भीतर ईसीआई और एसईसी के बीच संस्थागत समन्वय को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मतदाता सूची प्रबंधन में सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने, प्रौद्योगिकी के उपयोग और देश में चुनावी प्रक्रियाओं की अखंडता और दक्षता को और बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने की आवश्यकता पर बल दिया। चुनाव आयुक्त डॉ. एस.एस. संधू ने अपने संबोधन में राज्य चुनाव आयुक्तों से एक-दूसरे से सीखने और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने का आह्वान किया। इसके अलावा, उन्होंने रेखांकित किया कि 'विश्वास' हर चुनावी प्रक्रिया की नींव है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि ईसीआई और एसईसी समन्वय के साथ काम करें। डिजिटल प्रौद्योगिकियों में सहयोग के महत्व पर बोलते हुए, चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने ईसीआई और राज्य चुनाव आयोगों के कामकाज के बीच सेतु बनाने के लिए 'ECINET' डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने पर जोर दिया। सम्मेलन ने विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया और चुनावी प्रबंधन में सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत किया। प्रतिभागियों ने 'राष्ट्रीय घोषणा पत्र' को अपनाया और संकल्प लिया कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना लोकतंत्र की आधारशिला है। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि ईसीआई पंचायतों और नगर निकायों से संबंधित कानूनों को संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनावों से संबंधित कानूनों के साथ तालमेल बिठाने के लिए एसईसी के साथ मिलकर काम करेगा और राष्ट्रीय एवं संवैधानिक हितों को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करेगा।

**(संयुक्त घोषणा पत्र का पूरा पाठ संलग्न है)**

सम्मेलन के दौरान, ईसीआई के नए प्रकाशन 'अ कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज' (A Confluence of Democracies) का विमोचन किया गया। यह प्रकाशन हाल ही में आयोजित 'इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट' (IICDEM) 2026 का एक व्यापक रिकॉर्ड है, जिसमें 70 से अधिक देशों के लगभग 100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी, 36 विषयगत सत्रों और द्विपक्षीय बैठकों में हुए विचार-विमर्श और 'दिल्ली घोषणा 2026' को औपचारिक रूप से अपनाने का विवरण दिया गया है। यह राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन, जो 27 वर्षों के अंतराल के बाद सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, ईवीएम (EVM), ECINET जैसे तकनीकी समाधानों और मतदाता सूचियों को साझा करने के माध्यम से आपसी तालमेल बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

## विश्व हिन्दू परिषद के इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत के प्रिंट मीडिया प्रमुख के दायित्व पर मनोनीत किये गए स्वतंत्र सिंह भुल्लर

नई सोच एक्सप्रेस



» इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि देशहित में, वे अपने दायित्वों का निर्वहन हमेशा की तरह पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ करेंगे

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत में संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ करते हुए स्वतंत्र सिंह भुल्लर को प्रिंट मीडिया प्रमुख के दायित्व पर मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन की घोषणा प्रांत स्तर पर आयोजित बैठक में की गई, जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, सभी ने उन्हें शुभकामनायें दीं। स्वतंत्र सिंह भुल्लर लंबे समय से देशहित में, सामाजिक एवं वैचारिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और मीडिया क्षेत्र की समझ को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रिंट मीडिया प्रमुख के रूप में वे हमेशा की तरह संगठन की विचारधारा, गतिविधियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री भुल्लर के नेतृत्व में प्रिंट मीडिया विभाग नई ऊर्जा और सशक्त रणनीति के साथ कार्य करेगा, जिससे संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित होगा। इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे देशहित में हमेशा की तरह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ करेंगे।

## श्री अमरनाथ यात्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गणस्तान सुंबल में फ्री फ्री टेलरिंग सेंटर खोला

नई सोच एक्सप्रेस





**जम्मू कश्मीर।**बांदीपोरा गणस्तान सुंबलः श्री अमरनाथ जी यात्रा वेलफेयर सोसाइटी के नेशनल वर्किंग प्रेसिडेंट राजकुमार गोयल ने गणस्तान सुंबल में एक कटिंग और टेलरिंग ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया, जो इलाके में महिलाओं को मज़बूत बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। इस सुविधा को ऑर्गनाइज़ेशन के कश्मीर इंचार्ज, तफ़ज़ुल वानी ने लोकल लोगों और कम्युनिटी के सदस्यों की मौजूदगी में ऑफिशियली खोला। यह सेंटर इलाके की 30 लड़कियों को कटिंग और टेलरिंग की प्रोफेशनल ट्रेनिंग देगा। इस प्रोग्राम का मकसद युवा महिलाओं को प्रैक्टिकल, इनकम देने वाले स्किल्स सिखाना है ताकि वे फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस हासिल कर सकें और अपने परिवारों को सपोर्ट कर सकें। इवेंट में बोलते हुए, ऑर्गनाइज़र ने ग्रामीण इलाकों में स्किल-बेस्ड एजुकेशन की अहमियत पर ज़ोर दिया, और कहा कि ऐसी पहल से रोज़ी-रोटी के पक्के मौके मिलते हैं और कम्युनिटी को आर्थिक और सामाजिक रूप से मज़बूती मिलती है। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत किया और इसे गणस्तान सुंबल में लड़कियों की बेहतरी के लिए बहुत ज़रूरी कदम बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को और बढ़ावा देने के लिए दूसरे इलाकों में भी ऐसे ही प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे।

## अजमेर रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान, भाजपा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



नागौर भाजपा जिला कार्यालय में अजमेर रैली की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते विधानसभा प्रभारी शिव देशवाल

» नागौर विधानसभा प्रभारी देशवाल बोले, हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी, अधिकतम संख्या में पहुंचे अजमेर

**नागौर।**आगामी 28 फरवरी को अजमेर में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए नागौर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल कार्यकारिणी सदस्यों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नागौर विधानसभा प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवजी देशवाल डेगाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में होने वाली रैली प्रदेश की ऐतिहासिक रैलियों में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अपने-अपने क्षेत्र से अधिकतम संख्या में लोगों को अजमेर लेकर पहुंचे और रैली को अभूतपूर्व सफलता दिलाएं। देशवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को जन-जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचानी चाहिए और रैली में भाग लेकर संगठन की ताकत का प्रदर्शन करना चाहिए। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रामनिवास सांखला, रमेश अपूर्वा, पदम सारस्वत, रामचंद्र धुंधवाल, लक्ष्मण डेलू, नंदकिशोर जांगिड़, मंगनीराम सांखला, अरविंद जाजड़ा, मनीष काला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने रैली को सफल बनाने के लिए पूर्ण ताकत झोंकने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा क्षेत्रवार संपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## होली मिलन समारोह में खूब उड़ा रंग - गुलाल, महिलाओं ने खेली जमकर फूलों की होली

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**खगौल रोड स्थित प्रोसो प्यारे में संवेदना संस्था द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शामिल हुई महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि विधान पार्षद अनामिका सिंह, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, विशिष्ट अतिथि बीआईए के निदेशक रामलाल खेतान, राहुल परमार, आनंद मोहन एवं कार्यक्रम संचालक शालिनी सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम में होलिया में उड़े रे गुलाल, रंग बरसे, होली आई रे कन्हाई, उड़त गुलाल, लेटस प्ले होली जैसे गीतों पर महिलाओं ने नृत्य कर समां बांध दिया। होली के मधुर व जोशीले गीतों पर हर तरफ रंग-गुलाल उड़ने लगे। हॉल में मौजूद लोगों ने होली के गीतों पर जमकर मस्ती की। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधान पार्षद अनामिका सिंह ने पूरे बिहारवासियों को होली की शुभकामना दी। एवं कहा कि यह हमारे आस्था और संस्कृति का पर्व है। इस पर्व में लोगों को आपसी रंजिश भूलाकर एक-दूसरे को गले लगाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम संयोजक शालिनी सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन हमने लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए किया है। मौके पर सुजय सौरव, स्मृति रावत, मनीष सिंह, पल्लवी सिंह, दीपिका चौहान, रीना सिंह, नीतू सिंह, निशा सिंह, डॉ. शिखा, डॉ. हेमा नारायण, डॉ. सुमन, राकेश श्रीवास्तव, रजनी सिन्हा सहित संस्था से जुड़ी सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## गैलेक्सी एआई ने मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम का किया विस्तार

नई सोच एक्सप्रेस

Hey, Plex!

**पटना।**सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम में गैलेक्सी एआई का विस्तार करते हुए 'मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम' को और मजबूत करने की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य यूज़र्स को अधिक विकल्प, और बेहतर नियंत्रण देना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्य कम मेहनत और अधिक स्वाभाविक तरीके से पूरे कर सकें। कंपनी के अनुसार, अब लोग अलग-अलग कामों के लिए कई तरह के एआई एजेंट्स का उपयोग कर रहे हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, 10 में से लगभग 8 यूज़र्स दो या उससे अधिक एआई एजेंट्स पर निर्भर हैं। इसी बदलाव को देखते हुए, सैमसंग गैलेक्सी एआई को इस तरह विकसित कर रहा है कि यूज़र अपनी पसंद और जरूरत के हिसाब से अलग-अलग इंटीग्रेटेड एआई अनुभवों को चुन सकें। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और आर एंड डी हेड, वॉन-जून चोई ने कहा, "हम एक खुले और समावेशी एआई इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यूज़र्स को जटिल कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अधिक विकल्प और नियंत्रण दे। इस विस्तार के तहत, सैमसंग आगामी फ्लैगशिप गैलेक्सी डिवाइसेज़ में परप्लेक्सिटी को एक अतिरिक्त एआई एजेंट के रूप में पेश करेगा। यूज़र हे प्लेक्स वॉयस कमांड या साइड बटन को दबाकर सीधे इसका उपयोग कर सकेंगे।

## शहर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में दिया गया मांग पत्र



नई सोच एक्सप्रेस

**कानपुर।**शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर के द्वारा किदवई नगर म्यूज़िकल फाउन्टेन में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा का रंग रोगन तथा आसपास फैली गंदगी सहित प्रतिमा पर छतरी निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम कार्यालय जोन 3 स्थित अधिशासी अभियन्ता को मांग पत्र शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजीव मिश्रा की अगुवाई में दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक मिश्रा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। संजीव मिश्रा ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि अगर जल्द ही पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा की साफ सफाई ना कराई गई तो सैकड़ों कांग्रेसी धरना प्रदर्शन को बाध्य होगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज अवस्थी गुलाब सिंह पूजा भारद्वाज शरद के सी शर्मा राजीव पांडे राम लखन अवधेश त्रिपाठी ललित मोहन श्रीवास्तव राहुल संजय अवस्थी मोहित पाल सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सांप्रदायिक भावनाओं के कारण तनाव

राजनेताओं को स्वार्थ से उठ कर समस्या पर विचार करना चाहिए। समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ रहे हों, तब थोपी गई एकता कारगर नहीं हो सकती। जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है।

पिछले महीने मणिपुर चूराचंदपुर में 31 वर्षीय मयंगलम्बम सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपनी मंगेतर से मिलने गए थे। मंगेतर कुकी-जो समुदाय की थी। उस हृदय-विदारक घटनाक्रम में इक_ी भीड़ ने युवती को वहां से जाने दिया। उसके बाद मयंगलम्बम सिंह को मार डाला गया। हत्यारों ने दया की भीख मांगते उस व्यक्ति का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित किया। इस घटना से जाहिर हुआ था कि पौने तीन साल से जारी हिंसा ने मैतेई और कुकी समुदायों में किस हद तक दुराव पैदा किया है। उस घटना के बाद मीडिया में आई रिपोर्टों से संकेत मिला है कि सांप्रदायिक नफरत का ये जहर किस हद तक फैला चुका है। असर इतना घातक है कि अब विवाहित मैतई और कुकी दंपती अपने को मुसीबत में पा रहे हैं। ऐसे कई सामने आए मामले हैं, जिनमें ऐसे दंपतियों पर तलाक लेने का दबाव उनके समुदाय के लोगों ने बनाया हैं। उनमें कई दंपतियों की कई संतानें भी हैं। कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें पति- पत्नी हिंसा भड़कने के बाद से अलग रहने को मजबूर हैं। हैरतअंगेज है कि राजनीतिक दलों को समाज में उभरी ऐसी विभाजक प्रवृत्तियों की फिक्र नहीं है। इन हालात को नजरअंदाज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस महीने मणिपुर में नई सरकार बनाई। उसके बाद से राज्य में हिंसा का नया दौर आया हुआ है। चूराचांदपुर, उखरुल और अन्य कुकी बहुल इलाकों में आगजनी, पथराव, पुलिस से झड़प आदि जैसी अनेक घटनाएं हुई हैं। कुकी-जो समुदाय के लोग अपनी बहुलता वाले इलाको को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं। यानी वे मणिपुर का हिस्सा नहीं रहना चाहते, जिसमें मैतेई बहुसंख्यक हैं। राजनेताओं को थोड़े समय के लिए स्वार्थ से उठ कर इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि जब समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ गए हों, तब ऊपर से थोपी गई राजनीतिक एकता कारगर नहीं हो सकती।

# नाराज ब्राह्मणों को साधने की होड़, विपक्ष–सत्ता सब सक्रिय



आरती कुमारी

उत्तर प्रदेश की राजनीति में बीस साल लंबा वक्त होता है. इतने समय में चेहरे बदलते हैं, नारे बदलते हैं, गठबंधन टूटते-बनते हैं, लेकिन कुछ बुनियादी सच जस के तस रहते हैं. जाति, सामाजिक संतुलन और सत्ता तक पहुंचने की जद्दोजहद. साल 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग ने सत्ता का ताला खोला था, करीब दो दशक बाद वही प्रयोग बदले पैकेज में फिर लौटता दिख रहा है. फर्क बस इतना है कि अब हालात ज्यादा जटिल हैं, मतदाता ज्यादा सजग हैं और सियासी खिलाड़ी एक-दूसरे की चाल पहले से बेहतर समझते हैं.2027 के विधानसभा चुनाव को अभी वक्त है, लेकिन मैदान अभी से सज चुका है. हर दल अपने-अपने स्तर पर उस वोट बैंक की तलाश में है, जो सत्ता की सीढ़ी का आखिरी पायदान बन सकता है. इस पूरी कवायद के केंद्र में एक बार फिर ब्राह्मण वोटर आ खड़ा हुआ है. उत्तर प्रदेश की आबादी में करीब बारह फीसदी हिस्सेदारी रखने वाला यह वर्ग लंबे समय से किसी एक पार्टी का स्थायी वोट बैंक नहीं रहा. कभी सत्ता के साथ, कभी असंतोष में, कभी खामोशी से और कभी मुखर होकर इस वर्ग ने सियासत की दिशा बदली है. करीब उन्नीस साल पहले बहुजन राजनीति की अगुआ मायावती ने दलित-ब्राह्मण गठजोड़ का जो प्रयोग किया था, उसने यह साबित कर दिया था कि अगर सामाजिक समीकरण सधे हों तो सियासी गणित ध्वस्त भी हो सकता है. 2007 की जीत उसी प्रयोग की देन थी. लेकिन समय के साथ वही फार्मूला कमजोर पड़ता गया. दलित-मुस्लिम समीकरण आजमाया गया, फिर दोबारा ब्राह्मणों की ओर हाथ बढ़ाया गया, लेकिन बीएसपी का जनाधार सिमटता चला गया. 2022 में पार्टी एक सीट पर आ गई. यह गिरावट खुद बताती है कि सिर्फ नारे और प्रतीक काफी नहीं होते, जमीन पर भरोसा भी चाहिए.इसी बदले हुए माहौल में सोशल इंजीनियरिंग 2.0 की चर्चा शुरू हुई है. इस बार प्रयोग सिर्फ एक दल नहीं कर रहा. समाजवादी पार्टी, बीएसपी, बीजेपी और उनके सहयोगी सभी अपने-अपने तरीके से ब्राह्मण वोटर की नब्ज टटोल रहे हैं. फर्क यही है कि अब दलित वोटर को केंद्र में रखने के बजाय कई जगह ओबीसी वोटर को मुख्य धुरी बनाया जा रहा है और ब्राह्मण को उसके साथ जोड़ने की कोशिश हो रही है. इस पूरी सियासत में सबसे दिलचस्प और आक्रामक एंट्री हुई है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की. पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने आजमगढ़ से जो संदेश दिया है, वह सिर्फ एक रैली भर नहीं है. आजमगढ़ वही इलाका है, जिसे समाजवादी पार्टी का अभेद्य किला माना जाता रहा है. यहां से मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव सांसद रह चुके हैं. आज भी जिले की सभी विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है. ऐसे इलाके में ब्राह्मणों की बड़ी रैली करना सीधे तौर पर सपा के सामाजिक आधार को चुनौती देना है.राजभर की रैली में ब्राह्मण समाज के सम्मान की बात हुई, परशुराम और सुहेलदेव के नारे लगे, यूजीसी के नए नियमों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के मुद्दे उठे. संदेश साफ था कि यह सिर्फ भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे, नौकरीपेशा और प्रभावशाली ब्राह्मण वर्ग को भरोसा देने की कोशिश है. मंच से यह भी जताया गया कि न्याय और सम्मान की लड़ाई में सरकार और अदालत दोनों दरवाजे खुले हैं. यह भाषा सीधे उस वर्ग से संवाद करती है, जो खुद को दिशा देने वाला मानता है. इस रणनीति का एक और पहलू है. राजभर का निशाना बार-बार समाजवादी पार्टी पर रहा. संदेश यह कि आजमगढ़ में जो भीड़ जुटी है, वह सिर्फ समर्थन देने नहीं, बल्कि सपा के दबदबे को तोड़ने आई है. यह दावा जितना राजनीतिक है, उतना ही मनोवैज्ञानिक भी. चुनाव से पहले अगर किसी क्षेत्र में यह धारणा बन जाए कि मुकाबला अब एकतरफा नहीं रहा, तो वोटर का व्यवहार बदलने लगता है.उधर, समाजवादी पार्टी भी हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठी. पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का जो फॉर्मूला लोकसभा चुनाव 2024 में असरदार साबित हुआ, उसी को आगे बढ़ाने की तैयारी है. लेकिन साथ ही ब्राह्मणों के बीच संदेश देने की कोशिशें भी दिख रही हैं. विधानसभा में नेता विपक्ष के तौर पर माता प्रसाद पांडेय की नियुक्ति, पूर्वांचल के प्रभावशाली ब्राह्मण परिवारों से मुलाकातें और सोशल मीडिया के जरिए दिए जा रहे संकेत इसी दिशा में पढ़े जा रहे हैं. बीजेपी के लिए स्थिति और भी नाजुक है. सत्ता में होने के फायदे हैं, लेकिन एंटी-इनकंबेंसी का दबाव भी. पार्टी के भीतर ब्राह्मण बनाम ठाकुर की चर्चाएं सामने आ चुकी हैं. कुछ ब्राह्मण विधायकों की बैठक और उस पर नेतृत्व की नाराजगी ने साफ कर दिया कि अंदरखाने खींचतान है. बरेली से लेकर प्रयागराज तक सामने आए विवादों ने इस असंतोष को और हवा दी. यही वजह है कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जैसे चेहरे प्रतीकात्मक कदमों के जरिए ब्राह्मण समाज को साधने की कोशिश करते नजर आए.कांग्रेस इस पूरी बहस में अपेक्षाकृत खामोश है. एक तरफ राहुल गांधी की ओबीसी राजनीति, दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की मजबूरी. कभी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों की पहली पसंद रही कांग्रेस अब असमंजस में दिखती है. क्या वह दोबारा उस वर्ग की ओर खुले मन से लौट पाएगी, या मौजूदा लाइन पर ही चलेगी, यह वक्त बताएगा. असल सवाल यह है कि क्या ब्राह्मण वोट बैंक आज भी किसी सोशल इंजीनियरिंग का निर्णायक आधार बन सकता है. आंकड़े बताते हैं कि सवर्ण आबादी करीब बीस फीसदी है, जिसमें ब्राह्मण सबसे बड़ा हिस्सा हैं. लेकिन यह वोट हमेशा जाति के आधार पर एकजुट नहीं होता. उम्मीदवार, क्षेत्रीय समीकरण, स्थानीय मुद्दे और सत्ता का माहौल सब मिलकर फैसला तय करते हैं. यही कारण है कि ब्राह्मण राजनीति जोखिम भरी भी है और जरूरी भी.2027 की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश में सियासत अब सिर्फ नारों की नहीं, बल्कि धैर्य, संगठन और भरोसे की परीक्षा बनती जा रही है. सोशल इंजीनियरिंग 2.0 का शोर तेज है, लेकिन उसका नतीजा इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सा दल प्रतीकों से आगे जाकर ज़मीनी हकीकत को साध पाता है. ब्राह्मण वोटर इस बार भी निर्णायक हो सकता है, लेकिन किसके पक्ष में, यह अभी पूरी तरह खुला सवाल है.

# विश्वविद्यालय या वैचारिक युद्धक्षेत्र?

डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

शैक्षणिक स्वतंत्रता, ज्ञान की खोज और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी चीजें हैं जिन पर विश्वविद्यालय अक्सर गर्व करते हैं। हालांकि, कुछ वामपंथी और इस्लामी वैचारिक समूह इनका दुरुपयोग समाज में असमानता और कई कॉलेजों में राष्ट्र-विरोधी आचरण को बढ़ावा देने के लिए करते हैं। सहकर्मी नेटवर्क और संस्थागत पुरस्कार प्रणालियाँ जो एक विशिष्ट असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी वैचारिक विचारधारा को दूसरों पर प्राथमिकता देती हैं, शैक्षणिक विभागों को ऐसे प्रतिध्वनि कक्षों में बदल देती हैं जहाँ कुछ विशेष दृष्टिकोण हावी हो जाते हैं। दुनिया इस साम्यवादी मानसिक और संज्ञानात्मक विकृति से पीड़ित होने लगी है। यह विकृति भारतीय विश्वविद्यालयों को भी प्रभावित करती है, जिससे राष्ट्र और समाज को गंभीर नुकसान पहुँचता है। कई विश्वविद्यालय जिनमें मानविकी विभाग है, एक साम्यवादी थीम पार्क बन गए हैं। लक्ष्य है भारत का विघटन करना और सनातन धर्म को विकृत सिद्धांत और व्यवहार के माध्यम से ध्वस्त करना, चाहे वह समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, भाषा या कानून का क्षेत्र हो। उच्च शिक्षा में बौद्धिक विविधता नष्ट करने और ज्ञान संबंधी भ्रम पैदा करने वाले कट्टरपंथी साम्यवादी विचारों को अधिकाधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पत्र में विश्वविद्यालय के कुलपतियों सहित 200 से अधिक शिक्षा विशेषज्ञों ने देश की गिरती शैक्षिक स्थिति के लिए वामपंथी कार्यकर्ताओं के एक समूह को जिम्मेदार ठहराया है। वामपंथियों की भ्रामक प्रवृत्ति युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध भड़काने की है। 1980 के दशक में जब वामपंथी संगठनों ने देश के युवाओं और ग्रामीणों को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया था, तब से वामपंथी उग्रवाद और वामपंथी विचारधारा की आड़ में देश को विभाजित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने चिंता व्यक्त की है कि जेएनयू से लेकर जामिया, एएमयू से लेकर जादवपुर तक के परिसरों में हो रही घटनाएं दर्शाती हैं कि कैसे मुट्ठी भर वामपंथी कार्यकर्ताओं की गतिविधियों से शैक्षणिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विश्वविद्यालय में केवल शिक्षा के उद्देश्य से दाखिला लेने वाले और किसी भी समूह से असंबंधित छात्र सबसे अधिक पीड़ित हैं। सोशल मीडिया पर गलत प्रचार, झूठी कहानी और झूठे विमर्श जैसे शब्दों का अक्सर इस्तेमाल होता है। सनातन धर्म/हिंदुत्व की झूठी कहानियां मीडिया में बड़े पैमाने पर फैलाई जाती है और कई सरकारी कर्मचारी, बहुराष्ट्रीय निगमों के कर्मचारी, गैर सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों, मीडिया संस्थानों आदि में विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी इन झूठी कहानियों को सत्य मान लेते हैं। मेरा मानना है कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के एक बड़े हिस्से के लिए भी यही सत्य है। आखिरकार, लाखों लोग- जिनमें से कई असहमत हो सकते हैं, उनको इन विभिन्न कहानियों को अपनाने के लिए मजबूर किया गया है, जबकि हम जानते हैं कि वे गलत हैं। हमारे शिक्षा तंत्र में व्याप्त मार्क्सवादी माहौल ने बच्चों और युवाओं के दिमाग में झूठी कहानियों को व्यवस्थित रूप से बिठा दिया है। परिणामस्वरूप, ये छद्म-उदारवादी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कड़ा विरोध करते हैं, जिसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र के व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। युवाओं को साम्यवाद का विचार विशेष रूप से आकर्षित करता है। समानता, सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और क्रांति जैसे विषयों पर चर्चा करना कितना रोमांचक होता है! युवा मन ऐसे विषयों से प्रेरित हो सकता है। युवा स्वभाव से भावुक होते हैं। साम्यवाद हमें यथास्थिति को उखाड़ फेंकने और एक गैरकानूनी और अमानवीय क्रांति शुरू करने के लिए कहता है। परिणामस्वरूप, संविधान के विरुद्ध होने के बावजूद युवा वामपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित होते हैं। वे साम्यवाद की गहरी वास्तविकता को समझने में असमर्थ हैं। न केवल प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालयों के छात्रों बल्कि अमेरिका और कई यूरोपीय देशों जैसे पूंजीवादी देशों में भी साम्यवाद जहर फैला रहा है। इस विचारधारा की रणनीति है युवावस्था में उन्हें फंसाना और उनकी बुद्धि को भ्रमित करना। इसलिए, वे कॉलेज के छात्रों को निशाना बनाते हैं जो अभी तक हर स्थिति में अपने निर्णय लेने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं हैं, लेकिन हाल ही में अपने माता-पिता के संरक्षण से मुक्त हुए हैं। अवसरवादी राजनेता और साम्यवादी इस खामी का फायदा उठाकर छात्रों के दिमाग में झूठ, अधूरी सच्चाई और आकर्षक भाषा का इस्तेमाल करके गलत धारणाएं भर देते हैं। कहा जाता है कि प्राचीन चीन में "हिरण की ओर इशारा करके उसे घोड़ा कहना" आम बात थी। अगर सार्वजनिक रूप से आपसे सवाल किया जाता और आप यह मानने से इनकार कर देते कि वह घोड़ा है तो आपको समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था। दुर्भाग्य से, यह चर्चा आजकल सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है। इस मिथक के बार-बार फैलने के कारण कई युवा अब इसे घोड़ा समझते हैं- हालांकि ऐसा करने के लिए वे मजबूर नहीं हैं। वोकवाद उन लोगों का समूह है जो वास्तव में अनपढ़ और अज्ञानी हैं लेकिन खुद को दुनिया का सबसे जानकार समझते हैं। ये लोग वामपंथी "वोक" संस्कृति का हिस्सा हैं। झूठ पर विश्वास करने के बावजूद वे सामाजिक मुद्दों के बारे में खुद को जानकार मानते हैं। संक्षेप में कहें तो वे बिना किसी जांच-पड़ताल के गलत जानकारी फैलाते हैं और किसी भी विषय में पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं। वामपंथी "वोक" को अपने सामाजिक कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और बुद्धि को सुधारने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी। इसका कारण यह है कि वोक वामपंथी विचारधारा पक्षपातपूर्ण और असंगत वामपंथी अवधारणाओं का एक समूह है, जिन्हें "समानता," "विविधता" और "समावेश" के नाम से जाना जाता है। जो कोई भी "वोक" वामपंथियों से असहमत होता है, उन पर वे अक्सर बेरहमी से हमला करते हैं। मार्क्सवाद/साम्यवाद वोकवाद एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं है; यह एक मजहबी व्यवस्था है। मजहब का उद्देश्य मौजूदा राजनीतिक या सांस्कृतिक संरचनाओं को उखाड़ फेंकना है। वोकवाद नई अवधारणाओं के विश्लेषण और शोध में बाधा डालता है। यह एक खोखली विचारधारा है जो नैतिक सेना का रूप धारण करते हुए विविधता के नाम पर विचारों की विविधता को सीमित करती है। वे परिस्थितियों की कोई जानकारी या समझ रखे बिना खुद को न्याय का सर्वोच्च रूप बताते हैं। भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में मार्क्सवादी-इस्लामी गठबंधन इसका प्रमाण है। परिणामस्वरूप, अब अन्य भारतीय अल्पसंख्यकों के साथ-साथ मुख्यधारा के हिंदू समाज के प्रति भी शत्रुता का भाव पनप रहा है। इस तरह की बातचीत सनातन धर्म के बारे में अपमानजनक और भ्रामक कहानियों के प्रसार को बढ़ावा देती है।




**मेष राशि:** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

**वृष राशि :** आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बडों से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

**मिथुन राशि:** आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

**कर्क राशि:** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी । आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनायेंगे।

# कश्मीर से कोलकाता तमिलनाडु तक आतंक के तार

मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में देश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है. पाकिस्तान आइएसआइ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों की शह पर बड़ी आतंकी साजिश रचने वाले 8 संदिग्धों को कल गिरफ्तार किया गया . उनकी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बीते दस दिनों में दिल्ली और कोलकाता के कई इलाकों में "फ्री कश्मीर" और "कश्मीर में जनसंहार बंद करो" जैसे पोस्टर लगाने की घटना के बाद शुरू हुई जांच अब एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क तक पहुंच गई है. इस पूरे ऑपरेशन में अब तक कुल 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है 6 तमिलनाडु से और 2 पश्चिम बंगाल से हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पोस्टर लगाने की घटना के बाद संदिग्ध तुरंत दिल्ली और कोलकाता से निकलकर अपने-अपने ठिकानों पर लौट गए थे. इस मामले में सबसे पहले मालदा से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जिनसे पूछताछ और मोबाइल डेटा एनालिसिस के आधार पर तमिलनाडु में सक्रिय मॉड्यूल का पता चला. इसके बाद तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स पर छापेमारी करते हुए छह और आरोपियों को पकड़ा गया.तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है. इनमें से अधिकांश के बारे में पता चला है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत में फर्जी आधार कार्ड व नकली पहचान के जरिए रह रहे थे. सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है. जांच में सामने आया है कि इनका सीधा या परोक्ष संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से था. कुछ संदिग्ध हाल ही में बांग्लादेश भी गए थे, जहां वे सक्रिय आतंकी नेटवर्क के संपर्क में आए. सुरक्षा एजेंसियों ने कोलकाता में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गहरी पैठ और एक सुनियोजित साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी उमर फारूक ने कोलकाता महानगर को ही अपना मुख्य परिचालन केंद्र बना लिया था और वह लश्कर के एक सक्रिय हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उमर का संपर्क मार्च 2025 में कश्मीर निवासीसब्बिर अहमद लोन से हुआ था, जिसके बाद कोलकाता को दहलाने की खतरनाक साजिश की पटकथा लिखी गई। इस नेटवर्क ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए न केवल हिंदू नामों का सहारा लिया, बल्कि शहर के अति-संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर उनके वीडियो सीमा पार अपने आकाओं को भेजे।खुफिया एजेंसियों के दावे के मुताबिक, हैंडलर सब्बिर के सीधे निर्देश पर उमर ने कोलकाता में एक किराए का मकान लिया था. जिसे साजिश को अंजाम देने के लिए सेफ हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर चांदनी चौक इलाके के पास स्थित एक प्रमुख मंदिर था। उमर और उसके साथियों ने अपनी पहचान छिपाकर इस मंदिर की येह ली और उसका विस्तृत वीडियो बनाकर कश्मीर मेंबैठे अपने हैंडलर को भेजा। माजिश का दायरा केवल रेकी तक सीमित नहीं था सुरक्षा बलों को पुख्ता इनपुट मिले हैं कि यह मॉड्यूल शहर में विस्फोटक और आधुनिक हथियार जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका था। दिसंबर 2024 से ही कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेकी की जा रही थी और माहौल को अस्थिर करने के लिए देश विरोधी पोस्टर लगाने की भी योजना बनाई गई थी। उमर और उसके गिरोह नैखेची-समझी रणनीति के तहत हिंदू नामों का उपयोग किया ताकि स्थानीय लोगों और पुलिस की रडार से बचा जा सके। खुफियाअधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते इस मॉड्यूल का पर्दाफाश नहीं होता, तो कोलकाता किसी बड़ी आतंकी त्रासदी का गवाह बन सकता था। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां उम्र से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महानगर में उन्हें स्थानीय स्तर पर औरकिन लोगों से रसद व अन्य सहायता मिल रही थी।एसटीएफ ने दूसरे के आधार कार्ड पर भारतीय सिम सक्रिय कर उनका ओटीपी पाकिस्तान भेजने बाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुर्शिदाबाद के बहारमपुर से पकड़े गए आरोपी का नाम सुमन शेख है। वह पुणे में काम के दौरान पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया था। जांच में खुलासा हुधा है कि सुमन फर्जी आधार कार्ड के जरिए प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीदता और उनके नंबर व व्हाट्सऐप ओटीपी सीमा पार भेज देता था। इसके बदले उसे क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया जाता था। इन सिम काईस का इस्तेमाल जासूसी या साइबर ठगी के लिए होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों के मुताविक, इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है। आपको पता रहे कि मालदा जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत गोपालपुर ग्राम पंचायत के अशिनटोला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में उमर फारूक नामक युवक को गिरफ्तार किया। साठवीं कक्षा तक पढ़े इस युवक की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में सनसनी फैला दी है, बल्कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल्स की मौजूदगी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अधिक चौंकाने वाली बात उमर फारूक के परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों में मौजूद भारी विरोधाभास है । उमर फारूक की मां ने अपने बयान में एक और बेटे की नासमझी का तर्क दिया है तो दूसरी और अनजाने में ही सही पर एक गंभीर संलिप्तता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि उमर पूरी तरह अशिक्षित है और उसे किसी भी संगठन की विचारधारा की समझ नहीं है। मां के अनुसार, संभव है कि पैसों के लालच में आकर उसने कुछ पोस्टर लगाए हों, लेकिन उसे यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि वे पोस्टर किसी उग्रवादी संगठन के हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि में जानबूझकर शामिल नहीं हो सकता। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह कोलकाता में मजदूरी की आड़ में किसी आतंकी मॉड्यूल के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि परिवार के बयानों में यह अंतर किसी बड़ी सच्चाई को छिपाने की कोशिश भी हो सकता है। फिलहाल पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि उमर की वास्तविक भूमिका क्या थी और वह किन लोगोंके निर्देश पर काम कर रहा था। दरअसल इन पोस्टर्स का उद्देश्य सोशल नैरेटिव को प्रभावित करना और भारत में अस्थिरता पैदा करना था.जांच एजेंसियां अभी यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इन आरोपियों का भारत के किसी स्थानीय मॉड्यूल या अन्य संगठनों से भी संपर्क था. शुरुआती इनपुट बताते हैं कि इस नेटवर्क में कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश जारी है. फिलहाल 8 संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ सुरक्षा एजेंसियां इसे भारत में सक्रिय एक बड़ी संगठित आतंकी साजिश का महत्वपूर्ण भंडाफोड़ मान रही हैं.वहीं सुरक्षा एजेंसियों को तमिलनाडु और कोलकाता में आतंकी के तार मिलने से हैरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### फोर व्हीलर वाहन की चपेट में आने से दो युवक बाइक सवार घायल,भर्ती

### एक युवक हायर सेंटर रेफर



**साहिबगंज**। जिले में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है.आए दिन सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो जाते हैं तो कई लोगों की मौत हो जाती है. ताजा मामला जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की शाम फोर व्हीलर वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक युवक को डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया बताया जा रहा है कि मदनशही गांव निवासी जाकिर अंसारी का पुत्र सरजहां अंसारी(18) को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जबकि मदनशाही के ही अलीम अंसारी का पुत्र सलीम अंसारी का इलाज सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। घायल सलीम अंसारी ने बताया कि वे दोनों बाइक से साहिबगंज से सब्जी लेकर मदनशाही जा रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से फोर व्हीलर ने धक्का मार दिया इधर घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायल से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

### अज्ञात किसी वाहन ने एक वृद्ध व्यक्ति को मारा टक्कर, घायल,भर्ती डॉक्टर ने किया हायर सेंटर रेफर



**साहिबगंज**। जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में अज्ञात किसी वाहन ने एक वृद्ध को टक्कर मारकर फरार हो गया टक्कर लगने से वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को पुत्र ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि बड़ा तौफिर मदनशाही गांव निवासी सायबू हेंब्रम (71) है. घायल सायबू हेंब्रम के पुत्र जोहन हेंब्रम ने बताया कि अपने पिता के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर प्रज्ञा केंद्र लोहंडा गए थे. पिता को बोले की आप प्रज्ञा केंद्र में बैठिए. कुछ देर बाद पिता रोड पर निकल गया बिना मुझे बताएं और किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया टक्कर लगने से पिता के पैर फैक्चर हो गए बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया गया डॉक्टर ने प्राथमिक की उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया ।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष कौसर आलम ने उपायुक्त को पत्र लिखा क्षतिग्रस्त पुल का कोई निदान



**साहिबगंज**।युवा कांग्रेस राजमहल विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कौसर आलम ने उपायुक्त साहिबगंज को पत्र लिख कहा कि सदर प्रखंड अंतर्गत लालबधानी गांव को साहिबगंज से जोड़ने वाले एक मात्र सड़क जो बलुआ दियारा और किसन प्रसाद के बीच बने मरगंग पुल लगभग पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त है।श्री आलम ने कहा कि 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक जिला प्रशासन की ओर से ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने अभी तक क्षतिग्रस्त पुल का कोई निदान नहीं निकाला है।वही पुल पर बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि इस पुल से मालवाहक गाड़ी पांच साल से बंद है।वही इस क्षतिग्रस्त पुल के पूरब साइड से डायवर्सन का निर्माण कर बड़ी गाड़ी को पार किया जाता है।वही बरसात के मौसम में लगभग तीन से चार महीना मालवाहक गाड़ी का रास्ता बंद हो जाता है,आसपास गांव वाले को आने-जाने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है,वही युवा कांग्रेस के राजमहल विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कौसर आलम ने साहिबगंज उपायुक्त से क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

### बहिरग्राम मोड़ के पास तीन ओवरलोड ट्रैक्टर व एक हाईवा जब्त

» बहिरग्राम मोड़ पर कार्रवाई, बिना चालान खनिज परिवहन पर सख्ती



**पाकुड़**। जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माल पहाड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ओवरलोड ट्रैक्टर एवं एक हाईवा (WB 93C 9511) को जब्त किया है। यह कार्रवाई बहिरग्राम मोड़ के पास की गई, जहां बिना चालान के खनिज सामग्री का परिवहन किया जा रहा था। माल पहाड़ी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त मार्ग से अवैध रूप से खनिज का परिवहन हो रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान तीन ट्रैक्टर ओवरलोड पाए गए, वहीं एक हाईवा (WB 93C 9511) भी बिना वैध चालान के खनिज ढुलाई करते पकड़ा गया। पुलिस न सभी वाहनों को जब्त कर थाना परिसर लाया। इस संबंध में अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन जिला खनन पदाधिकारी, पाकुड़ को भेज दिया गया है। खनन विभाग द्वारा जांच के उपरांत नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माल पहाड़ी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं बिना चालान परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने वाहन मालिकों और चालकों को चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रोजेक्ट जागृति के तहत पाकुड़ जिले में व्यापक रक्तदान शिविर, 64 यूनिट रक्त संग्रह

नई सोच एक्सप्रेस




» उपायुक्त ने किया 24वां रक्तदान, जिले के सभी प्रखंडों में एक साथ आयोजित हुए शिविर

**पाकुड़**। मंगलवार को पाकुड़ जिले में प्रोजेक्ट जागृति के अंतर्गत सभी प्रखंडों में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर रक्त अधिकोष, पुराना सदर अस्पताल पाकुड़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा, महेशपुर एवं पाकुड़िया में एक साथ आयोजित किए गए। इस पहल के तहत कुल 64 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने स्वयं रक्तदान किया। यह उनका 24वां रक्तदान तथा पाकुड़ में पांचवीं बार रक्तदान रहा। उनके साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी, जिला निर्वाचन कार्यालय के लिपिक ओंकार कुमार, पीएमयू सेल के कर्मियों सहित कई अधिकारियों ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर सुरक्षित रूप से नियमित रक्तदान कर सकते हैं और ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, "रक्तदान महादान है, क्योंकि इससे अनगिनत जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को इस पवित्र कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि जिले की कुल जनसंख्या के कम से कम एक प्रतिशत के बराबर रक्त यूनिट ब्लड बैंक में हर समय उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही जानकारी दी कि प्रोजेक्ट जागृति के तहत प्रत्येक माह की 24 तारीख को जिले के सभी प्रखंडों में नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और समाज में सेवा एवं सहभागिता की भावना को बढ़ावा मिले। शिविर में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने स्वेच्छा से भाग लेकर समाज सेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

## पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर संपन्न, 9 यूनिट रक्त संग्रह




नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़िया(पाकुड़)**। पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में कुल 9 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने किया। उद्घाटन अवसर पर बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भरत भूषण भगत ने घोषणा की कि अब प्रत्येक माह की 24 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि जरूरत के समय रक्त की कमी न हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सहभागिता से इस अभियान को और मजबूत बनाया जाएगा। शिविर के दौरान रक्तदाताओं को फल, अल्पाहार तथा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में सभी प्रक्रियाएं सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि नियमित शिविर से क्षेत्र में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सकेगी।

## दिशाहीन और गरीब-विरोधी है बजट : सुदेश महतो

नई सोच एक्सप्रेस



» आजसू ने बताया आदिवासी-दलित, युवा और किसानों की अनदेखी

**रांची**।झारखंड विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट पर आजसू पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने बजट को दिशाहीन, गरीब और मध्यम वर्ग विरोधी बताते हुए कहा कि बजट की राशि 10,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पिछले बजट की आबंटित राशि का आधा भी खर्च नहीं कर पाई, जिससे राज्य में विकास कार्य ठप पड़े हैं। श्री महतो के अनुसार 31 जनवरी 2026 तक सरकार विगत बजट का केवल 50.29 प्रतिशत ही खर्च कर सकी थी। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर बजट में कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे छात्र-युवा, आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सुदेश महतो ने मुख्यमंत्री पर केंद्र से राशि नहीं मिलने का आरोप लगाने को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री केंद्र से धन नहीं मिलने की बात करते हैं, वहीं वित्त मंत्री सदन में पर्याप्त राशि होने की बात कहते हैं, जो विरोधाभासी है। इस बीच आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि बजट से झारखंड आंदोलनकारी भी निराश हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को पेंशन वृद्धि, आरक्षण और सुविधाओं में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, लेकिन बजट में इस संबंध में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने राज्य में बढ़ते विस्थापन, पलायन और बेरोजगारी के मुद्दों की अनदेखी का आरोप भी लगाया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने बजट को आदिवासी-दलित और पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि महिलाओं और किसानों के लिए भी कोई प्रभावी योजना नहीं लाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के खराब वित्तीय प्रबंधन के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आजसू नेताओं ने कहा कि यह बजट राज्य की वास्तविक समस्याओं के समाधान के बजाय केवल आंकड़ों का खेल है, जिससे आम जनता को कोई ठोस राहत मिलने वाली नहीं है।

## भाजपा के पास गांवों और महिलाओं के विकास का कोई विजन नहीं : विनोद पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू द्वारा राज्य बजट को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार, भ्रामक और राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस बजट को "दिशाहीन" और "रंगहीन" बता रही है, वही बजट महिलाओं, बच्चों, किसानों, युवाओं और ग्रामीण विकास के लिए ठोस प्रावधानों से भरा हुआ है। श्री पांडेय ने बताया कि बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए 34,211 करोड़ रुपये का जेंडर बजट, बच्चों के कल्याण हेतु 10,793 करोड़ रुपये का बाल बजट, ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 730 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पर्यटन क्षेत्र में दशम, जोन्हा और हुण्डरू जलप्रपात सहित प्रमुख स्थलों के विकास की योजनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के माध्यम से 1.24 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिनसे लगभग 45 हजार रोजगार सृजित होने की संभावना है। भाजपा को यह सब "लूट" इसलिए दिखाई दे रहा है क्योंकि यह बजट बिचौलियों के बजाय सीधे आम जनता को सशक्त करने पर केंद्रित है। झामुमो महासचिव ने कहा कि धान खरीद, छात्रवृत्ति, पेंशन और गैस सिलेंडर जैसे मुद्दों पर भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का जवाब यही बजट है, जिसमें सामाजिक सुरक्षा और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र से प्राप्त सहायता और राज्य के अपने संसाधनों के संतुलित उपयोग से ही विकास संभव है और यही इस बजट की मूल भावना है। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय निकायों को पहली बार 1,172 करोड़ 66 लाख रुपये का अनुदान देकर सरकार ने विकेंद्रीकृत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा के पास न तो गांवों के विकास का कोई वैकल्पिक विजन है और न ही महिलाओं के सशक्तिकरण का ठोस खाका, इसलिए वह जनहितकारी बजट पर तथ्यहीन आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट झारखंड को आत्मनिर्भर और समतामूलक विकास के नए दौर में ले जाएगा।

## झारखंड सरकार और पीएनबी के बीच वेतन खाता पैकेज पर एमओयू, 'झारखंड कुबेर डैशबोर्ड' का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**।झारखंड सरकार और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज को लेकर मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग द्वारा विकसित "झारखंड कुबेर डैशबोर्ड" का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और पीएनबी के बीच हुआ यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकारी कर्मचारियों की वित्तीय सेवाएं अधिक सुगम होंगी। उन्होंने कहा कि बैंक आज के समय में व्यवसाय, कृषि, ग्रामीण विकास सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और सरकारी संस्थानों के साथ उनका समन्वय आम जनता तक भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब नेशनल बैंक राज्य सरकार के साथ मिलकर अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेगा और इस साझेदारी का लाभ कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित बैंक अधिकारियों और कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पीएनबी के महाप्रबंधक आशीष कुमार चतुर्वेदी, रांची मंडल प्रमुख अवधेश झा, उप मंडल प्रमुख राकेश कुमार श्रीवास्तव सहित राज्य सरकार और बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 'अबुआ दिशोम बजट' समावेशी व जनकल्याणकारी : आभा सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में पेश 1,58,560 करोड़ रुपये के 'अबुआ दिशोम बजट' का स्वागत करते हुए इसे समावेशी, सतत और जनकल्याणकारी विकास पर केंद्रित बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत राज्य में पांच नए बालिका आवासीय विद्यालय खोले जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही 'महिला किसान खुशहाली योजना' की घोषणा कर महिला किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आभा सिन्हा ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण से जुड़े कई अहम प्रावधान किए गए हैं, जो स्वागत योग्य हैं। यह बजट गरीबों के आंसू पोंछने और हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान लाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शहीदों के आश्रितों के लिए एक आदर्श विद्यालय की स्थापना का निर्णय भी अत्यंत सराहनीय है, जो सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि 'अबुआ दिशोम बजट' आम आदमी के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह राज्य के सर्वांगीण विकास में कारगर साबित हुआ है।

## स्टार्टअप नीति पर उठे सवाल, "इकोसिस्टम निष्क्रिय होने की कगार पर" : ISUA

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।झारखंड की स्टार्टअप नीति और उसके क्रियान्वयन को लेकर इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन (ISUA) ने गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्र ने कहा कि झारखंड विधानसभा में पूछे गए प्रश्न पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग द्वारा दिए गए आधिकारिक उत्तर ने राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 की स्टार्टअप नीति अब अप्रभावी हो चुकी है और 2023 में लागू नई नीति के बावजूद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आए हैं। विभागीय उत्तर में 22 स्टार्टअप्स को 25 प्रतिशत प्रोटोटाइप फंड दिए जाने की बात कही गई है, लेकिन एसोसिएशन के अनुसार वास्तविकता में लगभग 15 स्टार्टअप्स को ही सीमित और आंशिक सहायता मिली, वह भी पूर्ववर्ती कार्यकाल में शुरू हुई प्रक्रिया के तहत। ISUA ने सरकार से लाभार्थियों की प्रमाणित सूची, भुगतान की तिथि और वितरित राशि सार्वजनिक करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि विभाग द्वारा प्रशासनिक कारणों और पद रिक्त रहने से गतिविधियां प्रभावित होने की बात स्वीकार करना नीतिगत शिथिलता को दर्शाता है। यदि वर्षों तक निर्णय प्रक्रिया प्रभावित रही, तो इससे हजारों युवाओं की आकांक्षाओं को नुकसान पहुंचा है। एसोसिएशन ने कहा कि नई स्टार्टअप नीति लागू होने के बाद भी नए चयन, वित्तीय स्वीकृति या प्रगति रिपोर्ट सामने नहीं आना चिंताजनक है। राज्य के युवा उद्यमी असमंजस की स्थिति में हैं, क्योंकि न तो पुरानी प्रतिबद्धताओं का समाधान हुआ है और न ही नई नीति का प्रभावी क्रियान्वयन दिख रहा है। ISUA के अनुसार झारखंड का स्टार्टअप इकोसिस्टम लगभग निष्क्रिय अवस्था में पहुंच चुका है। कई उद्यमी राज्य से बाहर अवसर तलाशने को मजबूर हैं, इनक्यूबेशन तंत्र कमजोर पड़ गया है और निवेशकों का भरोसा कम हो रहा है। संगठन ने राज्य सरकार से लंबित वित्तीय दायित्वों के शीघ्र भुगतान, लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक करने, नई नीति के तहत चयन प्रक्रिया की स्पष्ट समयसीमा तय करने तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट जारी करने की मांग की है। ISUA का कहना है कि झारखंड के युवा नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस समर्थन और भरोसे की जरूरत है।

## कांग्रेस समर्थित के पक्ष में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने चलाया जनसंपर्क अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।नगर निगम चुनाव के मद्देनजर शनिवार को कांग्रेस समर्थित नगर निगम के मेयर प्रत्याशी तस्लीम अंसारी के पक्ष में दीपू गढ़ा के विभिन्न मोहल्ले में सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हजारीबाग की जनता बदलाव चाहती है । तस्लीम अंसारी एक स्वच्छ और विकास को आगे ले जाने की सोच रखने वाल कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवार हैं । नगर निगम में पारदर्शिता और जनहित कार्यों को गति देने के लिए उनका विजय होना अति आवश्यक है । नगर निगम में स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा मूलभूत सरंचना सुदृढ करना कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार की पहली प्राथमिकता हीगी । तस्लीम अंसारी के नेतृत्व में शहर को नई दिशा और नई गति मिलेगी । उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं और पिछड़े वर्गो की उम्मीदें तस्लीम अंसारी से जुड़ी हुई है । शहर के सर्वांगीण विकास और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए जनता इस बार सही निर्णय लेगी और कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवार तस्लीम अंसारी के पक्ष में अपना मतदान करने का मन बना चूंकी है । मौके पर हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह, डॉ.आरसी मेहता, रजि अहमद जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी गोविंद राम, विरेन्द्र कुमार सिंह, रेणु कुशवाहा, कोमल कुमारी, मनिषा टोप्पो, नवीन जार्ज, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह एससी सेल के अध्यक्ष मुकेश पासवान, सुनिल कुमार ओझा, कविता सिंह के अतिरिक्त बड़ी संख्या में कांग्रेसी और डीपू गढ़ा के समाजिक कार्यकर्ता तथा गण्यमान्य लोग उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरी के काम करने के दौरान घर के छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल



**साहिबगंज।**नगर थाना क्षेत्र में मजदूरी के काम करने के दौरान मंगलवार को घर के छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल हो गए दोनों मजदूर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. बताया जा रहा है कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर घोगी निवासी राजेश कुमार मंडल (19) व वकील कुमार मंडल (23) है. दोनों मजदूर नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार तालाब स्कूल के निकट एक घर में काम कर रहा था. काम करने के दौरान अचानक घर के छज्जा गिरने से दोनों मजदूर घायल हो गया आगे घायल मजदूर वकील कुमार मंडल ने बताया कि घर के छज्जा तोड़ रहे थे छज्जा पुराना था. अचानक दोनों के शरीर में छज्जा टूटकर गिर गया. घर में चार दिनों से काम कर रहा था. बरहाल दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में किया गया ।

### गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित विदाई समारोह



**साहिबगंज।**शहर के चौधरी कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए नव पदस्थापित उप जोन समन्वयक इंजीनियर अनिल कुमार ने कहा कि महामंत्र जितने जग माही कोऊ गायत्री सम नाही अर्थात हमारे वेद पुराणों में वर्णन है कि गायत्री महामंत्र सर्वशक्तिमान है जिसके जपने से हमारे अंदर आत्म शक्ति का विस्तार होता है। इसलिए सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को गायत्री महामंत्र जपना चाहिए। ये बातें कही।बताया गया कि शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा साहिबगंज उप जोन में पद स्थापित समन्वयक श्याम नंदन सिंह का स्थानांतरण बोकारो कर दिया गया है तथा उनके स्थान पर इंजीनियर अनिल कुमार को पदस्थापित किया गया है।विदाई समारोह की शुरुआत समन्वयक श्याम नंदन सिंह,अनिल कुमार,कमलकांत मंडल और वीरेंद्र कुमार चौधरी ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया। निवर्तमान समन्वयक श्याम नंदन सिंह को गायत्री मंत्र दुपट्टा पहनाकर तथा अंग वस्त्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया गया।सभी उपस्थित परिजनों ने उन्हें तिलक लगाकर तथा पुष्पांजलि देकर उनके मंगलमय तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।निवेदन किया गया की साहिबगंज और पाकुड़ जिला में अपना आशीर्वाद अगले दिनों की बनाए रखेंगे।मौके पर की समन्वयक श्याम नंदन सिंह ने शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।मौके पर बोरियो से महादेव ठाकुर,,राजमहल से सुबल कुमार शाह,बरहरवा से संजय भगत, मिर्जाचौकी से इना देवी,राज किशोर राय,वीरेंद्र कुमार चौधरी,हरिहर प्रसाद मंडल,सत्यदेव प्रसाद सिंह,शिवशंकर निराला,सरिता पोद्दार,निभा देवी,मधु कुमारी,प्रियंका सोनी,अनीता देवी,रेखा देवी,संगीता कुमारी आदि मौजूद थे।

### झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सौजन्य से योजना हमारी, प्रगति हमारी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बरहरवा/साहिबगंज।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) बरहरवा के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए नव - चयनित रिसोड़ मॉडल संकुल संघ के कार्यकारिणी सदस्यों का एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम बरहरवा के पुराना पतना पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम बीपीएम फैज़ आलम की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य "योजना हमारी, प्रगति हमारी" अभियान के माध्यम से सहभागी योजना निर्माण को बढ़ावा देना तथा क्लस्टर स्तरीय संघों को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर बीपीएम फैज़ आलम ने कहा कि विज़निंग, वार्षिक कार्ययोजना एवं व्यवसाय विकास योजना, संकुल स्तरीय संघों को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि यह अभियान रणनीतिक दिशा निर्धारण के साथ - साथ भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के प्रति मॉडल संकुल संघ की तैयारी को सुदृढ़ करने का प्रयास है।प्रशिक्षक बीएपी पवन कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि योजनाएँ ग्राम संगठन स्तर पर सदस्यों द्वारा तैयार की जाएंगी। इसके बाद उन्हें समेकित कर संकुल स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक दाऊद टुडू, पीआरपी रुंजेला खातून, लेखापाल मर्शी मुर्मू सहित अन्य संबंधित कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योजना निर्माण प्रक्रिया को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### एक बालक को सांप कटने से हुआ मूर्छित अस्पताल में भर्ती

**राजमहल/साहिबगंज।**प्रखंड अंतर्गत कन्हैया स्थान में मंगलवार को एक बालक को सांप काटने से मूर्छित हो गया परिजनों इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया स्थान निवासी आनंद मंगल के पुत्र शिव कुमार मछली पकड़ने के लिए तालाब गया हुआ था। इसी दौरान एक सांप ने उसे काट लिया। बरहाल बालक का इलाज अस्पताल में किया गया ।

# होली एवं रमजान को लेकर हिरणपुर थाना में शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



> » होली और रमजान को लेकर प्रशासन सतर्क, जबरन रंग डालने व हुड़दंग पर सख्ती की चेतावनी

**हिरणपुर(पाकुड़)।**आगामी होली पर्व एवं पवित्र रमजान माह को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को हिरणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ दिलीप टुडू, सीओ मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी विनय कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा दोनों समुदायों के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ मनोज कुमार ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, वहीं रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा रमजान को देखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों पर जबरन रंग या अबीर न डालें। सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। बीडीओ दिलीप टुडू ने कहा कि किसी पर भी जबरदस्ती रंग-अबीर न डालें, ताकि किसी प्रकार का विवाद या झगड़े का माहौल उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा दंडाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। साथ ही 25 फरवरी को जिला स्तर पर वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित होगी, जिसमें हिरणपुर से पांच या अधिक गणमान्य लोग शामिल होकर अपने-अपने कार्यक्रम की जानकारी दे सकते हैं। थाना प्रभारी विनय कुमार ने स्पष्ट कहा कि होली के नाम पर किसी प्रकार का हुड़दंग या ऐसी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिससे किसी भी समुदाय के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और उन्हें चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं किसी प्रकार की आशंका हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। बैठक में बच्चा चोरी की फैल रही अफवाहों पर भी चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने लोगों से अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से कहा गया कि बच्चों को अकेला न छोड़ें, लेकिन किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि किए बिना प्रतिक्रिया न दें। इस दौरान हिरणपुर के चंदन भगत ने जानकारी दी कि आगामी 01 मार्च को प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा है। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए थाना में लिखित आवेदन एवं कार्यक्रम की समय-सारणी अनिवार्य रूप से जमा करें। शांति समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से अपील की कि सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। जहां रंगों की होली खेली जा रही हो, वहां से गुजरते समय भी आपसी समझदारी बनाए रखें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में एएसआई बिनोद टुडू, एएसआई साधन कर्मकार, शिव शंकर भट्ट, मोहनलाल भगत, जाबेद आलम, तारा रक्षित, विकास दास, चंदन भगत, सन्नी दत्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक किया आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।**जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार उपविकास आयुक्त रिया सिंह ने मंगलवार को समाहरणालय सभा कक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक किय। बैठक में एसएमएस रिपोर्टिंग, छात्र-शिक्षक उपस्थिति, आईएफए (IFA) दवा वितरण, आयुष्मान कार्ड निर्माण सहित विभिन्न बिंदुओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।उपविकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रतिदिन एसएमएस रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं से संबंधित अद्यतन डेटा ससमय उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने को कहा गया। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार के विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं जैसे पेयजल सुविधा, नए भवनों का निर्माण, चहारदीवारी, किचेन शेड, बेंच-डेस्क आदि से संबंधित आवश्यकताओं की चेकलिस्ट उपलब्ध कराई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों से उनकी आवश्यकताओं के अनुसार चेकलिस्ट भरवाकर निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत की जाए। पीएम श्री विद्यालयों से प्राप्त चेकलिस्ट की भी बैठक में समीक्षा की गई।बैठक में उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह के अलावा जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, एमडीएम ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# पाकुड़ में डिजिटल लॉटरी का आतंकः व्हाट्सएप मैसेज पर लग रही है हजारों की बाजी, प्रशासन को चकमा दे रहा 'सरगना'

नई सोच एक्सप्रेस




> » पाकुड़ में 'नागालैंड लॉटरी' की तर्ज पर मोबाइल से मोबाइल में चल रहा 'चॉइस नंबर' का अवैध खेल, व्हाट्सएप बना सट्टेबाजों का नया अड्डा

**पाकुड़।** जिले में इन दिनों अवैध लॉटरी का कारोबार एक नए और आधुनिक स्वरूप में पैर पसार चुका है। नागालैंड एटीएम लॉटरी की तर्ज पर अब पाकुड़ में 'चॉइस नंबर' का खेल धड़ल्ले से खेला जा रहा है। यह पूरा खेल अब सड़कों के बजाय मोबाइल के भीतर सिमट गया है, जिससे पुलिस और खुफिया तंत्र को भनक तक नहीं लग रही है।

**क्या है यह 'चॉइस नंबर' का खेल?**

सूत्रों के मुताबिक, इस खेल में खिलाड़ी अपनी पसंद का कोई भी 5 अंकों का नंबर चुनते हैं। इसे ही 'चॉइस नंबर' कहा जाता है। खिलाड़ी इस नंबर को अवैध लॉटरी एजेंटों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजते हैं और दांव की राशि का भुगतान भी डिजिटल माध्यमों से किया जाता है।

**बंगाल की वैध लॉटरी का अवैध सहारा**

इस गोरखधंधे की सबसे खास बात यह है कि इसका परिणाम (रिजल्ट) पूरी तरह पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित वैध नागालैंड लॉटरी के नतीजों पर आधारित होता है। खेल का समय भी उसी के अनुसार तय है:

दोपहर 1:00 बजे
शाम 6:00 बजे
रात्रि 8:00 बजे

जैसे ही आधिकारिक लॉटरी का रिजल्ट आता है, ये एजेंट व्हाट्सएप पर सक्रिय हो जाते हैं और हार-जीत का फैसला चंद सेकंड में हो जाता है। पाकुड़ में सट्टेबाजों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि वे 'डबल पैसे' का लालच देकर भोले-भाले लोगों को इस दलदल में धकेल रहे हैं।

**सफेदपोश 'मास्टरमाइंड' और सक्रिय सिंडिकेट**

बताया जा रहा है कि पाकुड़ जिले में एक बड़ा सरगना इस पूरे नेटवर्क को हैंडल कर रहा है। इस गिरोह के सदस्य आम लोगों की तरह घुल-मिल कर रहते हैं, जिससे उन्हें पहचानना नामुमकिन हो जाता है। सूत्रों का कहना है कि ये मास्टरमाइंड इतने शातिर हैं कि उन्होंने पुलिस से बचने के लिए कोई भौतिक रिकॉर्ड नहीं रखा है सारा कच्चा चिट्ठा व्हाट्सएप मैसेज में ही छिपा है।

**पुलिस के लिए बड़ी चुनौती**

पाकुड़ पुलिस अधीक्षक और उनके खुफिया तंत्र के लिए यह एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। चूंकि खेल मोबाइल से मोबाइल में खेला जा रहा है, इसलिए छापेमारी के दौरान भौतिक सबूत मिलना मुश्किल होता है। जानकारों का कहना है कि अगर पुलिस सघनता से डिजिटल सर्विलांस और व्हाट्सएप ट्रेल की जांच करे, तभी इस बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ हो सकता है।

"प्रशासन को अब इस डिजिटल अपराध के खिलाफ ठोस और तकनीकी रणनीति अपनानी होगी, वरना पाकुड़ की युवा पीढ़ी इस अवैध चॉइस नंबर के जाल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर लेगी।"

# एयर एंबुलेंस हादसाः गया चतरा जिले एक ही परिवार के तीन समेत सात की दर्दनाक मौत

नई सोच एक्सप्रेस



> » मौसम बिगड़ने से सिमरिया के जंगल में क्रैश, 8 लाख रुपये खर्च कर दिल्ली ले जाया जा रहा था मरीज
> » चतरा बरैनी गांव के बालों साव के दामाद बेटी और नाती की भी शामिल
> » चतरा आर ई ओ के कार्यपालक अभियंता देव सहाय भगत के पुत्र थे पायलट

**चतरा।**मानव जीवन बचाने की कोशिश एक भयावह त्रासदी में बदल गई, जब गंभीर रूप से झुलसे मरीज को दिल्ली ले जा रही एयर एंबुलेंस सिमरिया थाना क्षेत्र के केंदू कसारी स्थित करम टॉड़ के जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एयर एंबुलेंस में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदवा सरोज नगर के निवासी संतोष साहू (65 प्रतिशत झुलसे) को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया जा रहा था। संतोष साहू की स्थिति गंभीर थी और डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया था। इसके लिए परिजनों ने करीब 8 लाख रुपये खर्च कर एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की थी। बताया जाता है कि सोमवार को दिन करीब 12 बजे बकोरिया गांव के दुकान में शॉर्ट सर्किट से उनके घर में आग लग गई थी, जिसमें वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। उनका इलाज रांची के देवकमल अस्पताल में चल रहा था, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया गया। चतरा सदर थाना क्षेत्र के बरैनी गांव निवासी बालों सवा के पुत्री का ब्याह चंदवा सरोज नगर में हुई थी, एयर एंबुलेंस में संतोष साहू के साथ उनकी पत्नी बसंती देवी, भांजा ध्रुव, पायलट स्वराज दीप सिंह , सह-पायलट विवेक, मेडिकल टीम के डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता, नर्सिंग स्टाफ सचिन कुमार मिश्रा और डॉ विकास भगत सवार थे। उड़ान के दौरान अचानक मौसम खराब हो गया, जिससे एयर एंबुलेंस संतुलन खो बैठी और सिमरिया के घने जंगल में क्रैश कर गई। हादसा इतना भीषण था कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला और सभी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन और एसएसबी 35वीं बटालियन के जवान मौके पर पहुंचे और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया। दुर्गम जंगल और सड़क से लगभग चार किलोमीटर अंदर होने के कारण राहत कार्य में काफी कठिनाई हुई। जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी शवों को बाहर निकालकर चार किलोमीटर पैदल चल कर एंबुलेंस के जरिए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं यह हादसा लोगों को झकझोर कर रख देने वाला साबित हुआ है।

## महादेवगंज में हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व भव्य कलश यात्रा



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज।**सदर प्रखंड स्थित महादेवगंज जागरूचौकी स्थित गौशाला के जजमान परिवार श्री रामगोपाल यादव उनकी धर्म पत्नी जीरिया देवी के आवास पर नव निर्माण शिवपरिवार सह हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 पंच तेरह भाई त्यागी महामंडलेश्वर श्री बृजमोहन दास जी महाराज का आगमन हुआ। उनके साथ महामंडेश्वर राम बालक दास जी महाराज,महामंडलेश्वर सुदामा दास जी महाराज,महंडलेश्वर धर्म दास जी महाराज,महामंडलेश्वर महावीर दास जी महाराज श्री अयोध्या धाम खाक चौक उत्तरप्रदेश से पधारे,इस पावन अवसर पूरी बनारस के पुरोहित द्वारा मंत्रों उच्चारण विधि विधान से पूजा स्थानीय पत्थर घाट मां गंगा से जल भर 251 मातृशक्ति,कन्या द्वारा कलश यात्रा में शामिल हुई।इस अवसर पर पप्पू यादव, बबन यादव,माखनलाल यादव,अनुराग राहुल,श्री कृष्ण जी महाराज शांति कुंज हरिद्वार कमलेश यादव निर्मल यादव, सुनील कुमार सिंहा विजय पासवान, बिनोद कुमार बौद्ध,संतोष यादव बोला भगवान्,सियाराम यादव,बिगुल यादव, संजय ब्यास,ब्रह्मदेव यादव सहित कई भक्त जन मौजूद थे।

# महेशपुर थाना एवं रदीपुर ओपी में होली-रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



> » मंदिर-मस्जिदों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे, हुड़दंग व अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**महेशपुर(पाकुड़)।**आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर महेशपुर थाना एवं रदीपुर ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ विजय कुमार, सीओ संजय कुमार सिन्हा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा तथा रदीपुर ओपी प्रभारी अजय उपाध्याय उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि सभी समुदाय आपसी भाईचारे के साथ अपने-अपने पर्व मनाएं और किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने से बचें। पदाधिकारियों ने बताया कि पर्व के दौरान क्षेत्र के मंदिरों एवं मस्जिदों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों, शराबियों एवं हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। स्पष्ट किया गया कि किसी भी सूरत में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में अवैध शराब बिक्री, खेल मैदानों में शराब सेवन तथा तेज रफ्तार बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इस मौके पर एसआई अजय महतो, एएसआई अनिल सिंह, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी, अमित अग्रवाल, राहुल मिश्रा, गुंजन तिवारी, अनिकेत सिंह, तमाल चंद्र बनर्जी, गोपाल यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।बैठक के अंत में सभी ने संयुक्त रूप से अपील की कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखते हुए होली और रमजान पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर एंबुलेंस हादसा: पायलट विवेक विकास भगत के निधन से झारखंड में शोक




**चतरा।** चतरा में हुए दर्दनाक एयर एंबुलेंस हादसे में पायलट विवेक विकास भगत के निधन से चतरा, लातेहार समेत पूरे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। विवेक विकास भगत लातेहार जिले के लूटी गांव के निवासी थे और अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जाता है कि विवेक बचपन से ही मेधावी और कर्मठ थे तथा पायलट बनकर उन्होंने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया था। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक पायलट के पिता देव सहाय भगत वर्तमान में ग्रामीण कार्य विभाग, चतरा में कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

### नवविवाहिता ने बाथरूम के वेंटीलेटर में फंदा लगा की खुदकुशी

**दानापुर।** थाना अंतर्गत आरके पुरम स्थित कालोनी में एक किराए के मकान में रह रही नवविवाहिता ने बाथरूम के वेंटीलेटर में फंदा लगा खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान मोहित कुमार की 24 वर्षीय पत्नी रवीना कुमारी उर्फ खुशबू के रूप में की गई है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतिका अपने पति मोहित कुमार के साथ डॉक्टर कमलेश्वर प्रसाद के मकान में किराए के रूप में विगत 3 माह से रह रही थी। मंगलवार की सुबह पति मोहित ने देखा कि बाथरूम के वेंटिलेटर से फंदा लगा उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। आसपास के लोगों को इकट्ठा होने पर बाथरूम का दरवाजा खोल खोला गया। वहीं कुछ लोगों ने स्थानीय पुलिस को इसके बारे में सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पूछताछ के लिए पति को थाने में रखा गया है। बताया जा रहा है कि मोहित कुमार मूल निवास स्थान छपरा है। वहीं मृतका का भी मूल निवास स्थान छपरा ही है। वर्तमान में मृतका के परिजन चंडीगढ़ में रह रहे हैं। दानापुर पुलिस द्वारा बताया गया कि घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है। मृतक के परिजनों के आवेदन के आधार पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जाएगी।

### जट डुमरी जंक्शन पर विशेष टिकट जांच अभियान

**पुनपुन।** पटना गया रेलखंड के जट डुमरी जंक्शन सोमवार की सुबह सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया, जहां वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर,अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश अनुसार मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक टिकट जांच दिलीप कुमार के नेतृत्व में संघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 450 यात्री पकड़े गए जहां तकरीबन 1,40,255 जुर्माना वसूली गई दरअसल दानापुर अनुमंडल के पटना गया रेलखंड के जट डुमरी जंक्शन पर सोमवार की सुबह 8:00 बजे पटना सिंगरौली एवं तीन पैसेंजर ट्रेनों में संघन टिकट चेकिंग अभियान की शुरुआत की गई और जैसे ही अभियान की शुरुआत हुआ तो यात्रियों के बीच हरकंप मच गई, और जैसे ही टिकट चेकिंग अभियान की खबर मिली टिकट कटवाने के लिए लोगों की भीड़ उभर गए और बताया जाता है कि तकरीबन एक घंटा के अंतराल में 50000 से ज्यादा टिकट बिक्री हुई, इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणाम स्वरुप पटना-गया रेलखंड के सभी स्टेशन जैसे परसा बाजार,पुनपुन घाट, जट डुमरी जंक्शन आदि टिकट काउंटर पर यात्रियों का बड़ी भीड़ देखी गई एवं प्रत्येक स्टेशन पर टिकट बिक्री लगभग 40 से 45% अधिक दर्ज की गई बिना टिकट एवं अनियमित यात्री के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

### सोनपुर मंडल में मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव से बड़ी सफलता

» इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 47,92,05,456 रुपया का रेल राजस्व के प्राप्ति

**पटना।** सोनपुर मंडल में दिनांक 23.02.2026 को वाणिज्य विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार के निर्देशन एवं मंडल वाणिज्य टीमों की समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप इस अभियान ने अत्यंत सकारात्मक उपलब्धियाँ दर्ज कीं। इस विशेष जांच अभियान के दौरान विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में टिकट जांच टीमों ने कुल 2803 मामलों में बिना टिकट एवं अनियमित टिकट से यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा। इनसे 19,38,490 की राजस्व वसूली की गई, जो मंडल के राजस्व संरक्षण के प्रयासों को और मजबूत करती है। सोनपुर मंडल में निरंतर सघन टिकट जांच अभियान जारी है। विदित हो कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 7,14,687 बेटिकट यात्रियों से कुल 47,92,05,456 रुपया का रेल राजस्व अर्जित किया है। यह यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की बढ़ती जागरूकता, मंडल की सतत मॉनिटिरिंग तथा टिकट जांच टीमों की प्रभावी कार्यशैली का परिणाम है। सोनपुर मंडल द्वारा टिकट जांच अभियान केवल राजस्व संरक्षण ही नहीं, बल्कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित यात्रा एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे विशेष अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि अवैध यात्रा पर प्रभावी रोक लग सके और अधिक से अधिक यात्री समुचित टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित हों। सोनपुर मंडल भारतीय रेल के राजस्व एवं सेवा गुणवत्ता में सतत सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

### पटना में चौकीदार-दफादारों पर लाठीचार्ज निंदनीय : अरुण भारती



**पटना।** लोजपा (रा) के जमुई सांसद सह प्रदेश संगठन प्रभारी श्री अरुण भारती ने पटना में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे चौकीदार-दफादारों पर हुए लाठीचार्ज की घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि गांवों की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ रहे इन कर्मियों की आवाज़ को बल प्रयोग से दबाना किसी भी रूप में उचित नहीं है। श्री भारती ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे चौकीदार-दफादार परिवारों की आजीविका और गरिमा से समझौता स्वीकार्य नहीं है। गांवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वालों का सम्मान करना और उनका भविष्य सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर वे शीघ्र ही बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री सम्राट चौधरी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपेंगे, जिसमें चौकीदार-दफादारों की मांगों, उनकी सेवा-संबंधी समस्याओं के समाधान तथा लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग शामिल होगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने भी इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि लोजपा (रा) चौकीदार-दफादारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनके साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# पाकुड़ एनडीपीएस मामले में चार को सजा, दो को 10-10 साल की सश्रम कारावास

## 13 किलो गांजा बरामदगी मामले में चार दोषी करार, दो को 10-10 साल की सजा

नई सोच एक्सप्रेस




**पाकुड़।** गांजा तस्करी के एक महत्वपूर्ण मामले में मंगलवार को दिवाकर पांडे की अदालत ने एक महिला समेत चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई। न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो दोषियों को 10-10 वर्ष, एक को 8 वर्ष तथा चौथे को 7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कुल साढ़े तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में दो दोषियों को एक-एक वर्ष, तीसरे को आठ माह तथा चौथे को सात माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

**किन्हें कितनी सजा:** 10-10 वर्ष की सजा पाने वालों में सेंटू कुमार यादव (27), पिता सुरेश यादव, ग्राम झामर थाना पीरपैंती तथा शेख गुरफान (34), पिता शेख यूनिश, निवासी पीरपैंती बाजार शामिल हैं। न्यायालय ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

तीसरे दोषी मोहम्मद हनीफ (30), पिता शेख जब्बार, निवासी शेरमारी बाजार, थाना पीरपैंती को 8 वर्ष की सजा सुनाई गई है। उस पर 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे अतिरिक्त आठ माह कारावास भुगतना होगा।

वहीं गोद में बच्चे के साथ पकड़ी गई 27 वर्षीय शोभा कुमारी को 7 वर्ष की सजा एवं 70 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे सात माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

**13 किलो गांजा के साथ पकड़े गए थे आरोपी:** मामला 19 दिसंबर 2022 की सुबह करीब 8:30 बजे का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से कुछ लोग गांजा लेकर पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर उतरेंगे। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्टेशन परिसर और आसपास के रास्तों पर घेराबंदी कर दी। ट्रेन के रुकने के बाद तीन पुरुष और एक महिला ट्रेन से उतरकर माल गोदाम रोड की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली। तलाशी में दो आरोपियों के पास से चार-चार किलोग्राम, एक के पास से तीन किलोग्राम तथा चौथे के पास से दो किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। कुल 13 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया था। इस मामले में न्यायालय के फैसले को नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने इसे कानून-व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## चतरा लेम मे ब्रह्मभोज्य. कार्यक्रम में पहुचें कार्यकर्ता



नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव व चतरा लेमभोज्य पंचायत के पूर्व मुखिया श्री पारसनाथ सिंह जी के माता के द्वादश कार्यक्रम में शामिल हुवा! द्वादश कार्यक्रम में आजसू पार्टी प्रमुख श्री सुदेश महतो जी, आजसू प्रवक्ता आदरणीय श्री देवशरण भगत जी झामुमो केंद्रीय सदस्य श्री मनोज चंद्रा जी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्ति शिक्षक देवचरण दांगी जी,झामुमो जिला सचिव चंद्रदेव साहू जी, झामुमो नेता बैजनाथ कुमार दांगी झामुमो नेता विनोद ठाकुर जी आजसू जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी जी,कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रदेव गोप जी आजसु प्रखंड अध्यक्ष सिकन्दर मेहता ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी यदुनंदन पांडेय अनेकों गणमान्य लोग व जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## गनपुरा (पाकुड़िया) में बड़ी चोरी, शटर काटकर मोबाइल दुकान से लाखों का सामान पार

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़िया(पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के गनपुरा गांव में बीती रात चोरों ने एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात अपराधियों ने दुकान का शटर काटकर अंदर प्रवेश किया और लाखों रुपये के मोबाइल फोन तथा नकदी लेकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान से लगभग 15 से 18 नए मोबाइल, करीब 60 पुराने मोबाइल फोन तथा लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो शटर कटा हुआ देख उनके होश उड़ गए। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले से नकदी गायब थी। दुकानदार ने बताया कि इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। नए और पुराने मोबाइल मिलाकर लाखों रुपये की क्षति हुई है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे निगरानी कैमरों (सीसीटीवी) की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संदिग्ध गतिविधियों की तलाश की जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाई जाए और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

## आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



» जमीन विवाद, अनुकंपा बहाली सहित विभिन्न मामलों पर एक सप्ताह में प्रतिपुष्टि देने का निर्देश

**पाकुड़।** आम जनमानस की समस्याओं के समाधान एवं त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी शिकायतों की जांच कराते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन करना है। जनता दरबार में जमीन विवाद, अनुकंपा के आधार पर चौकीदार बहाली, राजस्व मामलों सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों की भौतिक जांच कर यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन ने पुनः यह संदेश दिया कि आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई की जाएगी।

# डीबीएल पचवारा माइंस में फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत कर्मियों को खिलाई गई दवा

## पचवारा सेंट्रल कोल माइंस अलूबेड कैंप कार्यालय में लगाया गया विशेष शिविर

नई सोच एक्सप्रेस



**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चल रहे फाइलेरिया मुक्ति अभियान (आई.डी.ए.) के तहत बुधवार को डीबीएल पचवारा सेंट्रल कोल माइंस, अलूबेड स्थित कैंप कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमड़ापाड़ा की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान डीबीएल एवं पीएसपीसीएल के कोल कर्मियों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को फाइलेरिया से बचाव हेतु निर्धारित खुराक खिलाई गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने उपस्थित लोगों को फाइलेरिया रोग के लक्षण, कारण एवं बचाव के उपायों की भी जानकारी दी और सभी से अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में पीएसपीसीएल के एजेंट राकेश कुमार सिंह, डीबीएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा, बी.पी.आर. कंपनी के जीएम श्रीनिवास रेड्डी, डीबीएल के माइंस मैनेजर भावेश कुमार दिवाकर, सहायक लाइसेंस मैनेजर संजय कुमार सहित अमन कुमार सिंह, मोहम्मद निसाद आलम, मनोज कुमार मोदक तथा अन्य पीएसपीसीएल एवं डीबीएल के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने स्वयं दवा का सेवन कर कर्मियों को जागरूकता का संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से घर-घर जाकर दवा खिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे दवा का सेवन अवश्य करें और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## रतीपुर (महेशपुर) में स्पेक्टेकल्ड कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा गया

नई सोच एक्सप्रेस



**महेशपुर(पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र के रतीपुर गांव में मंगलवार, 24 फरवरी 2026 को एक स्पेक्टेकल्ड कोबरा (नाग) के दिखाई देने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, अपराह्न 3:05 बजे सोनल कुमार के घर के पास जहरीला सांप देखा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत सर्पमित्र को सूचना दी। सूचना मिलते ही सर्पमित्र अशरफुल मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। काफी सतर्कता और कौशल के साथ उन्होंने सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। बाद में उसे प्राकृतिक आवास के अनुरूप जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि स्पेक्टेकल्ड कोबरा अत्यंत विषैला सांप होता है, जिसे आमतौर पर 'नाग' के नाम से जाना जाता है। समय रहते रेस्क्यू होने से किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। सर्पमित्र अशरफुल ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं सांप दिखाई दे तो घबराएं नहीं और न ही उसे मारने का प्रयास करें। तुरंत प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम या वन विभाग को सूचना दें। साथ ही घर के आसपास साफ-सफाई रखने और झाड़ियों को नियमित रूप से हटाने की भी सलाह दी गई, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। घटना के बाद ग्रामीणों ने सर्पमित्र के त्वरित एवं साहसिक कार्य की सराहना की।

## उपायुक्त मनीष कुमार ने माध्यमिक व उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

### कक्षा 8, 9 एवं 11 की परीक्षाओं की तैयारी और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर दिया जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं आगामी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, बीआरपी, सीआरपी एवं बीपीओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कक्षा 8, 9 एवं 11 की आगामी परीक्षाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित जैक बोर्ड परीक्षाएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं और अब विद्यालयों की आंतरिक परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। कक्षा 8 की परीक्षा 2 मार्च से प्रस्तावित है, ऐसे में सीमित समय को देखते हुए सभी विद्यालय अभी से गंभीरता के साथ तैयारी में जुट जाएँ। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि शेष समय में विद्यार्थियों का गहन अभ्यास कराया जाए, मॉडल प्रश्नपत्रों पर चर्चा की जाए तथा कमजोर विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरी लगन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाएँ और परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करें। साथ ही सभी परीक्षाएँ निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हों, इसके लिए आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष जिले के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों में स्टॉल लगाकर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बचे हुए विद्यार्थियों को दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करें, ताकि जिला पूर्णतः फाइलेरिया मुक्त बन सके।

## लगातार 30वीं बार रक्तदान कर डॉ. सुभाष आनंद ने दिया मानवता का संदेश

### प्रोजेक्ट जागृति के तहत आयोजित शिविर में आठ लोगों ने किया रक्तदान

नई सोच एक्सप्रेस




**पाकुड़।** जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा 'प्रोजेक्ट जागृति' के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में उस समय प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब पीएम श्री मध्य विद्यालय, तारापुर के प्रधानाध्यापक डॉ. सुभाष आनंद ने लगातार 30वीं बार रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट परिचय दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी टूडू दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण, शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी किशन भगत, शिक्षक दीपक साहा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। इस अवसर पर डॉ. सुभाष आनंद ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में किसी भी मरीज को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोगों से भ्रांतियों को दूर कर स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभ तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों के निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य "बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में मानवता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस शिविर में कुल आठ लोगों ने रक्तदान किया। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की कि वे आगे बढ़कर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के तत्वावधान में प्रत्येक माह की 24 तारीख को नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 17 जगहों पर लगेंगे नए ट्रैफिक सिग्नलःकैमरे और सेंसर से होंगे लैस

**पटना।** पटना में ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए शहर में 17 नए स्थानों पर ऑटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। ये सभी नए सिग्नल मॉडर्न कैमरों और सेंसर से लैस होंगे। अब शहर में ट्रैफिक सिग्नलों की संख्या 28 से बढ़कर 45 हो जाएगी। हाल ही में पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। इसके बाद स्मार्ट सिटी ने शहर के 25 चौराहों का सर्वे कराया, जिनमें से 17 जगहों को सिग्नल के लिए सही पाया गया, जबकि 8 जगहों पर तकनीकी दिक्कतों के कारण सिग्नल नहीं लग सकेंगे। ये सभी नए सिग्नल इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़ेंगे, जिससे ट्रैफिक की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगा। सर्वे के अनुसार मीठापुर न्यू बाइपास, मलाही पकड़ी पुल के नीचे, करबिगहिया पेट्रोल पंप, मुन्ना चौक, डीपीएस मोड़, गोला रोड, रूपसपुर पुल , आरा गार्डन मोड़, अंबेडकर पथ, त्रिभुवन मोड़, आयुक्त कार्यालय मोड़, स्वामी नंदन तिराहा, गौरिया टोली, जीपीओ पुल के नीचे, डंका इमली गोलंबर, एनआइटी मोड़ और आर ब्लॉक के नीचे सिग्नल लगाए जाएंगे। वहीं, इस सर्वे में 8 स्थानों को रिजेक्ट कर दिया गया है। आरपीएस मोड़ परमेट्रो का काम चलने के कारण अभी सिग्नल नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा जीपीओ के ऊपर पुल होने और चिल्ड्रेन पार्क के पास तकनीकी दिक्कत के कारण सिग्नल नहीं लगेंगे।वहीं, अगमकुआं आरओबी, पूरब दरवाजा, चौक थाना, विसंभरपुर और बिहटा चौक में सड़कें संकरी होने या निर्माण कार्य चलने की वजह से इन्हें अनपुयुक्त पाया गया है।

### 30 लाख की फिरौती के लिए युवक का अपहरण करने वाले पांच अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**दानापुर।** बदमाशों द्वारा एक युवक की अपहरण कर 30 लाख की फिरौती मांगने के मामले में स्थानीय पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने युवक को सकुशल बरामद करते हुए 5 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज ने बताया कि एक व्यक्ति के द्वारा दानापुर थाना में आवेदन दिया गया। जिसमे उनके द्वारा बताया गया कि इनके पुत्र को कुछ व्यक्तियों के द्वारा बन्धक बना लिया गया है तथा छोड़ने के बदले 30 लाख रूपया कि मांग किया जा रहा है। कांड की गंभीरता को देखते हुए एक एसआईटी टीम का गठन कर तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान कर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए 4 घंटे के अंदर अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया गया। वहीं घटना में संलिप्त कुल 5 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना कारित करने में प्रयुक्त 1 कार, 1 मोटरसाईकिल, 3 मोबाईल एवं 2 अतिरिक्त नम्बर प्लेट बरामद किया गया। गिरफ्तार अपहरणकर्ता मंझौली, फुलवारीशरीफ का राहुल कुमार, विशाल कुमार, गनौर हरियाणा का हिमांशु सिंह, लोदीरोड नई दिल्ली का प्रतीक वायपेयी व आलमपुर फुलवारीशरीफ का रहने वाला हर्ष रंजन है। जिनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम के पटना जोन ऑडिशन के पहले दिन शामिल हुए सैंकड़ों प्रतिभागी

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया विभाग के द्वारा आयोजित नेशनल मीडिया टैलेंट हंट को लेकर राज्य में चल रहे ऑडिशन और इंटरव्यू के तीसरे दिन आज पटना जोन के इंटरव्यू के पहले दिन सैंकड़ों की संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों का ऑडिशन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम , राष्ट्रीय प्रवक्ता चित्रा बाथम और संयोजक असित नाथ तिवारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशेषज्ञ के तौर पर रिटायर्ड आईएस अधिकारी गोरखनाथ और डॉ. अभिषेक कुमार मौजूद रहें। इस दौरान ऑडिशन में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कार्यक्रम के तहत सभी को कांग्रेस से जुड़कर पदाधिकारी बनने का मौका मिलेगा। इसमें विषय विशेषज्ञ और पार्टी के बनाएं नियमावली के अनुसार चयन प्रक्रिया संपन्न हो रही है। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता चित्रा बाथम ने कहा कि देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल ने सीधे तौर पर प्रवक्ता, पैनलिस्ट, रिसर्चर और मीडिया मैनेजमेंट के लिए टैलेंट हंट का आयोजन कर सभी को समान मौका उपलब्ध कराया है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग को कांग्रेस से जुड़कर काम करने का अवसर मिल रहा है। इस दौरान प्रतिभागियों में पीएचडी से लेकर कई प्रोफेशनल्स और आम लोग भी प्रतिभागी के तौर पर शामिल हो रहे हैं। पटना जोन के ऑडिशन में पहले दिन सैंकड़ों की संख्या में जुटे प्रतिभागियों को सुनकर बिहार की बौद्धिकता और यहां के नागरिकों के नवीन विचारों को भी सुनने का मौका मिल रहा है। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को आगे राज्य और फिर राष्ट्रीय स्तर पर शामिल होने का मौका मिलेगा।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगने के बाद भी एसएमएस मिले तो घबराएं नहीं, डीटीओ कार्यालय में कराएं तुरंत अपडेट

» एचएसआरपी नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी जा रही है सूचना

**पटना।** राज्य में जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है, वैसे वाहन मालिक इसे लगवाएं। परिवहन विभाग द्वारा सभी श्रेणी के वाहनों पर एचएसआरपी लगाना पूर्णतः अनिवार्य किया गया है। जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है वैसे वाहन मालिक संबंधित वाहन के एजेंसी/डीलर के यहां लगवा सकते हैं।परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने बताया कि विभागीय समीक्षा में यह तथ्य सामने आया है कि कई वाहनों में एचएसआरपी भौतिक रूप से लगा हुआ है, किंतु उसका विवरण विभागीय वाहन सॉफ्टवेयर में अपडेट नहीं है। ऐसे वाहन मालिकों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अपने वाहन का एचएसआरपी विवरण अविलंब अपडेट कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा या दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि किसी वाहन में एचएसआरपी लगी हुई है, फिर भी एसएमएस प्राप्त हो रहा है, तो वाहन मालिक घबराएं नहीं। वे संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अपने वाहन का एचएसआरपी विवरण सॉफ्टवेयर में अपडेट कराएं। इस संबंध में परिवहन विभाग ने सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन वाहनों में एचएसआरपी लगी है, लेकिन उनका डेटा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है, उसका सत्यापन कर शीघ्र अपलोड सुनिश्चित किया जाए।

# एक को होगा कुसुमराज खेल सम्मान समारोह, लिस्ट जारी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा कुसुमराज एजुकेशनल इंस्टीच्यूशन के सहयोग से एक मार्च को कुसुमराज खेल सम्मान समारोह सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य समारोह में सम्मानित होने वालों की सूची जारी कर दी गई है। इसकी जानकारी फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने दी। फाउंडेशन का उद्देश्य राज्य की प्रतिभाओं को सम्मानित करना, उनका मनोबल बढ़ाना तथा खेल एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। साथ ही इस मौके पर खेल को विभिन्न क्षेत्रों में प्रमोट करने वाले प्रमोटर, डॉक्टर, खेल पत्रकार के संग शिक्षाविद को भी सम्मानित किया जाएगा। दिन रविवार समय दोपहर 12.30 को श्रीराम खेल मैदान, सुल्तानपुर मठ, दानापुर (पटना) में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों



के नाम में उत्कृष्ठ खिलाड़ीःके रूप में नीरज कुमार (इंटरनेशनल बैडमिंटन प्लेयर), सोनिया कुमारी (फुटबॉल), आदिश्री अग्रवाल, चांदनी कुमारी, ऋृषिका कश्यप, रिया राज, हेमा कशिश, अनुष्का सिंह (सभी क्रिकेट), प्राची राजन (ताइक्वांडो), देवंती कुमारी, अमेशा राजपूत, नैना कुमारी (कबड्डी), रिया राजन, सावणी कुमार (तीरंदाजी), सिल्की कुमारी (कराटे), सौभ्या अखौरी, अन्नया चंद्रा (महिला क्रिकेट खिलाड़ी), अंतरा राज, प्रज्ञा सिंह (पिट्टो नेशनल खिलाड़ी), सारिका राय, राजेश्वरी कुमारी (गेटबॉल नेशनल खिलाड़ी), लक्ष्मी मंडल, नीतू कुमारी (नेशनल पिकलबॉल खिलाड़ी), प्रियंकर कश्यप, शिवांगी (सॉफ्टबॉल), तन्नु कुमारी, सिमरन (मिनी गोल्फ), अनमोल कुमारी (योगा), नव्या गोयंका, श्रेया कोमालम(शतरंज)। खेल प्रशिक्षक में पिंकी कुमारी (कराटे), सपना कुमारी (फुटबॉल), नेहा सिंह (शतरंज), राजीव रंजन (बैडमिंटन), स्मिता कुमारी (कबड्डी), अजीत कुमार सिंह (युवा क्रिकेट प्रशिक्षक), प्रियदर्शनी (योगा), राजू प्रसाद (रेफरी बिल्यर्डस), श्रीमोद पाठक (बैडमिंटन), आकिब जावेद खां (ताइक्वांडो)। खेल प्रमोटर में सुमित शर्मा, मोहित श्रीवास्तव (प्रमोटर), राजकुमार सिंह (सचिव, बिहार पिट्टो संघ), रंजन गुप्ता (सचिव, बिहार पिकलबॉल), धर्मवीर कुमार (सचिव, बिहार साफ्टबॉल), सतीश कुमार (सचिव, ग्रेपलिंग कुश्ती संघ), दीप नारायण प्रसाद (सचिव, बिहार गेटबॉल), ओमप्रकाश (चेयरमैंन, बिहार पिट्टो संघ), मृत्युंजय झा (उदद्योषक, दूरदर्शन)। प्रोमोसिंग प्लेयर अवार्ड में आर्यन कुमार, अंशुभान जैन, रुद्रांश कुमार, आरव कुमार, शशांक शेखर, आशीष राज, शरद सिंह, मानव कुमार, हार्दिक काव्याण (सभी युवा क्रिकेटर)। खेल पत्रकार में आशीष कुमार, (दैनिक हिन्दुस्तान), आलोक सिंह (दैनिक भास्कर), जितेंद्र कुमार(फोटो जर्नलिस्ट, दैनिक भास्कर), धर्मनाथ जी (प्रभात खबर), बृज बिहारी जी, (दैनिक जागरण, दानापुर), शशि भूषण जी (दैनिक आज), पीयूष शर्मा (दैनिक जागरण आईनेक्स्ट), आलोक नवीन (दैनिक सन्मार्ग), सुरेश मिश्रा (पुरबिया न्यूज ), सूरज कुमार (अंश भारत), चंदन कुमार (प्राइम न्यूज), अविनाश कुमार (न्यूज 21), शुभम कुमार (न्यूज ऐरा), अंकित कुमार (न्यूज बीट), उज्ज्वल कुमार (क्रीड़ा न्यूज), नीरज कुमार (बिहार ब्रेकिंग), रमण कुमार (बिहार लाइव टुडे), गोपाल प्रसाद (सी न्यूज), संजय भारती (हिन्दी दर्पण) शामिल हैं।

## होली में हुडदंगियों की की खैर नहीं,मसौढ़ी अनुमंडल में जगह-जगह पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन।** आगामी होली पर्व को लेकर अनुमंडल प्रशासन सख्त है ! जिसको लेकर पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 58 संवेदनशील जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की है हर जगह पर पुलिस का पहरा रहेगा ! वही 58 जगह पर 58 पर्यवेक्षक पदाधिकारी के अलावा 5 डंडाअधिकारी 232 पुलिस बल्ब की तैनाती की गई है और इस पूरे सुरक्षा व्यवस्था का संपूर्ण प्रभार भूमिका सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण एवं धर्मवीर प्रसाद को बनाया गया है एसडीएम अभिषेक कुमार ने मसौढ़ी अनुमंडल वासीयो से आपसी भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने की अपील की. अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा की व्यापक तैयारी की है. एसडीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न हो इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा बल की कंपनियां की तैनात की गई है ! सभी प्रतिनियुक्त डंडा अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर विधि व्यवस्था संधारण करेंगे और सामाजिक तत्वों पर करी नजर रखी जा रही है शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले और सामाजिक तत्वों पर तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई होगी अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया पर भी गलत वीडियो या समाचार प्रकाशित करने वाले पर कठोर कार्रवाई होगी संवेदनशील स्थल पर साडे निवास में पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी अश्लील होली गायन पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाएगा डीजे पर प्रति पूर्ण प्रतिबंध रहेगा बाईक गैंग पर नियंत्रण रखने के लिए संबंधित थाना अध्यक्षों को बिशेष निर्देश दिया गया. लहरिया कट से लेकर ट्रिपल लोडिंग तक चलने वाले का चालान काटने के अलावा पुलिस हिरासत में लगी अश्लील हरकत करने वाले पर तात्पर्यता पूर्वक कार्रवाई करने का निर्देशन दिया गया. सभी अधिकारियों को काफी चौकस और सावधानी रहने को कहा गया है इस दौरान शराब बंदी कानून के तहत अवैध शराब के धंधेवाजों पर भी सख्ती करने को कहा गया।

## कॉमन सर्विस सेंटरों के जरिए पैक्सों ने किया 6 करोड़ रुपए से अधिक का व्यवसाय

» 6,301 पैक्स दे रहे हैं सीएससी सेवाएं, ग्रामीणों की जिंदगी हो रही है आसान
» इन सेंटरों पर बैंकिंग, बीमा आधार रेल, बस, हवाई टिकट बुकिंग जैसी 300 से अधिक सेवाएं है उपलब्ध
» कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को बना रहे हैं आसान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पैक्सों में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं को पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। राज्य में कुल 6,301 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) कार्यरत हैं। इसके जरिए पैक्सों ने अब तक 6 करोड़ रुपए से अधिक का व्यवसाय किया है। पैक्सों में कार्यरत ये कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बना रहे हैं। पैक्सों में कॉमन सर्विस सेंटर विकसित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और किसानों को सरकारी योजना का लाभ सीधे उनके गांव में उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत पैक्स ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा आधार नामांकन, स्वास्थ्य सेवाएं, कानूनी सेवाएं, कृषि उपादान, पैन कार्ड, आईआरसीटीसी, रेल, बस, हवाई टिकट बुकिंग, आरटीपीएस पर उपलब्ध सेवाओं जैसी 300 से अधिक सेवाएं प्रदान कर कर रहे हैं। सहकारिता विभाग प्रत्येक पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर से जोड़कर ग्रामीण समाज को डिजिटल रूप से सशक्त बना रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग, बीमा, पेंशन तथा अन्य सरकारी सेवाएं अब किसानों और ग्रामीणों तक और भी आसान, पारदर्शी और तीव्र गति से पहुंच रही है। इससे न केवल पैक्सों की कार्यक्षमता और उपयोगिता बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती भी मिल रही है।

## 'यूवा मास्टरस्ट्रोक 2025' के 22 वर्ष पूरे, 20 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

नई सोच एक्सप्रेस

**नई दिल्ली/प्रतिनिधि।** नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के यूवा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्रॉइंग प्रतियोगिता 'यूवा मास्टरस्ट्रोक' के 22वें संस्करण का सफल समापन हो गया है। अगस्त से दिसंबर 2025 के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के 6,600 से अधिक स्कूलों के 20 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कला और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

केजी से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए आयोजित यह प्रतियोगिता बच्चों को ड्रॉइंग के माध्यम से अपने विचार, भावनाएं और रचनात्मकता व्यक्त करने का मंच प्रदान करती है। दो दशकों से अधिक समय से जारी यह पहल अब देश के सबसे बड़े छात्र कला मंचों में से एक बन चुकी है।

प्रतिभागियों को आयु के आधार पर तीन समूहों में बांटा गया था—

ग्रुप ए : केजी से कक्षा 3 तक

ग्रुप बी : कक्षा 4 से कक्षा 6 तक

ग्रुप सी : कक्षा 7 से कक्षा 10 तक

प्रत्येक समूह के विजेताओं की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट masterstroke.navneet.com पर कर दी गई है। जिला स्तर पर प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन प्रसिद्ध कलाकार श्री भारत पार्टे के मार्गदर्शन में किया गया, जिनकी जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ी पृष्ठभूमि और अनुभव ने चयन प्रक्रिया को विशेष विश्वसनीयता प्रदान की। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता केवल प्रतिभा पहचानने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में कला के प्रति रुचि और अभिव्यक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देने का भी उद्देश्य रखती है। जिला स्तर पर प्रत्येक स्कूल से चुनी गई श्रेष्ठ प्रविष्टियों की समीक्षा के बाद हर जिले में प्रत्येक समूह से एक विजेता का चयन किया गया। विजेता छात्रों को सम्मानित करने की प्रक्रिया भी जारी है। यूवा की टीम, स्कूल प्रशासन और स्थानीय टीमों के सहयोग से अब तक 40,000 से अधिक विजेताओं को गिफ्ट हैम्पर्स और पुरस्कार वितरित किए जा चुके हैं। आयोजकों का कहना है कि 'यूवा मास्टरस्ट्रोक' बच्चों के छोटे हाथों में छिपे बड़े सपनों को पहचानने और उन्हें मंच देने की एक निरंतर पहल है, जो आने वाले वर्षों में भी जारी

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इंस्टैंट एनएफसी बेस्ड बैलेंस अपडेट लॉन्च किया




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने रुपे एनसीएमसी ऑन-द-गो काड्र्स पर इंस्टेंट एनएफसी-बेस्ड बैलेंस अपडेट फीचर पेश किया। अब ग्राहक अपने कार्ड का बैलेंस एनएफसी पॉवर्ड एन्ड्रॉयड स्मार्टफोन पर कार्ड को टैप करके तुरंत चेक और अपडेट कर सकते हैं, जिससे मेट्रो स्टेशन के कियोस्क जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और एक सहज, पूरी तरह से डिजिटल यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर बिज़नेस ऑपरेशंस गणेश अनंतनारायणन ने कहा एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हम निरंतर ऐसे इनोवेशन करने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो दैनिक लेन-देन को और ज्यादा आसान एवं इन्ट्यूटिव बना दे। हमारे पायलट फेज़ में मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया से ऑन-द-गो रहते हुए तुरंत बैलेंस अपडेट होने की जरूरत प्रमाणित हो गई। इस लॉन्च के साथ हमें उद्योग का ऐसा पहला सॉल्यूशन पेश करने पर गर्व है, जो ग्राहकों की सुविधा भी बढ़ाएगा और भारत में डिजिटल पेमेंट एवं मोबिलिटी के परिवेश को मजबूत भी करेगा।

## बुनियाद संजीवनी सेवा के माध्यम से 49 लाभार्थियों का पंजीकरण नेत्र परीक्षण किया गया

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिले के काको प्रखंड के ग्राम अहियसा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बुनियाद संजीवनी सेवा के माध्यम से कुल 49 लाभार्थियों का पंजीकरण नेत्र परीक्षण किया गया और समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बुनियाद संजीवनी सेवा के माध्यम से 22 उज्जवल दृष्टि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के बीच चश्मा वितरित किया गया है। ज्ञात रहे कि गांधी मैदान के समीप बुनियाद केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जिसमें फिजियोथैरेपी, वाक् एवं श्रवण जांच,चश्मे का लाभ, परामर्शन की व्यवस्था जैसी सुविधाएं दी जा रही है। संजीवनी वैन इसी से संबंध सेवा है। यदि आप दिव्यांग ,वृद्ध या फिर विधवा माता बहनों की श्रेणी में आते हैं तो आप बुनियाद केंद्र और इससे संबद्ध संजीवनी सेवा का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं।



## दानापुर व्यवहार न्यायालय में नए चेंबर का विधिवत उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** व्यवहार न्यायालय में वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव का नए चेंबर का विधिवत उद्घाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा एवं महासचिव अनिल कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इसके पूर्व विधिवत पूजा पाठ एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान शिवकुमार यादव ने बताया कि यह नया चेंबर कानूनी कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने और बेहतर कानूनी सेवाएं प्रदान करने में सहायता करेगा। उद्घाटन समारोह में वकीलों ने इसे कार्यक्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव बताया है। इस मौके पर नबाब लाल यादव, प्रफुल्ल रंजन, योगेश्वर नारायण, सहकर्मी अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।



## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 सेवातीर्थ में मोदी कैबिनेट की पहली बैठक आज,PMO 10 दिन पहले ही साउथ ब्लॉक से यहां शिफ्ट हुआ

2 भारत-यूएस डील के खिलाफ भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल,सभा स्थल में घुस रहे कार्यकर्ताओं और पुलिस में धक्का-मुक्की; राहुल-खड़गे थोड़ी देर में पहुंचेंगे

3 अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर हमला,बोलेःविदेशी ताकतों के इशारे पर चल रही कांग्रेस,देश से माफी मांगें

4 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से 27 फरवरी तक देश के तीन राज्यों के दौरे पर रहेंगी। यह राज्य महाराष्ट्र, झारखंड और राजस्थान हैं। इस दौरान वो स्वास्थ्य, आध्यात्मिक और सैन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी।

5 4 दिन की पुलिस हिरासत में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु,दिल्ली पुलिस ने बताया मास्टरमाइंड

6 उदय भानु की गिरफ्तारी पर भड़की कांग्रेस,राहुल बोलेःअपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है; पवन खेड़ा ने भी बोला PM मोदी पर हमला

7 स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग,दिल्ली से लेह जा रही थी,150 यात्री सवार थे;उड़ान के दौरान इंजन में खराबी आई

8 मेट्रो शहरों में 3 साल में 3 गुना बढ़े तलाक,58% केस में महिलाएं पहल कर रहीं,आर्थिक आजादी असंतुष्ट वैवाहिक रिश्ता खत्म करने में सक्षम बना रही

9 स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद HC में दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका, लटक रही गिरफ्तारी की तलवार

10 पायलट ही था आत्मघाती हमलावर ?अजित पवार की मौत को लेकर एनसीपी MLC का नया दावा

11 युवाओं के भागकर लव मैरिज से भारतीय संस्कृति को नुकसान,BJP विधायक ने सदन में उठाया मुद्दा

12 भारत सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगा,रन रेट सुधारने के लिए बड़े अंतर से जीत जरूरी,एक और हार टूर्नामेंट से बाहर कर देगी

13 राजस्थान में दिन का तापमान 35°C पहुंचा;मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़,हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि; उत्तराखंड में बर्फबारी,आज भी अलर्ट

14 चांदी दो दिन में 16 हजार महंगी, कीमत 2.67 लाख/किलो,सोना 5 हजार बढ़ा,10 ग्राम 1.60 लाख का हुआ

15 सेंसेक्स 1300 अंक गिरकर 82,000 पर आया,निफ्टी में 350 अंकों की गिरावट,25,350 पर ट्रेड कर रहा;आईटी शेयरों में बिकवाली

16 अमेरिका का दावाःचीन ने 2020 में छुपकर न्यूक्लियर-टेस्ट किया,जानबूझकर ताकत बढ़ा रहा,6 साल में 400 हथियार बनाए;अमेरिका की बराबरी करना चाहता

17 झारखंड प्लेन क्रैशःउड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू की सीनियर एविएशन अधिकारियों के साथ मीटिंग

18 पीएम मोदी को खुली चुनौती है, भारत-US ट्रेड डील रद्द करके दिखाइएःराहुल गांधी

19 ईरान सुपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल खरीदने के लिए चीन से बातचीत कर रहा

20 जम्मू से श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन सेवा 1 मार्च से शुरू होगी

21 हल्द्वानीः बनभूलपुरा से रेलवे की जमीन से हटेगा अतिक्रमण,सुप्रीम कोर्ट का आदेश

22 अकोलाःकांग्रेस MLA का आरोप-मुझे लॉरेंस गैंग ने धमकी दी,मांगे 10 करोड़

23 AI समिट हंगामाःदिल्ली पुलिस बोली-साजिश के तार कई राज्यों तक फैले

24 ईरान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर बाजार में क्रैश,4 लोगों की मौत

25 कैबिनेट ने केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

26 पहली बार नेता प्रतिपक्ष को लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया,भोपाल में बोले राहुल गांधी

27 यूपीःलखनऊ सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी,बम निरोधक दस्ता मौके पर

28 पश्चिम बंगालः अब कोलकाता कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी,खाली कराया गया परिसर

29 पंजाब विधानसभा का बजट सेशन 6 मार्च से,महिला दिवस पर पेश होगा बजट

30 AI समिट प्रोटेस्टःयूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु के दो फोन जब्त,पुलिस हिरासत में भेजे गए

31 AI समिट प्रोटेस्टःउदय भानु की गिरफ्तारी को खड़गे ने बताया सरकार की तानाशाही

32 बिहार विधानसभाःचौकीदारों पर लाठीचार्ज का मुद्दा विधानसभा में उठा,जोरदार हंगामा

33 AI समिट प्रोटेस्ट की जांच करेगा क्राइम ब्रांच,दिल्ली पुलिस ने ट्रांसफर किया केस

34 यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब पटियाला हाउस कोर्ट में पेश,पुलिस ने मांगी 7 दिन की रिमांड

35 दिल्लीःराहुल गांधी के बाद अब AAP सांसद संजय सिंह से मिले कोटद्वार के मोहम्मद दीपक

36 IDFC फर्स्ट बैंक के खिलाफ हरियाणा में केस दर्ज,590 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

37 शर्टलेस प्रोटेस्ट में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार,कांग्रेस सांसद का दावा

38 जयललिता करिश्माई नेता', तमिलनाडु की पूर्व CM की पुण्यतिथि पर PM मोदी ने दी श्रद्धांजलि

39 नई दिल्लीःमयूर विहार के मॉल की बेसमेंट में खड़ी कार के भीतर मिला शव

40 अमित शाह ने जयललिता को पुण्यतिथि पर किया याद,सोशल मीडिया पर दी श्रद्धांजलि

## रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म केएचएक्सआरके का प्रोमो वीडियो जारी

लगभग आधी सदी (47 साल) के लंबे इंतजार के बाद, दक्षिण भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े महानायक रजनीकांत और कमल हासन एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं. इस फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम अभी नहीं बताया गया है. फिलहाल इस मेगा-प्रोजेक्ट को अस्थायी रूप से केएचएक्सआरके नाम दिया गया है. शनिवार को इस फिल्म के निर्माताओं ने इसका पहला प्रोमो वीडियो जारी किया. इस प्रोमो वीडियो में एक जबरदस्त रेट्रो और गैंगस्टर-स्टाइल थीम दिखाई गई है. वीडियो की शुरुआत काफी मजेदार अंदाज में होती है, जहां निर्देशक नेल्सन को एक गलियारे में घबराहट के साथ चलते हुए देखा जा सकता है. वे इस उलझन में नजर आते हैं कि उन्हें पहले रजनीकांत के कमरे में जाना चाहिए या कमल हासन के. ठीक उसी समय, संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर अपनी एक अलग दुविधा के साथ वहां आते हैं. वे नेल्सन से पूछते हैं कि उन्हें फिल्म के संगीत के लिए कौन सा राग चुनना चाहिए. अपनी दो उंगलियां दिखाते हुए, अनिरुद्ध नेल्सन को संदेह होने पर कोई एक चुन लें वाला क्लासिक तरीका अपनाने का सुझाव देते हैं. अनिरुद्ध को फैसला लेने में मदद करने के बाद, नेल्सन इसी ट्रिक का इस्तेमाल अपनी बड़ी उलझन सुलझाने के लिए करते हैं. यानी दोनों दिग्गजों में से किसी एक को चुनने के लिए. इसके बाद एक मजेदार मोंटाज (दृश्यों का सिलसिला) आता है, जिसमें नेल्सन दोनों अभिनेताओं को तैयार होने में मदद करते हुए दिखाई देते हैं. वे मजाकिया अंदाज में उनके सामान और कपड़ों को आपस में मिला देते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ दावा करते हैं कि एक खास जूता रजनीकांत का है, जिससे दोनों सितारे साफ तौर पर चिढ़ते हुए नजर आते हैं. इसके बाद प्रोमो का मिजाज पूरी तरह बदल जाता है. वीडियो में बेहद नाटकीय अंदाज में कमल हासन और रजनीकांत के स्टाइलिश लुक का खुलासा होता है. दोनों सितारे फुल-लेंथ लेदर जैकेट पहने नजर आ रहे हैं, जो एक जबरदस्त रेट्रो गैंगस्टर वाइब दे रहा है. वे पूरे टशन के साथ एक अंधेरे गैरेज में खड़ी कार की ओर बढ़ते हैं. कमल हासन ड्राइवर की सीट संभालते हैं जबकि रजनीकांत उनके बगल में बैठते हैं। यह क्लिप एक दमदार मोड़ पर खत्म होती है जब दोनों नेल्सन की ओर मुड़ते हैं और उससे पूछते हैं, हीरो कौन है? इससे पहले, निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर जारी किया था. इस पोस्टर का डिज़ाइन विंटेज लुक वाला था, जिसमें लेदर जैकेट पहने दो पुरुषों के हाथ दिखाए गए थे. उनके हाथों में सोने की घड़ी और एक अंगूठी नजर आ रही थी, जो उनके क्लासिक रेट्रो स्वैग (पुराने दौर के टशन) की ओर इशारा कर रही थी. पोस्टर पर टैगलाइन लिखी थी- कुछ लोग नियम बनाते हैं, कुछ लोग राज करते हैं. कमल हासन और रजनीकांत को आखिरी बार 1979 की फिल्म अलाउद्दीनम अल्भुथा विलक्कुम में एक साथ देखा गया था. इससे पहले उन्होंने अपूर्व रागंगल, अवरगल, मुंद्रू मुदिचू और पतिनारु वयथिनिले जैसी क्लासिक फिल्मों में भी स्क्रीन साझा की है. कमल हासन और रजनीकांत ने 1985 में बनी हिंदी फिल्म गिरफ्तार में एक साथ काम किया था. हालांकि, इस फिल्म में दोनों के एक साथ कोई दृश्य नहीं थे.




# एस के जी एंटरटेनमेंट और बेंचमार्क स्टोरीटेलर्स की अगली भव्य फ़ीचर फ़िल्म में अनूपमा परमेश्वरन

एस के जी एंटरटेनमेंट और बेंचमार्क स्टोरीटेलर्स ने अपनी आगामी फ़ीचर फ़िल्म की आधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसमें पैन-साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनूपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी। यह एक सघन मनोवैज्ञानिक थ्रिलर होगी, जिसका निर्देशन शान करेंगे और निर्माण शिविन नरंग, प्रेरणा अरोड़ा और किरण बल्लापल्ली द्वारा एक अग्रणी स्टूडियो के सहयोग से किया जाएगा। यह फ़िल्म निर्देशक शान के साथ अनूपमा परमेश्वरन की बड़े पर्दे पर वापसी का प्रतीक है। इससे पहले दोनों की लघु फ़िल्म को जबरदस्त सराहना मिली थी। डिजिटल मंच पर मिली उस सफलता के बाद अब यह सहयोग एक पूर्ण रूप से सिनेमाई अनुभव में परिवर्तित हो रहा है, जिसमें व्यापक पैमाना, गहराई और प्रभाव देखने को मिलेगा। फ़िल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने वाली है, जबकि शीर्षक की घोषणा बाद में की जाएगी। इस परियोजना की घोषणा अनूपमा परमेश्वरन के जन्मदिन के अवसर पर की गई, जिससे यह पल और भी विशेष बन गया। निर्माताओं ने अभिनेत्री को शुभकामनाएँ देते हुए एक भावनात्मक और सशक्त सिनेमाई यात्रा की झलक भी पेश की। इस सहयोग पर अपनी बात रखते हुए निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने कहा,इस फ़िल्म में अनूपमा परमेश्वरन के साथ काम करना मेरे लिए बेहद खास है। उनमें सहज आत्मविश्वास, भावनात्मक सच्चाई और पात्रों को गहराई से समझने की दुर्लभ क्षमता है, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों से सीधे जुड़ती है। अलग-अलग भाषाओं में दर्शकों के साथ उनका स्वाभाविक जुड़ाव मैंने हमेशा सराहा है। यह परियोजना उनके अभिनय की ताक़त को नए स्तर पर प्रस्तुत करने का एक आदर्श मंच है। उन्हें इस फ़िल्म का नेतृत्व करते हुए देखकर मैं सचमुच उत्साहित हूँ और इस रचनात्मक यात्रा की शुरुआत का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूँ। एस के जी एंटरटेनमेंट ने हाल ही में जटाधारा रिलीज़ की है, जिससे उसके विविध और मज़बूत प्रोडक्शन स्लेट को और मजबूती मिली है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निर्माता प्रेरणा अरोड़ा इससे पहले रुस्तम, टॉयलेट: एक प्रेम कथा, पैड मैन और परी जैसी चर्चित फ़िल्मों का निर्माण कर चुकी हैं और निरंतर कंटेंट-प्रधान तथा दर्शक-केंद्रित सिनेमा का समर्थन करती रही हैं। अनूपमा परमेश्वरन आज दक्षिण भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा और मांग में रहने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं। प्रेमम, कार्तिकेय 2, डीजे टिल्लू और राक्षसुडु जैसी फ़िल्मों में उनके अभिनय को व्यापक सराहना मिली है। वे तेलुगु, तमिल और मलयालम सिनेमा में लगातार दर्शकों का दिल जीतती आ रही हैं और पैन-इंडियन पहचान बनाए हुए हैं। मजबूत शैली, अनुभवी रचनात्मक टीम और केंद्रीय भूमिका में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, अनूपमा परमेश्वरन और प्रेरणा अरोड़ा का यह सहयोग दर्शकों के लिए एक यादगार और रोमांचक सिनेमाई अनुभव लेकर आने के लिए तैयार है।



## तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी, अस्सी से आगे निकली दो दीवाने शहर में, ओ रोमियो का जलवा बरकरार

बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की अस्सी, जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने शहर में ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, दो दीवाने शहर में की पहले दिन की कमाई ने अस्सी को पछाड़ दिया है। सैकनिल्क के मुताबिक, अस्सी ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म हक भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। मुल्क और थप्पड़ जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार अस्सी लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए। फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि अस्सी जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से वर्ड ऑफ माउथ यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है। अब अगर शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में बढ़िया उछाल नहीं आता तो सोमवार से फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर टिक पाना नामुमकिन हो जाएगा। उधर दो दीवाने शहर में ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये



आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म अस्सी (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है। दूसरी ओर शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूती से बनाए हुए है। अपने दूसरे हफ्ते में होने के बावजूद ये नई रिलीज फिल्मों (अस्सी और दो दीवाने शहर में) पर भारी पड़ रही है।

## आ गया कोंकणा सेन शर्मा की अक्यूज़्ड का ट्रेलर, 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी साइकोलॉजिकल थ्रिलर




नेटफ्लिक्स ने इस महीने की शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज होने जा रहीं फिल्मों और सीरीज का ऐलान किया था। इसमें साइकोलॉजिकल थ्रिलर अक्यूज़्ड का नाम भी शामिल था, जिसने दर्शकों के बीच हलचल पैदा कर दी। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर अक्यूज़्ड का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया गया, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरा हुआ है। अनुभूति कश्यप द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अक्यूज़्ड के ट्रेलर की बात करें तो ये पोलैंड में सेट एक सस्पेंस-ड्रामा है, जिसकी कहानी का केंद्र डॉक्टर गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा) और उसकी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) हैं। गीतिका, पोलैंड के एक जाने-माने हॉस्पिटल में एचओडी के तौर पर काम कर रही है और एक मशहूर गायनेकोलॉजिस्ट है। वह डीन बनने की तैयारी कर रही है और अपनी पार्टनर मीरा के साथ मिलकर बच्चे अडॉप्ट करने की प्लानिंग करती है। तभी वो सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ जाती है। उस पर यौन दुराचार के आरोप लगते हैं, जिसके चलते गीतिका की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में भूचाल आ जाता है। इसके पीछे कौन है और सच क्या है, इसका पता अक्यूज़्ड देखने पर ही चलेगा। जानकारी के लिए बता दें कि अक्यूज़्ड का निर्माण करण जौहर, आदर पूनावाला, अपूर्वा मेहता और सोमेन मिश्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होना शुरू हो जाएगी। मेकर्स ने ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा- एक गुमनाम संदेश। और मीरा और गीतिका



की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। 27 फरवरी को रिलीज़ हो रही अक्यूज़्ड सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें। सोशल मीडिया यूजर्स ने अक्यूज़्ड के ट्रेलर पर जकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूट्यूब यूजर ने कमेंट किया, वाह! ये तो कमाल है!! दूसरे ने लिखा, हे भगवान! इसे देखकर मैं बहुत खुश हूं। कितना बढ़िया ट्रेलर है! मुझे कोंकणा बहुत पसंद हैं, ये मेरे पसंदीदा हैं। वहीं कुछ यूजर्स ने फिल्मांकन, साउंड और बैकग्राउंड म्यूजिक की भी सराहना की, एक यूजर ने लिखा, क्या शानदार फिल्मांकन, साउंड और बैकग्राउंड म्यूजिक है! कोंकणा और प्रतिभा के अलावा, फिल्म में मशहूर अमरोही भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट सीमा अग्रवाल और यश केसवानी ने लिखी है और इसका निर्देशन अनुभूति कश्यप ने किया है, जिन्होंने आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह की 2022 में आई फिल्म डॉक्टर जी का निर्देशन किया था।

## ऋचा चड्ढा ने बयां किया करियर का शुरुआती अनुभव

अभिनेत्री और निर्माता ऋचा चड्ढा ने अपने करियर की शुरुआत के दौरान एक कड़वे अनुभव को साझा किया है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति पर वह बहुत भरोसा करती थीं, उसने उनके हितों के खिलाफ काम किया और उन्हें धोखा दिया था। ऋचा ने बताया कि इस घटना से उन्हें यह सबक मिला कि हर कोई आपका ध्यान नहीं रख सकता या आपके बारे में नहीं सोच सकता। ऋचा ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मुझे यह कड़वा सबक मिला कि हर कोई आपका इतना ध्यान नहीं रखता। मैं भोली थी। कुछ लोग थोड़े से अंतर से भी खतरा महसूस करते हैं और नहीं चाहते कि आप उनसे आगे निकल जाएं या उनकी स्पॉटलाइट छीन लें। यह अनुभव उनके लिए काफी परेशान करने वाला था, लेकिन इससे उन्होंने अपनी पसंद का बचाव करना और सही लोगों पर भरोसा करना सीखा। उन्होंने इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह उनसे संपर्क करने में हिचकिचाएं नहीं। आम धारणा है कि बड़े एक्टर्स से अप्रोच करना मुश्किल होता है, लेकिन ऋचा ने इसे गलत बताया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, एक सोच है कि हमसे संपर्क करना कठिन है, लेकिन यह सच नहीं। मेरे लिए सिर्फ अच्छी स्क्रिप्ट, सच्ची राइटिंग और कहानी का असर मायने रखता है। मैं हमेशा सही कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं। ऋचा ने शुरुआती दिनों में कम आंके जाने की बात भी कही। वह चाहती हैं कि इंडी क्रिएटर्स बिना झिझक के अच्छे रोल और कहानियों के लिए संपर्क करें। ऋचा एक नई नॉन-फिक्शन सीरीज का निर्माण कर रही हैं। इसके जरिए ऋचा का मकसद दर्शकों को जानी-पहचानी जगहों को नई नजर से देखने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही कम जानी-पहचानी कहानियों को उजागर कर भारत की सांस्कृतिक गहराई और इंसानी जज्बे को सेलिब्रेट करना है। यह सीरीज ट्रैवल, कल्चर और भारत भर में लोगों और जगहों को परिभाषित करने वाली कहानियों पर आधारित होगी। यह जिज्ञासा और सहानुभूति से प्रेरित कहानी है। सीरीज भारत की विविधता समुदायों, परंपराओं और जीवन अनुभवों की कहानी को दिखाएगी। दर्शकों को आज के नजरिए से संस्कृति का जीवंत और इमर्सिव अनुभव मिलेगा।



## सूरज बड़जात्या की नई सीरीज 'संगमरमर का टीजर रिलीज, जिम्मेदारी और इंतजार की दिखेगी अनोखी कहानी


सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत वेब सीरीज 'संगमरमर का टीजर आज रिलीज हो गया है। यह एक पारिवारिक ड्रामा प्रेम जो कर्तव्य और अटूट रिश्तों की थीम पर आधारित है। जियो हॉस्टार पर स्ट्रीम होने वाले इस शो के टीजर में जानिए क्या है खास? टीजर में एक कपल के बारे में दिखाया गया है, जो एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए हैं और अपनी जिंदगी में काफी खुश हैं। सूरज बड़जात्या की कहानियों की खासियत से प्रेरित, संगमरमर भारतीय परिवारों के आपसी संबंधों और रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखने वाली खामोश ताकत को दिखाती है। जियो हॉटस्टार ने टीजर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा, 'ये कहानी प्यार की नहीं, जिम्मेदारी और




इंतजार की है! विक्रम घई द्वारा निर्देशित इस सीरीज में शीन सविता दास और सौरभ राज जैन मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही सीरीज में स्मिता बंसल, खालिद सिद्दीकी, फारूक सईद, जया ओझा और अविनाश वधवानी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेकर्स के मुताबिक, यह कहानी एक महिला के व्यक्तिगत सफर को दर्शाती है। इसमें रोमांस, जिम्मेदारी और समय व दूरी की कसौटी पर खरे उतरने वाले भावनात्मक बंधनों पर जोर दिया गया है। टीजर से पता चलता है कि यह कहानी अनकहे भावों, मौन और प्यार के इर्द-गिर्द बुनी गई है। सीरीज की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। सीरीज जल्द ही जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी।

## श्री विष्णु की फ़िल्म विष्णु विन्यासम 28 फरवरी को होगी रिलीज़

श्री विष्णु, जो अपने अनोखे ह्यूमर और नई कहानी कहने के तरीकों के लिए जाने जाते हैं, एक और मज़ेदार एंटरटेनर फ़िल्म विष्णु विन्यासम लेकर आ रहे हैं, जिसे डेब्यू कर रहे यदुनाथ मारुति राव डायरेक्ट कर रहे हैं। फ़िल्म में नयना सारिका फ़ीमेल लीड रोल में हैं, और श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमाज़ के बैनर तले सुमंत नायडू जी उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं। अनाउंसमेंट पोस्टर में श्री विष्णु एक क्लासिक बाइक पर आराम से आराम करते हुए दिख रहे हैं, उन्होंने




फंकी प्रिंटेड शॉर्ट्स, एक रंगीन शर्ट, शेड्स और एक बेफ़िक्र वाइब पहनी हुई है। विष्णु विन्यासम एक मज़ेदार और रंगीन सिनेमैटिक राइड का वादा करती है, जिसमें श्री विष्णु एक ऐसे नौजवान का रोल कर रहे हैं जो अंधविश्वास, राशिफल और अजीब मान्यताओं से बंधा हुआ है। प्रमोशन पहले से ही ज़ोरों पर हैं, जिसमें टाइटल की झलक, एक मज़ेदार इंट्रोडक्टरी ट्रैक और एक सुकून देने वाला वैलेंटाइन्स डे रोमांटिक सिंगल है, जिसने दर्शकों को तुरंत पसंद आ गया। फ़िल्म में सपोर्टिंग एक्टर्स की एक टैलेंटेड टीम है, जिसमें सत्या, ब्रह्माजी, प्रवीण, मुरली शर्मा, श्रीकांत अय्यंगर, सत्यम राजेश, श्रीनिवास वडलामनी और गोपाराजू रमना शामिल हैं। श्री विष्णु की एक और फिल्म, मृत्युंजय, 27 27 फरवरी 2026 को रिलीज़ होने वाली है। उम्मीद है कि इस फ़िल्म में एक एक्टर के तौर पर उनकी वर्सेटिलिटी दिखेगी। विष्णु विन्यासम के साथ, श्री विष्णु एक ही दिन के गैप में दो फ़िल्मों के साथ अपने ह्यूमर और कहानी कहने के अनोखे मिक्स से एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

# अभिषेक, तिलक और रिंकू पर लटक रही तलवार

एजेंसी, अहमदाबाद

भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच टेन डोइशे और सितांशु का कहना है सुपर-8 के अगले मैचों के लिए टीम की फिर से समीक्षा करते हुए बदलाव किये जायेंगे। ऐसे में तय है कि अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और रिंकू सिंह की जगह खतरे में हैं। इन तीनो में से किसी एक का बाहर जाना तय है। ये तीनो ही अब तक इस टूर्नामेंट में असफल रहे हैं। इसके अलावा टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में अधिक बाएं हाथ के बल्लेबाजों को उतारे जाने की रणनीति पर भी फिर विचार करेगा। दक्षिण अफ्रीका से पहले ही मुकाबले में भारतीय टीम की हार के बाद से ही उसके लिए अब बचे हुए दोनो मैच बड़े अंतर से जीतना जरुरी है। इसलिए फार्म से बाहर चल रहे खिलाड़ियों को बनाये रखने का खतरा नहीं उठाया जा सकता है। अभिषेक अब तक चार मैचों में 15 रन जबकि तिलक वर्मा पांच मैचों में 107 रन ही बना पाये हैं। इसके अलावा रिंकू



भी फिनिशर की भूमिका में विफल रहे हैं। वह 29 गेंदों में 82.75 की स्ट्राइक रेट से केवल 24 रन ही बना पाये हैं। कोटक ने कहा, अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ बदलाव करने हैं तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। अब हम ऐसे स्थान पर पहुंच गए हैं कि हमें कुछ भी बादलाव करते समय कई बातों का ध्यान रखना होगा। वहीं डोइशे ने माना है कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों की की है। उन्होंने कहा, या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ साल में अच्छा खेल रहे हैं, भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी है और उनके आने से शीर्षक्रम में दायें और बाएं का संयोजन लाभकारी रहेगा। उन्होंने कहा, अगले दो अहम मैचों से पहले सैमसन को शामिल करने के बारे में विचार होगा। साथ ही कहा कि अभिषेक और तिलक का फॉर्म चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, ये दोनो ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाये हैं। वहीं अभिषेक को सलाह दिये जाने को लेकर कोटक ने कहा, बल्लेबाजी कोच होने के कारण मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की जरुरत नहीं है। उसके दिमाग को ठीक से काम करने दें। लगातार सलाह से मानसिक दबाव पड़ता है जिससे बल्लेबाज का मनोबल गिरता है। उसे अपने अनुसार खेलने देना ही बेहतर रहेगा

# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने उतरेगी श्रीलंका

एजेंसी, कोलंबो

मेजबान श्रीलंकाई टीम बुधवार को अपने दूसरे सुपर-8 मैच में बुधवार को न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। श्रीलंकाई टीम को अपने पहले ही मुकाबले में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब अगर वह न्यूजीलैंड से हारती है तो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। मेजबान श्रीलंकाई टीम के बल्लेबाज अपने पहले मैच में असफल रहे थे, ऐसे में उसे अगर कीवी टीम से जीतना है तो स्पिनरों के खिलाफ अपने प्रदर्शन को सुधारना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंकाई 147 रनों का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए थे। श्रीलंका की पिचें बल्लेबाजी के लिए कठिन मानी जाती हैं। इसके अलावा इन मैदानों पर बड़े शॉट खेलना भी कठिन होता है। सुपर आठ के पहले मैच में श्रीलंका के बल्लेबाज गलत शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाते




दिखे थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, 'यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं पर जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो कहना आसान है पर रन बनान कठिन है।' पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने भी अच्छी गेंदबाजी की है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का मुकाबला बारिश से नहीं हो पाया था। जिससे दोनो को ही एक-एक अंक मिला है। कीवी टीम के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों की परीक्षा लेंगे। दोनों टीम सुपर आठ में पहली जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन और टिम सीफर्ट की जोड़ी ने लीग चरण के दौरान जबरदस्त बल्लेबाजी की है। इसके अलावा रचिन रविंद्र भी कनाडा के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में आ गये हैं। ऐसे में श्रीलंकाई गेंदबाजों के लिए कीवी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना आसान नहीं रहेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैः**

**श्रीलंकाः** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।

**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

## सितंबर में फिर आमने-सामने होंगे फ्लॉयड मेवेदर और मैनी पैकियाओ, लास वेगास के स्फीयर में ऐतिहासिक रीमैच

एजेंसी, लॉस एंजिलिस

दिग्गज मुक्केबाज़ फ्लॉयड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ ने अपने चर्चित 2015 मुकाबले के रीमैच पर सहमति जता दी है। दोनों महान खिलाड़ी 19 सितंबर को लास वेगास में एक बार फिर आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला लास वेगास के अत्याधुनिक वेन्यू स्फीयर में आयोजित किया जाएगा और इसे नेटफ्लिक्स पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। करीब 49 वर्ष के मेवेदर ने हाल ही में नौ साल के प्रतिस्पर्धी संन्यास को समाप्त करने की घोषणा की थी। वहीं 47 वर्षीय पैकियाओ भी चार साल के अंतराल के बाद दोबारा रिंग में लौटे हैं। दोनों मुक्केबाज़ों ने अभी तक रीमैच के लिए वज़न वर्ग और राउंड की संख्या की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि 2015 में हुए उनके पहले मुकाबले में मेवेदर ने निर्णायक जीत दर्ज की थी।




हालांकि वह मुकाबला लंबे समय से बनी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाया, लेकिन कमाई के मामले में उसने पे-पर-व्यू के कई रिकॉर्ड तोड़े थे और वैश्विक स्तर पर भारी चर्चा बटोरी थी। मेवेदर ने बयान में कहा कि नतीजा पहले जैसा ही रहेगा, जबकि पैकियाओ ने दावा किया कि पिछली बार वह चोट के बावजूद लड़े थे और इस बार प्रशंसकों को बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलेगा। दोनों खिलाड़ी अपने करियर के चरम से आगे निकल चुके हैं, लेकिन लोकप्रियता के मामले में आज भी दुनिया के सबसे बड़े नामों में गिने जाते हैं। ऐसे में सितंबर में होने वाला यह रीमैच बॉक्सिंग जगत की सबसे बहुप्रतीक्षित भिड़ंतों में से एक माना जा रहा है।

## धोनी ऐसी बाइक चलाते दिखे जो भारत में लांच ही नहीं हुई थी

एजेंसी, रांची

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बाइक्स के काफी शौकीन हैं। रांची की सड़कों पर भी वह कई बार बाइक चलाते दिखते हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक बाइकें हैं। जिसमें डुकाटी, कावासाकी, हार्ले-डेविडसन, यामाहा के अलावा कई विंटेज और हाई-परफॉर्मेंस बाइक्स भी हैं। वहीं अब धोनी एक वीडियो में ऐसी बाइक चलाते दिखें हैं जो भारत में कभी लांच ही नहीं हुई थी। ये यामहा की एसआर400 है। यह पुराने जमाने की ऐसी बाइक है जो भारत में कुछ ही लोगों के पास हैं। ये क्लासिक रेट्रो-स्टाइल मोटरसाइकिल साल 1970 की यूनिवर्सल जापानी मोटरसाइकिल्स से प्रेरित होकर 1978 में बनायी गयी थी पर 2021 में इसे बनाना बंद कर दिया गया। इसका कारण है कि यह पुरानी टेक्नोलॉजी वाली बाइक थी और प्रदूषण के नये मानकों पर खरी नहीं उतरी। यह बाइक कस्टमाइज़ेशन के कारण काफी लोकप्रिय हुई है। इससे



भारत में कभी भी आधिकारिक रुप से लांच नहीं किया गया केवल ये आयात की गयी है। ये एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि दोपहिया वाहनों की दुनिया में एक 'टाइम मशीन' की तरह है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 399सीसी का एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलिंडर इंजन है। इस बाइक की ट्यूनिंग इस तरह की गई है कि यह कम रफ्तार पर भी काफी अच्छी चलती है।इसमें इलेक्ट्रिक स्टार्ट का विकल्प भी नहीं है और किक से स्टार्ट होती है। ये ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी काफी अच्छे से चलती है। इसमें सिग्नेचर टीयरड्रॉप फ्यूल टैंक, गोल हेडलाइट और चमकता हुआ क्रोम एग्जॉस्ट दिया गया है। ये बाइक 130-140 किमी/घंटा की टॉप स्पीड तक जा सकती है।

## प्रीमियर लीगः सुपर सब बेंजामिन सेस्को के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन को 1-0 से हराया

एजेंसी, लिवरपूल

प्रीमियर लीग 2025-26 में सोमवार को खेले गए मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए। जीत के नायक एक बार फिर सुपर सब बेंजामिन सेस्को बने, जिन्होंने मैदान पर उतरने के 13 मिनट बाद निर्णायक गोल दागा। सेस्को ने पिछले चार मैचों में तीसरी बार बेंच से आकर गोल किया और टीम को अहम अंक दिलाए। मैच के 71वें मिनट में उन्होंने शानदार फिनिश के साथ गेंद को गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड के पार पहुंचाया। यह गोल पूरे मैच का सबसे बेहतरीन मूव था। हमले की शुरुआत मैथियस कुन्हा की लंबी पास से हुई, जिसे ब्रायन म्बेउमो ने बेहतरीन तरीके से कंट्रोल किया और सटीक पास सेस्को को दिया। सेस्को ने बिना गलती किए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। अंतरिम कोच माइकल कैरिक ने गोल की तारीफ



करते हुए इसे आत्मविश्वास से भरा और निर्णायक फिनिश बताया। मैच का अधिकांश समय दोनों टीमों की डिफेंस हावी रही। भारी पिच के कारण खेल की रफ्तार धीमी रही और आक्रमण में धार कम नजर आई। हालांकि यूनाइटेड ने जवाबी हमले में अपनी ताकत दिखाई और एकमात्र मौके को गोल में बदल दिया। इस जीत के साथ चौथे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड ने चेल्सी और लिवरपूल पर तीन अंकों की बढ़त बना ली है। टीम अब एस्टन विला से तीन अंक पीछे है। साथ ही, 13 जनवरी को रुबेन अमोरिम की जगह जिम्मेदारी संभालने वाले कैरिक की टीम लगातार छह मैचों से अजेय है। वहीं एवर्टन के लिए यह हार यूरोपीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाने की उम्मीदों को झटका है। टीम नौवें स्थान पर खिसक गई है और चेल्सी व लिवरपूल से आठ अंक पीछे हो गई है। कोच डेविड मोयेस ने कहा कि उनकी टीम ने अच्छा प्रयास किया, लेकिन जवाबी हमले में गोल खा बैठी और गुणवत्ता की कमी के कारण मौके भुना नहीं सकी।



# आईटी सेक्टर की आंधी में उड़ा शेयर बाजार, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली**। कमजोर ग्लोबल संकेत, आईटी सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली, रुपये की कमजोरी और क्रूड ऑयल की कीमत में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। हालांकि दोपहर 1:30 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में निचले स्तर से मामूली सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.28 प्रतिशत और निफ्टी 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार में आईटी सेक्टर में सबसे अधिक 4.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स भी आज दो प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। इसके अलावा बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट का शिकार होकर लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल, हेल्थ केयर, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 465.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.38 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,367



शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,422 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,802 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 143 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,937 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 835 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,102 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 242.12 अंक की कमजोरी के साथ 83,052.54 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की कमजोरी और बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 1:30 बजे तक सेंसेक्स 1,359.93 अंक टूट कर 81,934.73 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसकी वजह से इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स निचले स्तर से 291.19 अंक की रिकवरी करके 1,068.74 अंक की गिरावट के साथ 82,225.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 71.20 अंक टूट कर 25,641.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी भी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 1:30 बजे के करीब ये सूचकांक 385.40 अंक फिसल कर 25,327.60 अंक के स्तर पर आ गया।

# सोने में नरमी, चांदी में तेजी, घरेलू और वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख

### सोना 551 रुपए गिरकर 1,61,047 पर, चांदी 4,20,048 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली**। घरेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने के दामों में नरमी जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज आफ इंडिया (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 829 रुपये की गिरावट के साथ 1,60,769 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,61,598 रुपये था। इस समय यह 551 रुपये की कमजोरी के साथ 1,61,047 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोना 1,61,171 रुपये के उच्च स्तर तक गया, जबकि 1,60,615 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस वर्ष अब तक सोना 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। वहीं चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 1,888 रुपये की तेजी के साथ 2,67,221 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,65,333 रुपये था। फिलहाल यह 672 रुपये की बढ़त के साथ 2,66,005 रुपये पर कारोबार कर रहा था। सत्र के दौरान चांदी ने 2,67,500 रुपये का उच्च और 2,64,327 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुकी है। वैश्विक स्तर पर भी शुरुआत मजबूती के साथ हुई, लेकिन बाद में सोने में दबाव दिखा। कॉमेक्स पर सोना 5,247.50 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जबकि पिछला



बंद भाव 5,225.60 डॉलर था। बाद में यह 35.20 डॉलर गिरकर 5,190.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। इस वर्ष सोना 5,586.20 डॉलर प्रति औंस तक जा चुका है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी 88.04 डॉलर पर खुली और 0.56 डॉलर की तेजी के साथ 87.13 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती नजर आई। इस साल चांदी 121.79 डॉलर के उच्च स्तर को छू चुकी है।

## अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.1 फीसदी रह सकती है जीडीपी ग्रोथः एसबीआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली**। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में देश की सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रह सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने मंगलवार को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रहने का अनुमान जताया है। सरकार ने बेस ईयर 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है, जिसके तहत जीडीपी के नए आंकड़े शुक्रवार, 27 फरवरी को जारी होंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय नए बेस ईयर 2022-23 के आधार पर जीडीपी के आंकड़े जारी करेगा। नया बेस ईयर




डिजिटल कॉमर्स और सर्विस सेक्टर के बढ़ते प्रभाव को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। मंत्रालय की ओर से जीडीपी के पहली अग्रिम अनुमान रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 फीसदी एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं।

## रेवा डायमंड ज्वेलरी का आईपीओ लॉन्च, चार मार्च को हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली**। ज्वेलरी प्रोडक्शन सेक्टर में काम करने वाली कंपनी पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड का 380 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 26 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 27 फरवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि दो मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर चार मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। दोपहर 12 बजे तक कंपनी के इस आईपीओ को सिर्फ 0.05 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 367 रुपये से लेकर 386 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 32 शेयर का है। रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को न्यूनतम एक लॉट यानी 32 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 12,352 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल इनवेस्टर्स इस आईपीओ में अधिकतम 16 लॉट यानी 512 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं,




जिसके लिए उन्हें 1,97,632 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 98,44,559 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसमें एंकर इन्वेस्टर्स के लिए 44.94 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट होराइजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। आईपीओ लॉन्चिंग के एक दिन पहले कल यानि सोमवार को रेवा डायमंड ज्वेलरी ने एंकर इन्वेस्टर्स से 170.58 करोड़ रुपये की राशि जुटाने में सफलता हासिल की। कंपनी ने 16 एंकर इन्वेस्टर्स को 386 रुपये प्रति शेयर के भाव पर कुल 44.19 लाख शेयर आवंटित किए। कंपनी के एंकर बुक में कई बड़े इन्वेस्टर ने अपने रुचि दिखाई है। इनमें टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड ने 40 करोड़ रुपये के निवेश से सबसे अधिक 10.36 लाख शेयर खरीदे हैं। इसी तरह टाइगर स्ट्रेटजीज फंड ने 24 करोड़ रुपये और सेजवन फ्लैगशिप ग्रोथ फंड ने 20 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके अलावा ग्रो म्युचुअल फंड, सिटी ग्रुप ग्लोबल और सोसायटी जनरल जैसे दिग्गज इन्वेस्टर भी कंपनी के एंकर बुक में शामिल हुए हैं। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है।

# रुपया सात पैसे टूटकर 90.96 प्रति डॉलर पर

### घरेलू शेयर बाजारों की खराब शुरुआत से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा

**मुंबई**। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.96 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों की खराब शुरुआत ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला, हालांकि विदेशी निवेशकों के निवेश ने इसे सहारा दिया एवं तेज गिरावट को रोक दिया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर खुला। फिर टूटकर 90.96 प्रति डॉलर पर आ गया जो



पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को पांच पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.89 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.81 पर रहा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।